नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 198 | नई दिल्ली, बुधवार 16 अक्टूबर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

महिला सशक्तिकरण मेरे दिल के बहुत करीब... पेज-12

# महाराष्ट्र व झारखंड विस चुनावों की तारीखों का ऐलान

## महाराष्ट्र में एकल चरण में 20 नवम्बर, झारखंड में 13 और 20 नवम्बर को होंगे चुनाव

- महाराष्ट्र में इस बार 1 लाख 186 पोलिंग बूथ होंगे। वहीं कुल मतदाता 9 करोड़ 63 लाख हैं।
- झारखंड में कुल वोटर्स की संख्या 2 करोड़ 60 लाख वोटर्स हैं जिसमें 1 करोड़ 29 लाख महिला वोटर्स हैं।

### 23 नवंबर को आएंगे नतीजे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव एकल चरण में 20 नवम्बर को और झारखंड में दो चरणों में 13 तथा 20 नवम्बर को कराये जायेंगे जबकि दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवम्बर को होगी और दोनों राज्यों में चुनाव प्रकिया 25 नवंबर को संपन्न होगी।

देश के 15 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की वायनाड संसदीय सीट पर उपचुनाव 13 नवम्बर को होगा। महाराष्ट्र की नांदेड़ संसदीय सीट और उत्तराखंड की केदानाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव 20 नवम्बर को होगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मतदाताओं विशेष रूप से शहरी मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की पुरजोर अपील की। उनके साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधु भी थे। इसी के साथ इन दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है।

श्री कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी की जायेगी और नामांकन 29 अक्टूबर तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को होगी और नाम चार नवम्बर तक वापस लिये जा सकेंगे। राज्य में एक चरण में चुनाव 20 नवम्बर को होगा। राज्य में कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 9.63 करोड़ है, जिनमें 4.97 करोड़ पुरुष और 4.66 करोड़ महिला मतदाता हैं। राज्य में 20-29 आयुवर्ग के मतदाताओं की संख्या 1.85 करोड़ है। वहां इस बार 20.93 लाख मतदाता पहली बार वोट डाल सकेंगे।

राज्य में उभयलिंगी मतदाताओं की संख्या 6031 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 6.36 लाख हैं। 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं की संख्या 12.43 लाख है जिनमें 47776 मतदाता शतायु हैं।

श्री कुमार ने बताया कि आयोग ने महाराष्ट्र में 52789 स्थानों पर कुल 100186 मतदान केन्द्र बनाये है जिनमें 42604 मतदान केन्द्र शहरी इलाकों में हैं।

झारखंड विधानसभा की 81 में से 43 सीटों के लिए पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जायेगी और नामांकन पत्र 25 अक्टूबर तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी जबकि नाम 30 अक्टूबर तक वापस लिये जा सकेंगे। चुनाव 13 नवम्बर को होगा।

राज्य में दूसरे चरण के चुनाव में 38 सीटों के लिए अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी की जायेगी और नामांकन पत्र 29 अक्टूबर तक दायर किये जायेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को होगी जबकि नाम चार नवम्बर तक वापस लिये जा सकेंगे। इस चरण में 20 नवम्बर को मत डाले जायेंगे। दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

झारखंड में कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 2.60 करोड़ से अधिक है जिनमें करीब 1.29 करोड़ महिला और 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। इनमें 11.84 लाख मतदाता 18 से 20 आयुवर्ग के तथा करीब 1.14 लाख 85 वर्ष से अधिक के हैं। उभयलिंगी मतदाताओं की संख्या 444 तथा 3.60 लाख मतदाता दिव्यांग हैं। झारखंड में 29563 मतदान केन्द्र बनाये जायेंगे। महाराष्ट्र की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर 2024 को और झारखंड विधानसभा का कार्यकाल एक जनवरी, 2025 को समाप्त हो रहा है।

श्री कुमार ने कहा कि 15 राज्यों की 48 विधानसभा और दो राज्यों में लोकसभा की दो सीटों के उपचुनाव भी इन विधानसभा चुनाव के साथ संपन्न कराये जायेंगे। केरल की वायनाड संसदीय सीट और 47 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 13 नवम्बर को झारखंड विधानसभा के पहले चरण के साथ ही 13 नवम्बर को कराये जायेंगे।

इसके अलावा महाराष्ट्र की नांदेड़ संसदीय सीट और एक अन्य विधानसभा सीट का उपचुनाव महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के साथ 20 नवम्बर को कराया जायेगा।

श्री कुमार ने हाल में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में संपन्न चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की भागीदारी में कमी पर खेद जताते हुए अपील की कि सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़ चढ़कर भाग लें।

### एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन जरूरी, ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित : चुनाव आयोग

चुनाव आयोग ने कहा है कि एक्जिट ोल र आत्मचिंतन तथा जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत है और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर जो सवाल उठते हैं वे आधारहीन हैं और ईवीएम ूरी तरह से सुरक्षित है।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का एलान करते हुए मंगलवार को यहां निर्वाचन सदन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक्जिट ोल का कोई मतलब नहीं है और मतगणना के दिन जो रुझान मतगणना आरंभ होने के साथ ही आने शुरू होते हैं वे एक्जिट ोल को सही ठहराने का ्रयास है। उनका कहना था कि हाल के चुनाव में जो रुझान टीवी चैनलों ने शुरू में दिये वे ूरी तरह से आधारहीन थे। उन्होंने कहा कि जब आयोग की वेबसाइट र साढ़े नौ बजे हला रुझान दिया जाता है तो टीवी चैनल मतगणना शुरू होने के 10-15 मिनट के भीतर ही कैसे रुझान देना शुरू करते हैं। बाद में वे रुझान भी एक्जिट ोल की तरह ही गलत साबित होते हैं। हो सकता है कि संवाददाता मतदान केंद्र के आस ास खबरें जुटाते हों लेकिन उनकी खबरें जल्द ही एकदम उलट कैसे जाती हैं इसका मतलब है कि चैनल ऐसा करके सिर्फ अ ने एक्जिट ोल को सही ठहराने का ्रयास करते हैं। आयोग ने कहा कि एक्जिट ोल के लिए आत्मचिंतन की जरूरत है। हो सकता है कि एक्जिट ोल देने वाली एजेंसियों के लोग हों लेकिन इसके रिणाम देने से हले यह सोचने की जरूरत है कि कहीं रिणाम गलत निकल गये तो फिर नैतिकता का क्या होगा। इस बारे में चिंतन करने की जरूरत है। ईवीएम से संबंधित सवाल र उन्होंने कहा कि इसमें कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। ईवीएम की तुलना ेजर से करने र उन्होंने कहा कि ईवीएम कहीं भी ेजर की तरह बाहर कनेक्टेड नहीं होता है। ईवीएम से किसी भी स्तर र छेड़छाड नहीं की जा सकती है और इसको लेकर किसी भी तरह से

### कांग्रेस ने प्रियंका को वायनाड से दिया लोकसभा का टिकट



कांग्रेस ने ार्टी महासचिव ्रियंका गांधी वाड्रा को केरल की वायनाड लोकसभा सीट र हो रहे उ चुनाव के लिए मैदान में उतारा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगो ाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने श्रीमती वाड्रा को वायनाड सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने को मंजूरी दी है। गौरतलब है कि श्रीमती वाड्रा की वायनाड से चुनाव लड़ने की चर्चा लोकसभा में वि क्ष की नेता राहुल गांधी ने इस सीट से इस्तीफा देने के बाद से ही चल रही थी। श्री गांधी रायबरेली और वायनाड से चुनाव लड़े थे और दोनों जगह से चुनाव जीतने की बाद उन्होंने उत्तर ्रदेश में अ ने रिवार के रं रागत लोकसभा क्षेत्र रायबरेली का ्रतिनिधित्व करने का निर्णय लिया। इस सीट से श्रीमती सोनिया गांधी चुनाव लड़ती रही हैं लेकिन 2024 के आम चुनाव में उन्होंने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया जिसके बाद श्री गांधी इस सीट से चुनाव लड़े और लोकसभा में हुंचे।

### यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 13 नवंबर को

लखनऊ। उत्तर ्रदेश में बहु्रतीक्षित नौ विधानसभा सीटों र उ चुनाव का ऐलान निर्वाचन आयोग ने कर दिया है। अयोध्या की मिल्की ुर विधानसभा को छोड़ कर अन्य नौ सीटों र 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे जबकि चुनाव रिणाम 23 नवंबर को घोषित होंगे। सूबे में अ र मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि मीरा ुर (मुजफ्फरनगर), कुन्दरकी (मुरादाबाद), गाजियाबाद (गाजियाबाद), खैर (अजा) (अलीगढ़), करहल (मैन ुरी), सीसामऊ (कान ुर नगर),फूल ुर (्रयागराज),कटेहरी (अम्बेडकर नगर) एवं मझवां (मिर्जा ुर) विधान सभा क्षेत्रों के उ चुनाव की अधिसूचना 18 अक्टूबर यानी शुक्रवार को जारी की जायेगी जबकि नामांकन की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर तय की गयी है। उन्होने बताया कि नामांकन त्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी जबकि नाम वा सी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। मतदान 13 नवम्बर को तथा मतगणना 23 नवम्बर को की जायेगी। निर्वाचन आयोग ने समाजवादी ार्टी (स ा) के अवधेश ्रसाद के लोकसभा चुनाव में निर्वाचित होने से रिक्त हुयी अयोध्या जिले की मिल्की ुर विधानसभा सीट र उ चुनाव की घोषणा फिलहाल टाल दी है। सूत्रों के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इस सीट को लेकर 2022 में दायर वाद के कारण चुनाव आयोग ने मिल्की ुर सीट र उ चुनाव की तारीख घोषित नहीं की है। 2027 के विधानसभा चुनाव से हले हो रहा यह उ चुनाव सभी दलों के लिये जनता की नब्ज भां ने का मौका साबित हो सकता है। सीसामऊ विधानसभा सीट स ा के ूर्व विधायक इरफान सोलंकी को सजा मिलने के कारण रिक्त हुयी है जबकि अन्य नौ सीटें लोकसभा चुनाव में जन्रतिनिधियों के विधायक से सांसद बनने के कारण रिक्त हुयी हैं। गाजियाबाद सदर विधानसभा सीट भारतीय जनता ार्टी (भाज ा) के अतुल गर्ग के सांसद बनने के कारण खाली हुयी है वहीं मुजफ्फरनगर की मीरा ुर सीट र उ चुनाव राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के चंदन चौहान के सांसद बनने के कारण रिक्त हुयी है। फूल ुर सीट र 2022 में भाज ा ने रचम लहराया था मगर ्रवीण टेल के लोकसभा में चुने जाने के कारण यहां उ चुनाव कराना ड़ रहा है।

## एक नजर

### भारत ने कनाडा के दावे को खारिज किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने कनाडा के उस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में विश्वसनीय साक्ष्य भारत सरकार के साथ साझा किए गए हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कल ओटावा में हुए संवाददाता सम्मेलन के बारे में यहां सूत्रों ने कहा, "कल कनाडाई प्रधानमंत्री श्री ट्रूडो की प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'वही पुराने ट्रूडो उन्हीं पुराने कारणों से वही पुरानी बातें कह रहे थे।

सूत्रों के अनुसार सभी कनाडाई अधिकारियों का केंद्रीय दावा यह है कि निज्जर मामले में भारत को विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। यह बात उनके उच्चायोग प्रभारी द्वारा मीडिया को भी दोहराई गई। जबकि यह बिल्कुल भी सही नहीं है।

सूत्रों ने कहा कि शुरू से ही कनाडा का रुख अस्पष्ट आरोप लगाने और इनकार का बोझ भारत पर डालने का रहा है। संवाददाता सम्मेलन में, कुछ व्यक्तियों के भारत से संबंध के बारे में दावे किए गए। लेकिन किसी भी मामले में कोई विशेष विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। लोगों को जवाबदेह बनाने की भी बात हुई लेकिन यह कभी स्पष्ट नहीं किया गया कि कौन और किसके लिए।

### चिदंबरम ने सूचना आयुक्तों की रिक्तियों को लेकर सवाल उठाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने केंद्रीय सूचना आयोग में 'आठ सूचना आयुक्तों के पद खाली होने' को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि ये नियुक्तियां नहीं करने का मकसद सूचना का आधिकार कानून को आघात पहुंचाना है। चिदंबरम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आरटीआई अधिनियम के तहत केंद्रीय सूचना आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त और 10 सूचना आयुक्त होने चाहिए। वर्तमान में, केवल सीआईसी और दो सूचना आयुक्त हैं। सूचना आयुक्त के 8 पद खाली हैं। क्यों? उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा इसलिए है क्योंकि आरटीआई अधिनियम का इस्तेमाल सरकार से जुड़ी सूचनाओं को सामने लाने और सरकार को जवाबदेह ठहराने के लिए किया जाता रहा है। पूर्व गृह मंत्री ने कहा, सरकार ने आरटीआई अधिनियम में संशोधन किया है और सूचना आयुक्तों की सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले नियमों को बदल दिया है। यह सब आरटीआई अधिनियम की भूमिका को कमजोर करने के इरादे से किया गया है।

## मोदी ने किया इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 का उद्घाटन




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) की ओर से आयोजित किए जाने वाली विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) का उद्घाटन किया।

इसके अलावा पीएम ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के आठवें संस्करण का भी उद्घाटन किया। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में कई लेटेस्ट इनोवेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और 6जी डेवलपमेंट के अपडेट आदि की जानकारी मिलेगी। इस दौरान टेलीकॉम स्टेकहोल्डर्स भी मौजूद थे।

डब्ल्यूटीएसए दुनिया भर के दूरसंचार मानकों को तय करने वाली एक महत्वपूर्ण बैठक है। यह अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के मुख्य सम्मेलनों में से एक है, जिसे हर चार साल में आयोजित किया जाता है। भारत और एशिया-प्रशांत में पहली बार आईटीयू-डब्ल्यूटीएसए का आयोजन किया जा रहा है। यह एक महत्वपूर्ण वैश्विक कार्यक्रम है जो 190 से अधिक देशों के 3,000 से अधिक उद्योग जगत के नेताओं, नीति-निमार्ताओं और तकनीकी विशेषज्ञों को एक मंच पर एकत्रित करने जा रहा है।

डब्ल्यूटीएसए 2024 देशों को 6जी, एआई, आईओटी, बिग डेटा, साइबर सुरक्षा आदि जैसी अगली पीढ़ी की महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मानकों के भविष्य पर चर्चा करने और निर्णय लेने के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है।

## पंजाब पंचायत चुनावों पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब में चल रहे ग्राम पंचायत चुनावों पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार करते हुए कहा कि मतदान के दिन (15 अक्टूबर) चुनाव पर रोक लगाने से 'अराजकता' पैदा हो जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पादीर्वाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनाव रोकने से संबंधित कोई अंतरिम आदेश पारित कराने से इनकार किया, लेकिन पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था।

पीठ ने लोकतंत्र में चुनावों के महत्व को रेखांकित किया और कहा, अगर अदालतें मतदान के दिन चुनाव पर रोक लगाना शुरू कर दे तो 'अराजकता' उत्पन्न हो जाये। पंजाब में ग्राम पंचायत चुनाव आज सुबह आठ बजे से (15 अक्टूबर) चल रहे हैं। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने पंचायत चुनाव रद्द करने की मांग वाली लगभग 1,000 याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

याचिकाकताओं ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिसने नामांकन प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली कई याचिकाओं को खारिज करके पंजाब में पंचायत चुनाव का रास्ता साफ कर दिया। अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिका पर एक वकील ने पंजाब ग्राम पंचायत चुनाव से संबंधित उस मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध शीर्ष अदालत से किया। वकील ने अदालत से सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया था। शीर्ष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगी, लेकिन चुनाव पर रोक नहीं लगाएगी।

पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, हम चुनावों को महत्व देते हैं?। आपके पास चुनाव याचिकाओं में उपाय हैं...हम रोक नहीं लगाएंगे, खासकर तब जब चुनाव शुरू हो चुके हैं।

पीठ ने वकील से आगे कहा, मतदान शुरू होने के बाद क्या आपको पता है कि आप जो मांग कर रहे हैं, उसकी गंभीरता क्या है? कल कोई कहेगा कि मतदान शुरू होने के बाद संसदीय चुनाव या राज्य विधानसभा चुनाव पर रोक लगा दी जाए, क्या आप इसके परिणामों की कल्पना कर सकते हैं। इस पर एक अन्य वकील ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का हवाला दिया, हालांकि शीर्ष अदालत ने कहा कि वह मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा, लेकिन यह स्पष्ट किया कि वह अभी अंतरिम आदेश पारित नहीं करेगा।

## नीतीश खुद लिख रहे हैं अपनी पार्टी की 'द एंड' स्क्रिप्ट !

### सियासी यक्ष प्रश्न से जूझ रहे जदयू नेता

**दीपक कुमार तिवारी**



**पटना।** राजनीति की अंतिम पारी खेल रहे राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार क्या खुद अपनी पार्टी के स्थायित्व के प्रति गंभीर नहीं है? क्या अपने बाद अपनी पार्टी की नामो निशान मिटाने वाली कहानी नीतीश कुमार खुद लिख रहे है? बिहार की राजनीति में ये सवाल इन दिनों बहुत मौजू हो चुके हैं। सवाल यह उठने लगा है कि जेडीयू के भीतर जिस तरह से अंतर्कलह हावी है, वैसे में सबको साथ लेकर चलने का दायित्व कौन संभालेगा?

शुरूआत से जेडीयू के भीतर दो धड़ा काफी सक्रिय रहा है। एक धड़ा जो राजद के वोट बैंक के साथ राजनीति करने में सहज महसूस करता है, तो दूसरा बीजेपी के वोट बैंक के साथ सहज महसूस करता है।। यह एक खास वजह है कि नीतीश कुमार ने राजद नीत महागठबंधन के साथ दो बार सरकार बनाई। शेष वर्ष बीजेपी के साथ सरकार बनाई। इस खास समय में जेडीयू के भीतर मजबूत दो धड़े अपनी छाप नीतीश कुमार पर छोड़ते नजर आए। फिर महागठबंधन से एनडीए और एनडीए से महागठबंधन की ओर ले जाने में वही मजबूत धड़े ले जाते रहे।

उम्र के जिस पड़ाव पर नीतीश कुमार पहुंच चुके हैं। जेडीयू के साथ कोई लंबी पारी खेल पाएंगे। सवालों के घेरे में है। अगर उनके वक्तव्य को याद करें तो जब वे महागठबंधन में थे तो वे स्वयं तेजस्वी यादव की तरफ इशारा करते कहते थे कि आगे की कमान तो ये (तेजस्वी यादव) संभालेंगे। वैसे भी उम्र के इस पड़ाव पर उनके व्यवहार में भी अंतर आया है। कभी झुंझला जाना, कभी माफी मांग लेना तो कभी पैर पकड़ने तक की बात करना भी कहीं न कहीं इनके राजनीतिक अवकाश लेने की स्थिति को ही दशार्ता है।

जेडीयू की तरफ से लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड की तरह भारत रत्न देने की मांग कही नीतीश कुमार के रिटायरमेंट की तरफ तो नहीं जाता है? यह प्रश्न भी राजनीतिक गलियारों में उठने लगे हैं। पार्टी की भीतरी राजनीति की एक बानगी है कि पार्टी के भीतर सेकंड लाइनर की भूमिका बदलती रही है। प्रारंभ के दिनों में राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह की भूमिका सेकंड लाइनर के रूप में दिखी। लेकिन इन्हें इस भूमिका से किनारे कराया आरसीपी सिंह ने। इसके बाद एक बार फिर ललन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सामने आए और आरसीपी सिंह के जाने के बाद उपेंद्र कुशवाहा डैमेज कंट्रोल के रूप में लाए गए।

बाद के दिनों में खास भूमिका नहीं मिली तो उपेंद्र कुशवाहा ने पार्टी छोड़ दी और नई पार्टी बना ली। उधर, ललन सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी के भीतर अंतर्कलह बढ़ गए। ललन सिंह पर कई तरह के आरोप लगे। इनमें प्रमुख रूप से पार्टी तोड़ने का भी आरोप लगा। फिर नीतीश कुमार के नजदीकी मंत्री अशोक चौधरी से ललन सिंह की नोक झोंक। और बाद में पार्टी की कमान स्वयं नीतीश कुमार को संभालने के बाद जेडीयू का अंतर्कलह एक बार फिर सामने आया।

जेडीयू की सांगठनिक मजबूती के लिए पूर्व आईएएस पदाधिकारी मनीष वर्मा पर भरोसा किया है। मनीष वर्मा नीतीश कुमार के करीबी रिश्तेदार बताए जाते हैं। राष्ट्रीय महासचिव के पद पर रहते पार्टी के क्रियाकलापों पर नजर रखते पूरे बिहार में संगठन को मजबूती देने के लिए बिहार के भ्रमण पर हैं। बाद में नीतीश कुमार ने दो दलित नेताओं को राष्ट्रीय महासचिव बना कर मनीष वर्मा का काम कुछ आसान कर दिया। श्याम रजक और अशोक चौधरी को भी जिम्मेदारी देकर पावर गेम को विभाजन के रास्ते उतार लाया।

महागठबंधन की सरकार में जब दूसरी बार नीतीश कुमार की भागीदारी हुई तब ये चर्चा राजनीतिक गलियारों में हुई कि पार्टी टूट जाएगी। ऐसे कई विधायक और सांसद थे जिनकी जीत में बीजेपी के आधार वोट की भूमिका थी। वे नीतीश कुमार के इस निर्णय के साथ नहीं थे। विधायिकी जाने के सवाल पर ये मौन थे और चुनाव के करीब होने का इंतजार कर रहे थे। चर्चा ये थी कि जिनकी जीत में राजद का समीकरण काम आएगा वह राजद में चले जाएंगे और जिनकी जीत में बीजेपी के आधार मत का योगदान रहा, वो भाजपा में चले जाएंगे।

# दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए ग्रैप-1 को सख्ती से लागू करेगी दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने को लेकर दिल्ली सरकार ने ग्रैप-1 के नियमों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। इस बाबत मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने बैठक कर मौजूद हालात की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनवरी से 12 अक्टूबर तक 200 दिनों तक दिल्ली की हवा गुड कटेगरी में रही है, लेकिन पिछले दो दिनों से एक्यूआई पुअर कटेगरी में है।

लिहाजा, सोमवार की शाम से ग्रैप-1 के नियम दिल्ली में लागू कर दिए गए हैं। धूल प्रदूषण रोकने के लिए 99 टीमें निर्माण स्थलों का निरीक्षण करेंगी, जबकि पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, एनसीआरटीसी और डीएमआरसी अपने निर्माण स्थलों पर एंटी स्मॉग गन लगाएंगी। पीडब्ल्यूडी, एमसीडी समेत सभी विभाग सड़कों की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर पूरा करेंगे। सीएम ने दिल्ली की जनता से कार पूलिंग, पटाखे व कूड़ा न जलाने और प्रदूषण की सूचना ग्रीन दिल्ली एप पर देने की अपील की है।

दिल्ली सचिवालय में समीक्षा बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ प्रेसवार्ता कर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि एक्यूआई बढ़ने के कारण सोमवार शाम से दिल्ली में ग्रैप-1 को लागू किया गया है। इस संबंध में मंगलवार को मैंने पर्यावरण मंत्री गोपाल राय और दिल्ली सरकार के संबंधित सभी विभागों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा मीटिंग की। बैठक में पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, दिल्ली मेट्रो, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, एनएचएआई, बिजली विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे। बैठक में ग्रैप-1 के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। आतिशी ने कहा कि 13 अक्टूबर को एयर क्वालिटी इंडेक्स 224 के स्तर पर पहुंच गया और 14 अक्टूबर को यह 234 पर पहुंच गया। यानी की पिछले 2 दिन से हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई है। आतिशी ने आगे कहा कि ग्रैप-1 के कार्यान्वयन में एक महत्वपूर्ण हिस्सा निर्माण साइटों पर धूल की रोकथाम है। इस बाबत डीपीसीसी की 33 टीमें, राजस्व विभाग की 33 टीमें और उद्योग विभाग की भी 33 टीमें बनाई गई है। यह सभी 99 टीमें रोजाना प्राइवेट और सरकारी निर्माण साइटों का स्थलीय निरीक्षण कर धूल प्रदूषण की रोकथाम के जारी नियमों के पालन का जायजा लेंगी। यह टीमें रोजाना अपने निरीक्षणों की रिपोर्ट ग्रीन वॉर रूम, पर्यावरण मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजेंगी। उन्होंने कहा कि एमसीडी को कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट (सीएनडी वेस्ट) के निपटान को लेकर खास निर्देश दिए गए हैं। सीएनडी वेस्ट भी हवा की गुणवत्ता को खराब करता है। एमसीडी द्वारा सीएनडी वेस्ट को हटाने के लिए दिन में 79 टीमें और रात में 75 टीमें काम करेंगी। साथ ही ओपन बायोमास वेस्ट बर्निंग रोकने के लिए एमसीडी द्वारा दिन में 116 टीमें और रात में भी 116 टीमें तैनात की जाएंगी। ताकि किसी भी प्रकार की ओपन बर्निंग न की जाए। इनके अलावा सड़कों पर मौजूद धूल को उड़ने से रोकने के लिए इस सीजन में एंटी स्मॉग गन तैनात किए जाते हैं। सीएम आतिशी ने कहा कि बैठक में निर्देश दिए गए कि पीडब्ल्यूडी अपनी सड़कों और प्रदूषण के बड़े हॉटस्पॉट्स पर 200 एंटी स्मॉग गन तैनात करे। जबकि डीएमआरसी अपने निर्माण साइटों पर 80, एमसीडी 30 और आरआरटीएस 14 एंटी स्मॉग तैनात करेगा। इस दौरान पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली सरकार पहले से ही प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 21 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान पर काम कर रही है। सरकार ने दिल्ली में ग्रीन वॉर रूम का संचालन शुरू कर दिया है और ग्रीन दिल्ली एप भी लॉन्च किया है। दिल्ली में पराली की घटनाओं को कम करने के लिए बायो डी-कम्पोजर का छिड़काव किया जा रहा है।

चूंकि यह पूवार्नुमान था कि हवा की गति कम होने, बारिश बंद होने और तापमान कम होने पर मौसम के विपरीत होने से प्रदूषण बढ़ने लगता है। इसलिए, एक्यूआई 200 के पार जाने के बाद ग्रैप का पहला चरण लागू किया गया है। इसे और प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए मंगलवार को सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं। गोपाल राय ने कहा कि भाजपा के लोग पंजाब का नाम लेकर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में पराली की घटनाओं को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिससे दिल्ली के लोगों को तकलीफ हो रही है। हमें सबका सहयोग चाहिए। दिल्ली में हमारी सरकार पूरी सक्रियता से मिलकर काम करेगी। इसी तरह भाजपा की सभी सरकारों को भी मिलकर काम करना पड़ेगा, तभी इसका सकारात्मक प्रभाव दिखेगा।

## पॉलिसी रिन्यू कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहदरा जिला साइबर थाना पुलिस टीम ने दो ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार है। जोकि लैप्स हो चुकी पॉलिसी रिन्यू कराने का झांसा देकर वारदात को अंजाम देते थे। पकड़े गए आरोपियों में उमाशंकर और कमल शर्मा उर्फ सोनू है। पुलिस ने इनके पास से दो लाख 90 हजार नकदी, कई बैंकों के पासबुक, कई डेबिट कार्ड, फोन और सिम बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों के घरों में कई बार रेड की, लेकिन वह फरार मिले। पुलिस पता लगा रही है कि गिरोह ने अब तक कितने लोगों को इस तरह से चूना लगाया है। सभी के बैंक अकाउंट भी खंगाले जा रहे, जिससे कुल ट्रांजैक्शन का पता चल सके। शाहदरा जिला डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि शाहदरा साइबर एसएचओ मनीष वर्मा की देखरेख में गठित टीम एसआई विक्रांत चौधरी, हेड कॉन्स्टेबल अजीत, राजेश और सिपाही मनीष को पता चला कि आरोपी ने नैनीताल बैंक से भारी रकम निकाली थी। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस के जरिए 11 अक्टूबर को दबोचा। इससे दो लाख 90 हजार रुपये समेत कई दस्तावेज बरामद किए। इससे नकदी कलेक्ट करने वाले कमल शर्मा उर्फ सोनू को भी पकड़ लिया गया। पूछताछ में उमाशंकर ने बताया कि लगभग एक साल पहले कमल शर्मा ने बैंक अकाउंट प्रोवाइड कराने के लिए कहा था। वह पॉलिसी रिन्यू कराने और जीएसटी के नाम पर ठगी की रकम को उसके बैंक खाते में ट्रांसफर करवाता था। विदड्रॉल रकम में से तीन फीसदी कमिशन देता था। पीड़ित संतोष कुमार राम ने मार्च में पॉलिसी रिन्यूवल के नाम पर 5 लाख 58 हजार रुपये की ठगी की शिकायत की थी। इस रकम में से एक लाख चार हजार रुपये उमा शंकर नाम के शख्स के बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे। पुलिस को बैंक खाते से रजिस्टर फोन नंबर भी मिल गया। इसके जरिए पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई।

## भाजपा ने बैजयंत पांडा को दिल्ली चुनाव प्रभारी बनाया

-गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग होंगे सह चुनाव प्रभारी
-अगले साल फरवरी में होने हैं दिल्ली विधानसभा के चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा के अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा नेतृत्व ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग सह प्रभारी होंगे। ओडिशा से लोकसभा सदस्य पांडा, इससे पहले दिल्ली के संगठन प्रभारी रह चुके हैं और संगठनात्मक जिम्मेदारी संभाल रहे थे। चुनाव प्रभारी के रूप में उनकी नियुक्ति से भाजपा को राष्ट्रीय राजधानी में उनके अनुभव का लाभ मिलने की उम्मीद है। दिल्ली विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में होने की संभावना है। भाजपा के दिल्ली के चुनाव बेहद कठिन माने जाते हैं, क्योंकि वह 1998 से सत्ता से बाहर है। भाजपा व पूर्ववर्ती जनसंघ के गढ़ माने जाने वाले दिल्ली में भाजपा ने 21वीं सदी में लगभग एक चौथाई हिस्सा गुजर जाने के बाद भी अभी तक सरकार बनाने में सफलता नहीं पाई है। दिल्ली को विधानसभा का दर्जा मिलने के बाद भाजपा ने पहली सरकार 1993 में बनाई थी और पांच साल में उसके तीन मुख्यमंत्री रहे, लेकिन इसके बाद वह सत्ता में नहीं आई है। हालांकि, भाजपा लोकसभा की सातों सीटें लगातार तीन बार से जीत रही है। इस बार भाजपा नेतृत्व ने दिल्ली में जीत की पुख्ता तैयारी शुरू कर दी है और उसने तीन महीने पहले ही चुनाव प्रभारी घोषित कर चुनावी कमान अपने हाथ में ले ली है। इस बार भी यहां पर त्रिकोणीय मुकाबला भाजपा, कांग्रेस व आम आदमी पार्टी में होने की संभावना है। तीनों ही दल राष्ट्रीय दल हैं, ऐसे में सभी के लिए यह प्रतिष्ठा के चुनाव होंगे। भाजपा के लिए यह इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वह देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार सफलता हासिल कर रही है। लेकिन, केंद्र में सत्ता में होने के बावजूद वह दिल्ली से दूर बनी हुई है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में सामुदायिक विकास पर संगोष्ठी का आयोजन

### सामुदायिक विकास के भारतीय मॉडल पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज,और के.के.एम. कॉलेज, पाकुड़ के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय मॉडल ऑफ कम्युनिटी डेवेलपमेंट पर एक राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज के प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम ने सामुदायिक विकास के भारतीय मॉडल पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया, जहां विद्वानों, विशेषज्ञों और छात्रों ने मिलकर सामुदायिक विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलगीत के गायन के साथ मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके बाद डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज के प्राचार्य ने सभी को संबोधित किया और कार्यक्रम के संयोजक प्रो. बिष्णु मोहन दास ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य से सभी को अवगत कराया।

कार्यक्रम के सह-अध्यक्ष प्रो. युगल झा ने भी सभा को संबोधित किया। दिल्ली विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय संबंध समिति की अध्यक्ष, प्रो. नीरा अग्निमित्रा ने सभा को संबोधित किया, और कॉलेजों के डीन प्रो. बलराम पाणि ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षा मंडल के राष्ट्रीय संगठन सचिव शंकरानंद बी.आर. जी थे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति, प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। इस सत्र का संचालन प्रो. दीपाली जैन ने किया, जबकि कार्यक्रम के सह-संयोजक कुमार सत्यम ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## दिल्ली पुलिस ने 104 किलो पटाखे जब्त किए, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 104 किलोग्राम पटाखे जब्त किए। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को, बाहरी दिल्ली के सुल्तान पुरी इलाके में एक व्यक्ति द्वारा खाद्य पदार्थों में पटाखे छिपाकर ले जाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने एक मोटरसाइकिल को रोका और चालक मोहम्मद आकिब (24) को पकड़ लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्होंने मोटरसाइकिल पर रखे एक सफेद, प्लास्टिक के बैग की जांच की और खाद्य पदार्थों में छिपा कर रखे गए 10 किलो पटाखे बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि आकिब ने खुलासा किया कि उसने तालिब यूसुफ (46) के गोदाम से पटाखे खरीदे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने यूसुफ को उसके गोदाम से गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से 93 किलोग्राम से अधिक पटाखे जब्त किए गए।

## पंजाब में कम, भाजपा शासित राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा हुई हैं : दिल्ली सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने मंगलवार को सभी विभागों, पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें जाड़े से पहले राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण को नियंत्रित करने पर मंथन हुआ और अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा है कि एक तरफ जहां पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं कम हुई हैं। वहीं, भाजपा शासित राज्यों में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इस पर अन्य राज्यों को बैठक करके ग्रेप के नियमों को लागू करना चाहिए।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बैठक के बाद कहा है कि दिल्ली में इस बार अब तक 200 दिन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अच्छा रहा है। लेकिन, पिछले दो दिन से प्रदूषण बढ़ा है। अभी एक्यूआई खराब श्रेणी में है और सोमवार से ही ग्रेप-1 लागू हो गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को इसी संबंध में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय और तमाम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें तय हुआ है कि 99 टीमें बनाई जाएंगी, जो दिल्ली में निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर हर रोज रिपोर्ट देंगी। एमसीडी को निर्माण कार्य से जुड़ा मलबा हटाने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए 154 टीमें काम करेंगी। वहीं, खुले में बायोमास वेस्ट जलाने से रोकने के लिए 232 टीमें तैनात की जाएंगी। आतिशी ने कहा है कि सड़कों पर धूल के प्रदूषण को रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी सड़कों को युद्धस्तर पर ठीक कर रहा है। इसके अलावा एमसीडी समेत अन्य सभी विभागों को भी उनके अधिकार क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत कराने को कहा गया है।

पीडब्ल्यूडी 200, एमसीडी 30, एनसीआरटीसी 14 और डीएमआरसी 80 एंटी स्मॉग गन प्रदूषण रोकने के लिए लगाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया गया है कि ट्रैफिक जाम वाले स्थानों की पहचान करके वहां अतिरिक्त बल की तैनाती करे। अगर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को दिल्ली सरकार के होम गार्ड के जवानों की जरूरत है तो वह बुधवार तक जानकारी दे। उन्होंने दिल्ली के लोगों से प्रदूषण रोकने में साथ की मांग की। उन्होंने कहा कि लोग जहां भी प्रदूषण होता देखें, तुरंत ही ग्रीन दिल्ली ऐप पर उसकी रिपोर्ट करें जिससे तुरंत एक्शन लिया जा सके। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली के पड़ोसी सभी भाजपा शासित राज्यों से प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जल्द बैठक करने और अपने यहां ग्रेप के नियमों को लागू करने की अपील की। जहां पंजाब में पराली जलाए जाने की घटनाएं कम हो रही हैं, वहीं भाजपा शासित दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

प्रदूषण कम करने के लिए दिल्ली सरकार 21 सूत्री विंटर एक्शन प्लान पर काम कर रही है। दिल्ली के अंदर केवल दिल्ली का प्रदूषण नहीं है। दिल्ली वालों को पड़ोसी राज्यों से आने वाले प्रदूषण की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दिल्ली में प्रदूषण को रोकने के लिए समस्त एनसीआर में ग्रेप के नियमों का सख्ती से पालन कराने की जरूरत है।

## कोचिंग सेंटर में छात्रों की मौत के मामले में 6 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में स्थित राव आईएएस स्टडी सर्कल में एक भयानक जलसैलाब के कारण तीन छात्रों की जान जाने के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राउज एवेन्यू कोर्ट में छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इसके तहत परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, सरबजीत सिंह, कोचिंग के सीईओ अभिषेक गुप्ता और कोआर्डिनेटर देशपाल सिंह को आरोपी बनाया गया है। घटना 27 जुलाई 2024 को घटित हुई जब राव आईएएस स्टडी सर्कल के बेसमेंट में स्थित लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे यूपीएससी की तैयारी कर रहे तीन छात्र अचानक जलसैलाब में फंस गए।

जब तक उन्हें बचाने की कोशिश की गई, तब तक उनकी मौत हो गई। यह घटना न केवल छात्रों के परिवारों के लिए एक अपूरणीय क्षति थी, बल्कि पूरे देश में शिक्षा संस्थानों की सुरक्षा पर सवाल उठाने वाला मुद्दा बन गई।

## कोलकाता के डॉक्टरों के समर्थन में आईएमए की भूख हड़ताल, दिल्ली में सेवा जारी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर की हत्या और रेप के मामले में न्याय की मांग को लेकर पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन के समर्थन में भारतीय मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जूनियर डॉक्टर नेटवर्क ने 12 घंटे की भूख हड़ताल का आह्वान किया था। हालांकि, दिल्ली के अस्पतालों में जूनियर डॉक्टरों की ओर से किसी प्रकार की हड़ताल देखने को नहीं मिली। अस्पतालों में सभी सेवाएं सुचारू रूप से जारी रहीं, जिससे मरीजों को इलाज में कोई कठिनाई नहीं हुई। दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में प्रतिदिन की तरह बड़ी संख्या में मरीज ओपीडी में पहुंचे, और चिकित्सकों ने सभी मरीजों की देखभाल की। दिल्ली एम्स में भी स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया, वहां भी डॉक्टर अपने ड्यूटी पर मौजूद रहे। एम्स रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर इंद्रशेखर ने कहा कि वे कोलकाता के डॉक्टरों के साथ खड़े हैं और उनकी मांगों का समर्थन करते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही बैठक करेंगे, ताकि यह तय किया जा सकेगा कि किस तरह से आंदोलन को समर्थन दिया जाए। दिल्ली सरकार के विभिन्न अस्पतालों जैसे जीटीबी, आरएमएल, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, जीबी पंत, गुरु नानक आई केयर, लाल बहादुर शास्त्री और स्वामी दयानंद अस्पताल में भी डॉक्टरों की हड़ताल का कोई असर नहीं देखा गया।

इस स्थिति के कारण मरीजों को अस्पतालों में इलाज कराने में कोई परेशानी नहीं हुई। दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन (डीएमए) ने भी पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में आईटीओ स्थित आईएमए हेडक्वार्टर पर चार घंटे का धरना दिया।

## एक नजर

### रिश्वत लेने के आरोपी सिपाही की जमानत मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोप में दिल्ली पुलिस के सिपाही को जमानत दे दी है। मामला पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद के दर्ज न करने को लेकर परिजनों से रिश्वत लेने से जुड़ा है। अदालत ने जमानत की कुछ शर्तें भी लगाई हैं। इसमें आरोपी वर्तमान मामले के गवाहों को प्रभावित नहीं करेगा। साथ ही, उनके संपर्क में नहीं आएगा। इसके अलावा मामले में संबंधित जांच अधिकारी के बुलाने पर जांच में शामिल होना होगा। विशेष न्यायाधीश जगदीश कुमार ने 50 हजार के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की एक जमानत पर आरोपी अमित को जमानत दी। इसके अलावा अदालत ने कहा कि अगर आरोपी के पास पासपोर्ट है तो उसे वो अदालत में जमा कराएं। यही नहीं, वह बिना अनुमति के देश छोड़कर नहीं जा सकता है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव में केजरीवाल के सामने होंगे डॉ. मुनीष रायजादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय लिबरल पार्टी (बीएलपी) अध्यक्ष डॉ. मुनीश कुमार रायजादा ने दिल्ली विधानसभा के आगामी चुनाव में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आआपा) संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनौती देने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा है कि केजरीवाल दिल्ली में जहां से भी मैदान में होंगे, वह वहीं से चुनाव लड़ेंगे। डॉ. रायजादा ने बताया कि उन्होंने नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र (एसी -40) में चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है, क्योंकि केजरीवाल वर्तमान में इसी क्षेत्र से विधायक हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीधी लड़ाई भ्रष्ट लोगों को सत्ता से बाहर करने के बीएलपी के संकल्प का आगाज है। उल्लेखनीय है कि डॉ. रायजादा यूएसए से लौटे हैं। वह अन्ना आंदोलन के शुरूआती स्वयंसेवकों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल दिल्ली राज्य की दयनीय स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं। डॉ. रायजादा ने कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो सबसे पहले भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए एंटी करप्शन कमीशन का गठन करेगी। यह आयोग न केवल भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करेगा, बल्कि राजनीति में पारदर्शिता और सच्चाई की नींव को मजबूत करेगा।

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में लगातार तीसरे दिन मंगलवार को वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज किए जाने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के पहले चरण के तहत प्रतिबंध लागू हो गए हैं। सर्दियों में विशेष प्रदूषण रोधी उपायों के अंतर्गत ग्रैप के पहले चरण के तहत प्रतिबंध का उद्देश्य निर्माण स्थलों पर धूल को कम करना, उचित अपशिष्ट प्रबंधन और सड़कों की नियमित सफाई के माध्यम से प्रदूषण को नियंत्रित करना है। ग्रैप एक के पहले चरण में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की सख्त जांच, बेहतर यातायात प्रबंधन और उद्योगों, बिजली संयंत्रों और ईंट भट्टों में उत्सर्जन नियंत्रण को अनिवार्य बनाया गया है। ग्रैप के पहले चरण के अंतर्गत कचरे को खुले में जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, डीजल जेनरेटर के उपयोग को सीमित किया गया है तथा भोजनालयों में कोयले या लकड़ी के उपयोग पर रोक लगाई गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार को 207 दर्ज किया गया और लगातार तीसरे दिन वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। दशहरा के बाद शहर का एक्यूआई खराब श्रेणी में पहुंच गया है।

### विजेंद्र गुप्ता ने विजिलेंस कमिश्नर को लिखा पत्र, मुख्यमंत्री आवास में अवैध निर्माण का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजेंद्र गुप्ता ने विजिलेंस कमिश्नर को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने आम आदमी पार्टी(आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर मुख्यमंत्री आवास में अवैध निर्माण का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण में नियमों का पालन नहीं किया गया।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस पूरे मामले की जल्द से जल्द जांच की जानी चाहिए।गुप्ता ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर कई नियमों का उल्लंघन किया गया है, जिनमें अनधिकृत तोड़फोड़ के साथ -साथ सरकारी संपत्तियों की बबार्दी भी की गई है। साथ ही वहां अन्य भवनों का निर्माण किया गया है। इन सभी कार्यों में पर्यावरण को भी क्षति पहुंची है। विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया है कि 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित आवास पर अवैध रूप से वी टाइप के 8 फ्लैटस और दो बंगलों को तोड़ दिया गया। इसके अलावा, वहां 8 एकड़ में कॉम्प्लेक्स बनाया गया है। जिसमें कई नियमों का पालन नहीं किया गया है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शीश महल केजरीवाल की बेईमानी का सबसे बड़ा उदाहरण है। यह सब कुछ नियमों और कानूनों को ताक पर रखकर किया गया। उन्होंने इस मामले को लेकर विजिलेंस कमिश्नर (सीवीसी) को पत्र लिखा है और शीशमहल में हुए अवैध निर्माण की जांच कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन को अभी राहत नही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर फैसला टाल दिया है। जज राकेश स्याल के उपलब्ध नहीं होने की वजह से जमानत याचिका पर फैसला टला है। आज दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर फैसला आना था। कोर्ट ने 5 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सत्येंद्र जैन ने दिल्ली हाईकोर्ट में ट्रायल कोर्ट की ओर से समन जारी करने के आदेश को चुनौती दी है। सत्येन्द्र जैन की याचिका पर 25 जुलाई को हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया था। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील विवेक गुरनानी ने इस मामले में ईडी को नोटिस करने का विरोध करते हुए कहा था कि सत्येंद्र जैन को जुलाई 2022 में ही समन जारी किया गया था, लेकिन जब ईडी उनके डिफॉल्ट जमानत का विरोध कर रही है तब उन्होंने ये याचिका दायर किया है। ईडी की दलीलों को दरकिनार करते हुए हाईकोर्ट ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने कहा था कि वे सभी सवालों का जवाब बहस के दौरान देंगे।

### सोमनाथ भारती की याचिका पर उच्चतम न्यायालय का उप्र सरकार को फिर से नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नया नोटिस जारी किया, जिसमें राज्य में अस्पतालों और स्कूलों की स्थिति पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज मामले को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। भारती के खिलाफ मामला सुल्तानपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित है। उन्होंने मामले को यहां राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इस मामले में शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की। शीर्ष अदालत ने पिछले साल तीन जुलाई को भारती के खिलाफ सुल्तानपुर अदालत में लंबित कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। पिछले साल 10 अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर भारती द्वारा मामले को स्थानांतरित करने के अनुरोध वाली याचिका के संदर्भ में कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी थी।

# 58वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला: ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे में ईपीसीएच द्वारा आयोजित

**ऋषि तिवारी**

**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली एनसीआर में मंगलवार को 58वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला 16 से 20 अक्टूबर 2024 तक इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे में हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस संस्करण में 16 बड़े हॉल में 3000+ प्रदर्शकों की बारीकी से व्यवस्थित लेआउट का दावा किया जा रहा है, इनमें से 14, अहम डिस्प्ले सेगमेंट को समर्पित हैं, जिसमें हाउसवेयर, होम फर्नीशिंग, फर्नीचर, गिफ्ट एवं डेकोर, लैंप एवं लाइटिंग, क्रिसमस एवं फेस्टिव डेकोर, फैशन जूलरी एवं एक्सेसरीज, स्पा एवं वेलनेस प्रॉडक्ट, कारपेट एवं रग्स, बाथरूम एक्सेसरीज, गार्डेन एक्सेसरीज, एजुकेशनल टॉयज और गेम्स, हस्तनिर्मित कागज उत्पाद और स्टेशनरी, तथा चमड़े के बैग शामिल हैं। यहां आने वालों आगंतुक, हॉल में प्रदर्शक बूथों के अलावा इंडिया एक्सपो सेंटर की विभिन्न मंजिलों पर स्थित प्रमुख निर्यातकों के 900 मार्ट/स्थायी शो रूम में भी जा सकेंगे। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के अध्यक्ष दिलीप बैद ने इस अवसर पर साझा किया, दुनिया के सबसे बड़े सोर्सिंग आयोजनों में से एक, आईएचजीएफ दिल्ली मेला आयातकों, खरीदारों और खुदरा विक्रेताओं को भारत के बेहतरीन हस्तशिल्प को प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। इसकी अंतरराष्ट्रीय पहुंच, उद्यमियों, निर्यातकों और कारीगरों को जोड़ने की क्षमता के साथ मिलकर, भारतीय उत्पादों की विशिष्टता, गुणवत्ता, डिजाइन और मार्केटिंग क्षमता विदेशी खरीदारों में इनके प्रति विश्वास बढ़ाती है। प्रत्येक संस्करण नए खरीदार कनेक्शन के माध्यम से नई व्यावसायिक संभावनाओं को उजागर करता है, जबकि इसके माध्यम से आयोजन में आने वाले खरीदारों को प्रत्येक वर्ष विस्तारित उत्पाद चयन की पेशकश की जाती है। यह कार्यक्रम भारतीय हस्तशिल्प क्षेत्र की भविष्य की तैयारी की दिशा में चल रही यात्रा पर प्रकाश डालता है, जो गतिशील और महत्वाकांक्षी निमार्ताओं द्वारा संचालित है। जो क्षमताओं को बढ़ाने, वैश्विक मानकों का पालन करने और स्थिरता को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इनका वर्गीकरण अद्वितीय डिजाइनों को रचनात्मकता के साथ मिश्रित करता है, ऐसे उत्पाद पेश किए जाते जो कल्पना को जगाते हैं और अपनापन एवं पृथक होने की भावना के साथ घर के सौंदर्य को चार चांद लगाते हैं। प्रदर्शनों में विशिष्ट, अनूठी वस्तुएं हैं जो शिल्प कौशल, परंपरा और नवीनता का सार प्रस्तुत करती हैं। इस अद्वितीय मंच के माध्यम से हस्तशिल्प और कला के ऐसे खजाने उपलब्ध कराए गये हैं जो देश की समृद्ध विरासत को दशार्ने के साथ ही विश्व स्तर पर समकालीन हैं।" ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में चीफ मेंटर और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा, भारतीय उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग यह सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है कि भारतीय शिल्प कौशल दुनिया भर के घरों में अपनी जगह बना सके। होम डेकोर, लाइफस्टाइल, फैशन, फर्निशिंग और फर्नीचर के क्षेत्र में, आईएचजीएफ दिल्ली मेला एक गतिशील मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो नए उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से परिचित कराता है, जबकि खरीदारों को उभरते आपूर्तिकताओं से नए उत्पादों और विचारों की खोज करने की सुविधा देता है। कुशल कार्यबल और प्रचुर कच्चे माल द्वारा समर्थित भारत का हस्तशिल्प क्षेत्र निर्यातकों को इनोवेशन और कस्टमाइजेशन की स्वतंत्रता प्रदान करता है। ईपीसीएच द्वारा समर्पित और समर्थित डिजाइन, पूवार्नुमान और बाजार विश्लेषण प्रदर्शकों को बोल्ड और विशिष्ट उत्पादों को प्रदान करने का अवसर और शक्ति देते हैं, जिससे खरीदारों के लिए असीमित अवसर पैदा होते हैं। आईएचजीएफ दिल्ली मेला-ऑटम 2024, स्वागत समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार अग्रवाल ने बताया, प्रदर्शकों में जाने माने और पुरस्कृत शिल्पकारों ने एक थीम पर आधारित व्यवस्था की है, जो विरासत कौशल और क्षेत्रीय बारीकियों की समृद्धि को प्रमुखता से प्रदर्शित करेंगे।

राष्ट्रीय सम्मान से नवाजे गए विशिष्ट कारीगर अपनी असाधारण शिल्प कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उनकी भागीदारी यह सुनिश्चित करती है कि यह कार्यक्रम प्रमाणिक, क्षेत्र-विशेष की कारीगर कार्यों से संपन्न है, जो उन विभिन्न सांस्कृतिक विरासत को दशार्ता है जिसका वे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।




# नौकरियों की जगह युवाओं को नशा मिला है

## विदेश से काला धन आने की जगह भारी मात्रा में ड्रग्स आई है: उदय भानु चिब



**ऋषि तिवारी**

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उदय भानु चिब जी ने आज "नौकरी दो, नशा नहीं" कैंपेन के संबंध में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया और कैंपेन से जुड़ा पोस्टर लॉन्च किया, एआईसीसी मुख्यालय, दिल्ली में। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के पिछले 10 साल में देश के युवाओं को सिर्फ धोखा मिला है, पीएम मोदी का वादा था हर साल 2 करोड़ नौकरियां देंगे, विदेशों से काला धान वापस लाएंगे, क्या हुआ उस वादे का? नौकरियों की जगह युवाओं को नशा मिला है, विदेश से काला धन आने की जगह भारी मात्रा में ड्रग्स आई है। इस धोखे के खिलाफ यूथ कांग्रेस 16 अक्टूबर से एक देशव्यापी मुहिम का आगाज कर रहा है, इसका उद्देश्य है- "नौकरी दो, नशा नहीं"। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि यह देशव्यापी मुहिम नौकरी दो, नशा नहीं की शुरूवात कल दिल्ली से होगी।

इसके बाद ये कार्यक्रम देश भर में हर प्रदेश स्तर पर किया जाएगा, जिले स्तर पर और फिर विधानसभा स्तर पर। पहले इस कार्यक्रम के चलते युवा सम्मेलन का आयोजन होगा, ड्रग्स और नशे को लेके जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश भर में ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी जा रही है, पिछले एक महीने में ही हजारों करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई है, दस साल के हिसाब से युवाओं को 20 करोड़ रोजगार तो मिला नहीं पर हजारों करोड़ की ड्रग्स जरूर पकड़ी गई है।

# कैब लूट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** कैब लूट के मामले में अपराध शाखा बॉर्डर ने दो आरोपियों को गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। एक आरोपी 15 दिन पहले गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरे को अब पकड़ा गया है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दिलशाद तथा दीपांशु का नाम शामिल है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के अगवानपुर के रहने वाले हैं। 29 सितंबर को पल्ला थाने में लूट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने कैब ड्राइवर के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने 28 व 29 सितंबर की रात गुरुग्राम जाने के बहाने से ओला कैब बुक करी और कैब ड्राइवर को घुमाते रहे तथा रात करीब 2:30 बजे दुर्गा बिल्डर के पास सुनसान जगह देखकर कैब ड्राइवर के साथ मारपीट की और उसका पर्स छीन लिया जिसमें पैसे, डेबिट कार्ड व अन्य कागजात थे। इसके बाद आरोपी कैब ड्राइवर से गाड़ी छीनकर ले गए। पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश की गई जिसमें क्राइम ब्रांच की टीम ने सफलता हासिल करते हुए आरोपी गौरव को नया पुल पल्ला से गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया। क्राइम ब्रांच ने आरोपी दीपांशु और दिलशाद को अवैध हथियार के दो अन्य मुकदमों में 30 सितंबर को गिरफ्तार किया था जो नीमका जेल में बंद थे। क्राइम ब्रांच ने दोनों को प्रोडक्शन पर लेकर कैब लूट मामले में एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया और उनके कब्जे से कैब ड्राइवर का पर्स, एटीएम व अन्य कागजात बरामद किए।

# साइबर ठगी करने वाला एक शातिर बदमाश गिरफ्तार



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस द्वारा लाइफ इंश्योरेंस के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों से साथ साइबर ठगी करने वाला एक शातिर बदमाश गिरफ्तार किया है जिसके पास से साइबर ठगी करने में प्रयुक्त मोबाइल फोन, डिजीटल पैमेंट क्यू आर कोड, लैपटॉप व बायो मैट्रिक मशीन आदि सामान बरामद किए गए है। थाना बिसरख पुलिस को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि अभियुक्त अमित पुत्र ओमप्रकाश साइबर कैफे की आड में एचडीएफसी फाइनेंस बैक के पॉलिसी धारको का डाटा ऑनलाइन डाउनलोड करके उनके पॉलिसी नम्बर के सामने अंकित फोन नंबरो पर की-पैड वाले मोबाइल फोन में सिम बदल-बदलकर फोन करके उनसे अपनी पॉलिसी का नवीनीकरण (रिन्यूअल)/बंद कराने के लिए फोन करता है और उनके साथ धोखाधडी करके अपने बैक खातो में फोन-पे द्वारा पैसा ट्रांसफर कराकर अवैध लाभ कमाता है। इसके पास एसएमसी कम्पनी का कोई रजिस्ट्रेशन व फ्रेन्चाइजी नही है। थाना बिसरख पुलिस द्वारा लाइफ इंश्योरेंस के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों से साथ साइबर ठगी करने वाला एक शातिर अभियुक्त अमित पुत्र ओमप्रकाश शर्मा को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से फर्जी एचडीएफसी फाइनेंस कम्पनी के पॉलिसी होल्डरो का डाटा, मोबाइल फोन, नोटबुक, बिलबुक, फोन-पे क्यूआर कोड, फोन-पे कार्ड स्वाइप मशीन, बायोमेट्रिम मशीन, एक स्टाम्प मोहर (दीप साइबर कैफे), स्टेशनरी, पेन ड्राइव, अभियुक्त के अलग-अलग पतो के पैनकार्ड व आधार कार्ड, इण्डियन इनकम टैक्स रिटर्न एकनोलेजमेंट फार्म, जीएसटी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, एग्रीमेन्ट सैल लेटर, शपथ पत्र की छायाप्रति, अभियुक्त द्वारा अपने लैपटॉप में ऑनलाइन एडिट कर तैयार किये चैक व आईडी कार्ड एवं विभिन्न लोगो के आधार कार्ड बरामद किये गये है।

# किसानों ने मोजर बेयर गोल चक्कर पर इकट्ठे होकर कलेक्ट्रेट के लिए मार्च किया

**गौतम बुद्ध नगर।** संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर पर किसान सभा, किसान परिषद, जय जवान जय किसान मोर्चा, के आह्वान पर हजारों की संख्या में किसानों ने मोजर बेयर गोल चक्कर पर इकट्ठे होकर कलेक्ट्रेट के लिए मार्च किया हजारों महिलाएं भी शामिल रही। हजारों की संख्या में किसान पक्का मोर्चा लगाकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया किसान हाई पावर कमेटी की रिपोर्ट के सार्वजनिक होने तक कलेक्ट्रेट पर पक्का मोर्चा बनाकर रहेंगे। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर रूपेश वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हाई पावर कमेटी का गठन नए कानून को लागू करने, 10% प्लाट, आबादियों के निस्तारण एवं उन मुद्दों पर सिफारिशों देने के लिए 21 फरवरी 2024 को किया गया था। 31 अगस्त को कमेटी ने अपनी सिफारिशें दाखिल की सरकार सिफारिश पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें दबाकर बैठ गई। किसान परिषद के सुखबीर खलीफा ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान तब तक पक्का मोर्चा लगा कर रहेंगे जब तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं होती। एनटीपीसी के किसानों के संबंध में डीएम महोदय की अध्यक्षता में कमेटी बनी है अभी तक उसने रिपोर्ट सीएमडी को नहीं दी है। सुनील फौजी ने कहा कि नए कानून को जानबूझकर जिले में लागू नहीं किया गया है सर्किल रेट का रिवीजन नहीं किया गया है कमेटी की रिपोर्ट में नए कानून को लागू करने का एजेंडा पहले से शामिल है इसलिए कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी अति आवश्यक है। बृजेश भाटी ने कहा कि हमारी समस्या समय 1989 से लंबित है कमेटी को रेफर की गई है इसलिए कमेटी की सिफारिशों का इंतजार बेसब्री से है। आज किसानों का हल्ला बोल आंदोलन कलेक्ट्रेट के घेराव और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को समर्थन देने आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रविंदर भाटी, आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुशील प्रधान समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्र प्रधान किसान यूनियन अजगर के हरवीर नगर और नरेश चपरगढ़, किसान शक्ति के जितेंद्र भाटी, बेरोजगार सभा के विजयपाल ने समर्थन दिया। यतेंद्र नागर, विकास नागर, एनटीपीसी के नेता अनूप राघव, सिस्टम सुधार संगठन के अंशुमन ठाकुर, अजब सिंह नेताजी, पप्पू ठेकेदार, संयोजक वीर सिंह नागर, उदल आर्य भगत सिंह चेची, अशोक भाटी शिशांत भाटी यतेंद्र भाटी, यतेंद्र मैनेजर, मुकेश यादव रंगलाल भाटी, मुकेश खेड़ी, सुशील सुनपुरा, नरेश नागर, सुरेंद्र भाटी, अभय भाटी, आशा यादव गंगेश्वर दत्त शर्मा कंवरपाल सिंह, मंगेश त्यागी जोगेंद्री देवी तिलक देवी रईसा बेगम एवं हजारों महिला पुरुष किसानों ने हिस्सा लिया। भवदीय, डॉक्टर रुपेश वर्मा, अध्यक्ष, अखिल भारतीय किसान सभा, गौतम बुद्ध नगर।



# एक नजर

## विवाहिता से छेड़छाड़ कर की मारपीट, मामला दर्ज

**पलवल, एजेंसी।** पलवल में विवाहिता से छेड़छाड़ कर विरोध करने पर जान से मारने की कोशिश करने का मामला सामने आया है।शहर थाना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सिटी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि सुबह के करीब पांच बजे उसकी पत्नी घर पर थी। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले अजीत उर्फ प्रदीप ने उसकी पत्नी की इज्जत को भंग करने की नीयत से छेड़छाड़ की। उसकी पत्नी ने जब आरोपी का विरोध किया तो उसके साथ लोहे की रोड व डंडों से मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की। आरोपी ने कहा कि इस बारे में किसी को बताया तो जान से खत्म कर दूंगा। आरोप है कि आरोपी कई दिनों से गाली-गलौज करता था और मौका मिलने पर उसकी पत्नी के छेडछाड़ कर जान से मारने की कोशिश की। शहर थाना प्रभारी रेणु शेखावत ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि विवाहिता के पति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कर्त्तव्यों का पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करने से मिलता है सन्तोष : जिलाधिकारी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** कलैक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह अपने नियमानुसार सुबह 9:45 के बाद से अपराह्न तक जनसुनवाई करते है। जिलाधिकारी का मानना है कि यदि हम अपने कर्त्तव्य का पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से पालन करते है हमें सकुन, सन्तोष रहता है और हम रात को आराम से निश्चिंत होकर सोते है। जनसुनवाई के दौरान राजस्व के साथ–साथ नगर निगम, जीडीए एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतें भी प्राप्त हुई। जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारी को वाट्सअप एवं दूरभाष से सम्पर्क कर प्रेषित करते हुए जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि हम आम जनता से जुड़ पदों पर रहते हैं और हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हम सर्वप्रथम आम जनता की समस्याओं का स्थायी निराकरण करें और उनकी शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारण करें। जनसुनवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

## वाहन चोरी करने के मामले में 2 आरोपी काबू

**गुरुग्राम, एजेंसी।** वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। उनके कब्जे से 8 बाईक भी बरामद की गई है। आरोपियों से चोरी के 5 मामलों का खुलासा भी हुआ है। पुलिस के अनुसार सदर थाना पुलिस ने 29 सितंबर को एक व्यक्ति ने शिकायत देकर कहा था कि 28-29 सितंबर की रात को सेक्टर-38 से उनकी बाईक चोरी कर ली गई।

इस शिकायत पर थाना सदर में शिकायत दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। अपराध शाखा मानेसर प्रभारी उप-निरीक्षक ललित कुमार की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में दो आरोपियों को जिला के गांव शिकोहपुर से काबू किया। आरोपियों की पहचान मुस्तकीम व अब्दुल लतीफ दोनों निवासी गांव आली मेव जिला पलवल के रूप में हुई। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में गुरुग्राम से चोरी की 5 वारदातों को अंजाम देने का खुलासा किया है। आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड से पता चला कि आरोपी मुस्तकीम पर चोरी करने के संबंध में 2 केस गुरुग्राम में तथा आरोपी अब्दुल लतीफ पर चोरी करने के संबंध में एक केस गुरुग्राम में पहले भी दर्ज है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से चोरी की गई 8 बाईक भी बरामद की गई हैं।

## युवक के कहने पर युवती ने निगला जहर, अस्पताल में परिवार पर हमला

**पलवल, एजेंसी।** पलवल में एक युवक द्वारा प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती को जहर खिलाने का मामला सामने आया है। परिजनों द्वारा इसका विरोध करने पर आरोपी ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। शहर थाना पुलिस ने युवती के पिता की शिकायत पर एक नामजद सहित दो के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार कैंप थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी बेटी की तबीयत खराब हो गई और उसके मुंह से झाग आने लगे। पिता ने जब अपनी बेटी से इसका कारण पूछा, तो उसकी बेटी ने बताया कि उसने गौरव बैनीवाल नामक युवक के कहने पर जहरीला पदार्थ खा लिया है।

# भीड़भाड़ व मेला/बाजार में मोबाइल चोरी करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 नोएडा पुलिस द्वारा भीड़भाड़ व मेला/बाजार आदि स्थानों से मोबाइल फोन चोरी करने वाले 6 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, कब्जे से चोरी किये गये 10 मोबाइल फोन, 02 अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त एक टैम्पू बरामद किया है। बता दे कि सोमवार को थाना सेक्टर-24 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से थाना क्षेत्र के एच ब्लाक सेक्टर-22 नोएडा के पास से 6 आरोपी 1-सोनू उर्फ शानू पुत्र स्व0 शईद 2-मौ0 अकरम पुत्र मौ0 सुलेमान 3-शाहीद पुत्र अब्दुल कातिर 4-अभिषेक पुत्र राजकुमार 5-ऋषि पुत्र रामरतन 6-तुषार पुत्र बबलू को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किये गये विभिन्न कम्पनियों के 10 मोबाइल फोन, 02 अवैध चाकू व घटना में प्रयुक्त एक टैम्पू रजि0 नं0 डीएल 1 आर.ए.बी 0793 बरामद किया गया है। सभी अभियुक्तगण भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे मेला, साप्ताहिक बाजार, मार्केट आदि में योजना बनाकर ऑटो से नोएडा आते है और सभी लोग एक साथ घुसकर उनको जो भी आसान टारगेट लगता है, उसको देख लेते है। ये लोग उसके चारो तरफ खडे होकर उनमें से कुछ लोग टारगेट को बातो में उलझाकर या उसका ध्यान भटकाकर उसकी जेब या बैग में से मोबाइल को निकाल लेते है। सभी अभियुक्तगण मोबाइल चोरी की घटनायें पूरे एनसीआर क्षेत्र में करते है।

## दीपावली से पहले गाजियाबाद का एक्यूआई 300 के पार

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद में हवा का बुरा हाल है। एक्यूआई खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। गाजियाबाद सहित एनसीआर के जिलों का यहीं हाल है। दीपावली से पहले एक्यूआई 300 के ऊपर पहुंच रहा है। गाजियाबाद में प्रदूषण अपने खतरनाक जोन की ओर तेजी से बढ़ रहा है। विशेषज्ञों ने बताया कि आने वाले दिनों में स्थिति और बिगड़ सकती है।

जिससे लोगों को सांस लेने में मुश्किलें होगी। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों के लिए प्रदूषण का खतरनाक स्तर बेहद गंभीर खतरा बन सकता है। बता दें अधिकांश बच्चों, बुजुर्गों और श्वास संबंधी रोगों से पीड़ित लोगों पर प्रदूषण का असर सबसे अधिक हो रहा है।

# बाल महोत्सव के आगाज पर बच्चों ने मचाया धमाल

- स्वतंत्रता सेनानी सभागार में शुरू हुआ भव्य बाल महोत्सव
- 18 अक्टूबर तक जारी रहेंगी प्रतियोगिताएं



**गुरुग्राम, एजेंसी।** मंगलवार से यहां स्वतंत्रता सेनानी सभागार में जिला स्तरीय चार दिवसीय बाल महोत्सव का आगाज हुआ। मंडल बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने मां सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर इस उत्सव की शुरूआत की। महोत्सव में सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य, गीत, रंगोली, बेस्ट ड्रामेबाज आदि स्पधाएं आयोजित की जा रही हैं। अपने संबोधन में मंडल बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री ने कहा कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रति वर्ष जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसका उद्देश्य है कि बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो और उनको संस्कार व संस्कृति के गुण विकसित करने के लिए प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि बाल्यकाल में ही एक विद्यार्थी किसी ना किसी रचनात्मक कला से जुड़ जाए तो उसे आगे बढे की प्रेरणा मिलती है। बच्चों को बुरी आदतों व बुराई से दूर रखने के लिए यह आवश्यक है कि उनको एक सकारात्मक तथा उत्साहजनक वातावरण प्रदान किया जाए। बाल कल्याण परिषद इन्हीं प्रयासों के माध्यम से बच्चों का विकास करने में लगी हुई है।

# यमुना ऑथोरिटी कर रही किसानों के साथ वादाखिलाफी : सुधीर त्यागी



**ऋषि तिवारी**

**ग्रेटर नोएडा।** इंटरनेशनल एयरपोर्ट तैयारी की कगार पर है लेकिन जेवर क्षेत्र का किसान आज भी मझधार में है यमुना ऑथोरिटी किसानों को लूटने का काम कर रही है किसान को 3100 रुपए मीटर के दाम दे रही है और यमुना ऑथोरिटी दो दो लाख रुपए मीटर में प्लॉट बेच रही है... उसकी नुमाइश लगवाती है उसको ऊंचे दाम में बेचने का काम रही है। जेवर क्षेत्र का किसान ऑथोरिटी के खिलाफ रोज आवाज उठाते है और उसी क्रम में किसान कल्याण परिषद और किसान मजदूर की आवाज के बैनर तले सुधीर त्यागी क्षेत्र के किसानों को लेकर गौतम बुद्ध नगर के डीएम साहब , यमुना ऑथोरिटी के मुख्य कार्य पालक अरुण वीर सिंह, ौ " एसडीएम जेवर, और गौतम बुद्ध नगर के संसद महेश शर्मा जी और जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह जी और समस्त प्राधिकरण अधिकारियों को मिलकर ज्ञापन दे चुके है। लेकिन यमुना ऑथोरिटी की मनमानी पर ये सरकार लगाम लगाने पर नाकाम हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी बहुत अच्छी तरह से मजदूर की किसान की मदद करना चाहते है। चाहते ही नहीं सबका साथ सबका विकास और सबके साथ और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नारों को भी साकार कर रहे है इसी कड़ी में जेवर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह जी किसानों की मजदूरों की युवाओं की महिलाओं की बेरोजगारों की दयनीय हालत को सुधारने के लिए अथक प्रयास कर रहे है। ढहऊ के अफसरान किसी तरह की हालात क्षेत्र सुधारने के लिए काम नहीं कर रहे है।

# नोएडा में किसान एकता संघ से दर्जनों पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा, नया संगठन बनेगा

**नोएडा, एजेंसी।** किसान एकता संघ के नाराज कार्यकताओं ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के अट्टा गुजरान गांव में अरविंद सेक्रेटरी के आवास पर एक बैठक आयोजित की। जिसमें सर्व सम्मति से किसान एकता संघ संगठन को छोड़ने का निर्णय लिया गया। कार्यकताओं ने संगठन की गलत नीति व तानाशाही रवैया अपनाने, कार्यकताओं को अपमानित करने तथा संगठन को पूंजीवाद की तरफ अग्रसर होने का आरोप लगाया। जिससे नाराज होकर संगठन से राकेश चौधरी महानगर अध्यक्ष, अरविंद सेक्रेटरी युवा प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश, ओमवीर समसपुर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, रवि नागर प्रदेश सचिव, मनवीर नागर मेरठ मंडल सचिव, डॉ जाफर मेरठ मंडल उपाध्यक्ष, अमित नागर जिला प्रभारी युवा, नीरज कसाना तहसील उपाध्यक्ष, रमेश कसाना राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सहित अन्य कार्यकताओं ने संगठन से अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। रमेश कसाना ने बताया कि आज के बाद से उक्त सभी लोगों का किसान एकता संघ से कोई लेना देना नहीं होगा।

# बहराइच के मृतक के परिजनों से मुलाकात के बाद बोले सीएम योगी, 'दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा'



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ आवास पर बहराइच के मृतक रामगोपाल मिश्रा के परिजनों से मुलाकात की। सीएम योगी ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुलाकात के बाद सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो भी शेयर की।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में लिखा, 'जनपद बहराइच की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में काल-कवलित हुए युवक के शोक संतप्त परिजनों से आज लखनऊ में भेंट की। दुःख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। आश्वस्त रहें, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना यूपी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इस घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।'

मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए बहराइच से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने जानकारी दी कि पीड़ित परिवार की मांग थी, हमारे बेटे को मारा गया, हमें न्याय चाहिए। उनके बेटे की हत्या में जो भी शामिल है, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने उनके प्रति संवेदना व्यक्त की, सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने आगे बताया कि सीएम योगी ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, मुख्यमंत्री आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड और उनकी पत्नी को नौकरी देने पर विचार करेगी।

सुरेश्वर सिंह ने कहा कि हिंसा के बाद उसी दिन इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज निलंबित कर दिए थे। इसके अलावा मामले की जांच चल रही है।

सीएम योगी से मुलाकात के बाद मृतक रामगोपाल मिश्रा के भाई किशन मिश्रा ने बताया कि सभी लोग विसर्जन करने गए थे, उससे पहले वहां पथराव हुआ था, प्रशासन ने लाठीचार्ज कराया, जिससे वहां भगदड़ मच गई। उसी दौरान जब हम लोग भाग रहे थे तभी भाई को खींच लिया गया। एक छोटे बच्चे ने इशारा किया गोली चली है, हम लोग पहुंचे तो देखा कि वो (रामगोपाल मिश्रा) लहूलुहान पड़ा था। हम पर भी फायरिंग हुई, लेकिन हम किसी तरह से बचकर निकलकर आएं।

गौरतलब है कि रविवार को बहराइच के महाराजगंज कस्बे में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद हिंसा भड़क गई। हिंसा के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हिंसा में अस्पताल चौराहे पर कई दुकानों को जला दिया गया। अब तक इस मामले में 30 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। पुलिस हिंसा को लेकर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस ने कहा कि इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर इंटरनेट सेवा पर रोक लगा दी गई है।

## एक नजर

### अलीगढ़ में खेत के पास एक व्यक्ति का शव मिला



**अलीगढ़ (उप्र), एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में एक खेत के पास ग्रामीणों को एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शव सोमवार सुबह इगलास थाना क्षेत्र के धौलिया गांव में झाड़ियों में मिला। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह की सैर पर गए एक स्थानीय निवासी ने सबसे पहले झाड़ी के नीचे शव का एक हिस्सा देखा। उन्होंने तुरंत मदद के लिए और लोगों को बुलाया तथा अन्य लोगों की सहायता से शव का बाकी हिस्सा थोड़ी दूरी पर बरामद किया गया। अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों को संदेह है कि संभवतः आवारा कुत्तों ने अवशेषों को खाने की कोशिश की होगी, क्योंकि शरीर के कुछ हिस्से क्षत-विक्षत थे। पुलिस के क्षेत्राधिकारी (इगलास) राजीव द्विवेदी ने बताया, 'पुलिस के श्वान दस्ते को तैनात किया गया है और मृतक की पहचान करने के लिए पड़ोसी गांवों से संपर्क किया गया है।' द्विवेदी ने कहा, 'पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ज्यादा जानकारी मिलेगी। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में ले लिया है और जांच शुरू कर दी है।'

### छात्राओं से दुर्व्यवहार का आरोपी शिक्षक निलंबित



**मुजफ्फरनगर (उप्र), एजेंसी।** मुजफ्फरनगर जिले के चरथावल ब्लॉक के सिकंदरपुर गांव में एक सरकारी प्राथमिक स्कूल के शिक्षक को स्कूल में छात्राओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में सोमवार को निलंबित कर दिया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि आरोपी शिक्षक की पहचान प्रदीप कुमार के रूप में हुई है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि शिक्षक प्रदीप कुमार को निलंबित कर दिया गया है और स्कूल के प्रधानाध्यापक हरिराज को कर्तव्य में लापरवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की गई।

अधिकारी ने कहा कि अभिभावकों के विरोध और कार्रवाई की मांग के बाद स्कूल शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की गई और उन्होंने कहा कि स्कूल की छात्राओं ने आरोप लगाया था कि आरोपी शिक्षक प्रदीप उनके साथ दुर्व्यवहार करता था।

# राष्ट्रधर्म के सच्चे सार्थक के रूप मे मिशाईल मैन एक मिशाल - राशिद मलिक



**जलालाबाद (शामली )।** समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेशभर मे भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रपति डा. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम आजाद का 93वां जन्मदिवस राष्ट्रधर्म की एकता दिवस के रूप मे राशिद मलिक ( जिला सचिव पिछड़ा वर्ग सपा शामली )के आवास पर सपा कार्यकर्ताओ द्वारा मनाया गया,जिसमे रविन्द्र प्रधान जोगी ने कहा की पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद की छवि छोटे छोटे बच्चों मे आत्मप्रेणा श्रोत से भरी होती है, जोकि अपने देश के लिए साइंटिस्ट, इंजिनियर, डॉक्टर आदि बनने की चाहत डा. कलाम सहाब को रखकर होती है, मो. हम्माद( नगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग )ने स्व. डा. अब्दुल कलाम आजाद के कार्यकाल को भारत के सुनहरे भविष्य की युवाओं द्वारा एक अटूट ताकत को नये भारत की नई ऊंचाई के रूप मे विख्यात बताया, सपा नेता राशिद मलिक ने डा. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम आजद को सर्वधर्म सर्वगुण राष्ट्रधर्म के सच्चे सार्थक बताया, जिन्होंने अपना सारा जीवन वैज्ञानिक पद्धति पर चलकर भारत सरकार को अनेको, उपकरण,मिसाइल,बनाकर भारत देश का पुरे विश्व मे नाम रोशन कर खुद मिसाइल मैन के नाम से एक मिशाल के रूप मे स्थापित हो गये है, सपा नेताओ द्वारा पूर्व राष्ट्रपति /वैज्ञानिक भारत रत्न डा. अब्दुल कलाम आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राशिद मलिक ने वृक्षारोपण कर बच्चों को मिठाई वितरित की, इस अवसर पर मेहरद्दीन सैफी, लियाकत मलिक,समीर मंसूरी,दानिश कुरैशी,इस्लाम उर्फ लिल्ला मलिक, लियाकत मलिक, यासीन अली, उस्मान मलिक, रियासत मलिक, शौकीन मलिक, धर्मवीर,रविन्द्र सैनी, शौकीन अब्बाशी, यूनुस मलिक, फैसल मलिक, शाहिद मलिक, इरफान मलिक आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे!!

### बलिया में मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान नाचते समय एक व्यक्ति की गिरकर मौत



**बलिया (उप्र), एजेंसी।** बलिया में देवी दुर्गा की मूर्ति के विसर्जन जुलूस के दौरान डीजे पर नाचते समय असंतुलित होकर गिर जाने के कारण 20 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि संभवतः युवक की मौत दिल का दौरा पड़ने के कारण हुई। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने मंगलवार को बताया कि यह घटना सोमवार रात उभांव क्षेत्र के उभांव मोड़ के पास हुई, जब जुलूस में शामिल अन्य लोगों के साथ नाचते समय हिमांशु कन्नौजिया असंतुलित होकर गिर गया। कुरैशी ने बताया कि उसे सीयर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा मौके पर पहुंचे। कुरैशी ने बताया, 'प्रारंभिक अंदेशा है कि संभवतः हिमांशु को दिल का दौरा पड़ा होगा, लेकिन जांच जारी है।' उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### किरतपुर पुलिस सट्टोरियों पर मेहरबान

**किरतपुर।** शहर में सट्टे का अवैध कारोबार तेजी के साथ फल फूल रहा है। गली मौहल्लों में युवा वर्ग खुलेआम सट्टा खेल रहे हैं, जिससे युवा पीढी बबार्दी के कगार पर खडी है। तेजी से फल फूल रहे है अवैध सट्टे को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से पुलिस की संलिप्ता जाहिर होती है, यही वजह है कि खाईबाड बेखौफ हैं और पूरे शहर में मकड जाल की तरह सट्टा फल फूल रहा है। इससे लगता है जैसे पुलिस की मिली भगत से हर गली मौहल्ले में सट्टे का अवैध कारोबार व्यापार की तरह चल रहा है। सट्टे के अवैध कारोबार में गरीब-मजदूर पिस रहा है। क्योंकि मजदूर तबका दुगनी के चक्कर में अपनी मेहनत की गाढी कमाई सट्टा व जूआ में लगा देता है सट्टे की लत के कारण गरीब मजदूर बबार्दी की कगार पर हैं। पुलिस है कि हाथ पे हाथ धरे बैठी है। सूत्र बताते हैं कि सट्टा व जुआ खेलने वालों से पुलिस को मोटी कमाई हो रही है। कस्बा सिपाहियों की सटोरियों में गहरी घुसपैठ है। दो वक्त की रोटी कमाने वाला गरीब इस सट्टे के व्यापार में मरता जा रहा है। सट्टा लेने वाले स्टोरियों का नेटवर्क इतना मजबूत है कि पुलिस इन पर हाथ डालते हुये कतराती है। पुलिस खाईबाड के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करती है। बल्कि कभी-कभी पुलिस बदनामगी के डर से छोटे मोटे छुटभय्या सटोरियों को पकडकर इतिश्री कर लेती है। ताकि सट्टा विरोधी अभियान छोटे मोटे सटोरी फंस जाते हैं और बडे खाईबाड बच निकलते हैं। खाईबाडियों के खिलाफ कोई कार्यवाही करने से पहले ही खाईबाड को पुलिस कार्यवाही से अवगत हो जाता है। सट्टा का अवैध कारोबार करने वालों की थाने में मजबूत पकड़ के कारण सट्टा का व्यापर तेजी से चल रहा है। भले ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा सट्टे के अवैध कारोबार व खाईबाड के खिलाफ कितने ही सख्त क्यों ना हो, परन्तु किरतपुर थाने की कस्बा पुलिस पर सख्ती का कोई असर नहीं पड रहा है। देखते हैं कि कस्बा पुलिस स्टोरियों और उनको संरक्षण देने वालों पर कब तक मेहरबान रहती है।

# 17 अक्टूबर को धूमधाम से महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाएगी योगी सरकार



**लखनऊ, एजेंसी।** योगी सरकार 17 अक्टूबर को धूमधाम से वाल्मीकि जयंती मनाएगी। इस दौरान कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन मंदिरों में श्रीराम चरित मानस पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कीर्तन आदि कराए जाएंगे।

महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली चित्रकूट में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। योगी सरकार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय कलाकारों को आध्यात्मिक मंच देगी। योगी सरकार के निदेर्शानुसार 17 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में वाल्मीकि जयंती मनाई जाएगी।

महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों-मंदिरों आदि पर दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान के साथ-साथ रामायण पाठ कराए जाएंगे। यह कार्यक्रम जनपद, तहसील और विकास खंड स्तर पर होंगे। सीएम योगी ने हर आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि, प्रकाश व सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था कराने का निर्देश दिया है।

योगी सरकार महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर चित्रकूट में वृहद आयोजन कराएगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को कार्यक्रम का नोडल ऑफिसर बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि लालापुर में महर्षि वाल्मीकि की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ सुबह 11 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। भगवती जागरण मंच और दयाराम रैकवाड़ व टीम की तरफ से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इस दौरान पूजन-हवन, भजन, वाल्मीकि रामायण पाठ, लवकुश प्रसंग आदि के भी कार्यक्रम होंगे। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और जनसहभागिता भी रहेगी।

जनपदों में स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर, हनुमान मंदिरों व रामायण से संबंधित मंदिरों में कार्यक्रम होंगे। इसमें स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध कराया जाएगा। जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा जनपद में चयनित मंदिरों व स्थलों पर कार्यक्रम के लिए कलाकारों का चयन किया गया है।

इसका समन्वय संस्कृति विभाग, सूचना-जनसंपर्क विभाग, जिला पर्यटन व संस्कृति परिषद द्वारा किया जाएगा। हर जनपद में आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं। योगी सरकार ने कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जनसहभागिता पर भी जोर दिया है।

### उन्नाव में पुलिस के साथ मुठभेड़ में लूट के मामले का आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार



**उन्नाव (उप्र), एजेंसी।** जिले के अजगैन थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में लूट के मामले का एक आरोपी पकड़ा गया जबकि दूसरा फरार हो गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि सुबह करीब साढ़े चार बजे पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी, तभी नवाबगंज पक्षी विहार के पीछे रिंग रोड पर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को रोकने की कोशिश की गई। सिंह ने बताया कि रुकने के बजाय मोटरसाइकिल सवारों ने पुलिस पर गोली चला दी जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली एक आरोपी के पैर में जा लगी, जबकि उसका साथी फरार हो गया। सिंह ने बताया कि घायल आरोपी की पहचान इरफान अहमद के रूप में हुई जिसके पास से 315 बोर का तमंचा, एक कारतूस और 3,250 रुपये बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उसे नवाबगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ में इरफान ने स्वीकार किया कि उसने 29 अगस्त को गांव केवला की निवासी उमा के साथ लूटपाट की थी। उन्होंने कहा कि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# आपसी सहमति से व्यभिचार दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं आता : इलाहाबाद उच्च न्यायालय



**प्रयागराज (उप्र), एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि लंबे समय से पारस्परिक सहमति से हुआ व्यभिचार जिसमें प्रारंभ से धोखाधड़ी का कोई तत्व मौजूद नहीं हो, दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं आता।

अदालत ने शादी का वादा करने के बहाने एक महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा रद्द कर दिया। अदालत ने यह भी कहा कि जब तक यह साबित ना हो कि प्रारंभ से ही ऐसा झूठा वादा किया गया था, तब तक शादी का वादा करके सहमति से यौन संबंध बनाना दुष्कर्म नहीं की श्रेणी में नहीं आता। अदालत ने कहा, 'जब तक यह आरोप ना हो कि ऐसे संबंध की शुरूआत से आरोपी की तरफ से ऐसा वादा करते समय उसमें धोखाधड़ी के कुछ तत्व मौजूद हों, तो इसे शादी का झूठा वादा नहीं माना जाएगा।'

श्रेय गुप्ता नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता ने मुरादाबाद की अदालत में लंबित आपराधिक मुकदमे को रद्द कर दिया। याचिकाकर्ता के खिलाफ एक महिला की शिकायत पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था। मुरादाबाद में महिला थाने में दर्ज प्राथमिकी में महिला ने आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता ने उसके पति की मृत्यु के बाद शादी का बहाना कर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए थे। महिला का दावा था कि गुप्ता ने कई बार शादी करने का वादा किया, लेकिन बाद में वादा तोड़ दिया और एक अन्य महिला के संपर्क में आ गया। शिकायतकर्ता महिला ने यह आरोप भी लगाया कि गुप्ता ने यौन संबंध का वीडियो जारी नहीं करने के लिए उससे 50 लाख रुपये की मांग की थी। महिला की शिकायत पर निचली अदालत ने नौ अगस्त, 2018 को दाखिल आरोप पत्र को संज्ञान में लिया। हालांकि, आरोपी ने आरोप पत्र और पूरे आपराधिक मुकदमे को रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया। तथ्यों पर गौर करने के बाद अदालत ने पाया कि शिकायतकर्ता महिला और आरोपी व्यक्ति के बीच करीब 12-13 साल शारीरिक संबंध कायम रहा और यह संबंध उस समय से है जब महिला का पति जीवित था। अदालत ने पाया कि शिकायतकर्ता महिला ने अपनी उम्र से काफी छोटे व्यक्ति जो उसके पति की कंपनी में कर्मचारी था, पर अनुचित प्रभाव जमाया। नईम अहमद बनाम हरियाणा सरकार के मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए उच्च न्यायालय ने दोहराया कि शादी के हर वादे को तोड़ने को झूठा वादा मानना और दुष्कर्म के अपराध के लिए एक व्यक्ति पर मुकदमा चलाना मूर्खता होगी।

### 7वीं की छात्रा ने स्कूल टीचर पर लगाया छेड़खानी का आरोप, आरोपी सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले से एक शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां के एक गांव में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार पर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा है। छात्राओं ने इस घटना की जानकारी अपने परिजन से की। इसके बाद गुस्साए परिजन ने स्कूल प्रशासन से इसकी शिकायत की। इसके बाद आरोपी टीचर के खिलाफ ऐक्शन लेते हुए उसे सस्पेंड कर दिया गया है। इस पूरे प्रकरण की जांच के लिए मुजफ्फरनगर के एक बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 3 सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है। उनका कहना है कि मामले में जो भी फैक्ट्स सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही उनके संज्ञान में मामला आया उन्होंने ऐक्शन लिया। दरअसल इस मामले में सातवीं क्लास में पढ़ने वाली छात्रा ने बताया कि प्रदीप सर ने उसका हाथ पकड़ लिया और फिर आई लव यू कहा था। छात्रा ने शिकायत करते हुए आरोपी टीचर को स्कूल से हटा दिए जाने की मांग की। अब जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में परिजन ने गांव वालों के साथ मिलकर स्कूल के इन्चार्ज से शिकायत दर्ज कराई। बेसिक शिक्षा आरोपी टीचर को सस्पेंड कर दिया गया गया है। जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया।

## एक नजर

### चंपारण: एसएसबी अब युवाओं को फास्ट फूड बनाने की देगी ट्रेनिंग

- अधिकारी ने कहा-युवाओं को स्किल्स के साथ मिलेगी व्यापारिक पहलुओं की जानकारी



**मोतिहारी,संवाददाता।** जिले के भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 47 वीं वाहिनी अब मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तहत रक्सौल प्रखंड के पंटोका पंचायत में आज 20 दिवसीय फास्ट फूड प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया । बताया कि 20 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पंचायत के 20 युवाओं को फास्ट फूड बनाने की ट्रेनिंग दी जायेगी। एसएसबी 47 वीं वाहिनी के सेनानायक विकास के निर्देशन पर सहायक कमांडेंट खेमराज की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान युवा प्रतिभागियों को फास्ट फूड बनाने की तकनीक और व्यापारिक पहलुओं की जानकारी दी। कहा कि इस पहल से न केवल उन्हें नई स्किल्स हासिल होंगी बल्कि वे अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करने में भी सक्षम होंगे। यह कार्यक्रम सशस्त्र सीमा बल के सामुदायिक विकास और मानव संसाधन विकास के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसमें मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि उमेश चौरसिया, निरीक्षक नंदकिशोर, उप निरीक्षक दिव्या, संचालक जितेन्द्र कुमार सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्ष पर साधा निशाना

- राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर कसे तंज



**पटना,संवाददाता।** बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्षी नेताओं पर तीखा हमला करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लिया। एक बयान में उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि "राहुल गांधी देश का नमक खाकर विदेश में देश की बुराई करते हैं। हरियाणा की जनता ने इसका जवाब देना शुरू कर दिया है, और आने वाले दिनों में देशभर में इसका असर देखने को मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, "जब बिहार बाढ़ से जूझ रहा होता है, तब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दुबई घूमने चले जाते हैं। विधानसभा सत्र के दौरान भी वह विदेश यात्रा पर निकल जाते हैं। बिहार की जनता इतनी बेवकूफ नहीं है कि ऐसे गैर-जिम्मेदार नेता को सहन करेगी। प्रशांत किशोर के बारे में पूछे गए सवाल पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, "जो बादल गरजते हैं, वे बरसते नहीं। जो लोग सिर्फ बातों में माहिर हैं, उन्हें कुछ करने की आदत नहीं होती। असली काम करने वाले चुपचाप काम करते हैं, न कि बड़ी-बड़ी बातें। प्रदेश अध्यक्ष के इन बयानों ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है, और आने वाले चुनावी माहौल में इस बयानबाजी के असर को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

### मध्य विद्यालय बैंगरी में मनाया गया हाथ धुलाई दिवस

- छात्र-छात्राओं ने भाग लिया
- विविध गतिविधियों में उत्साहित दिखे बच्चे



**मुजफ्फरपुर,दीपक तिवारी।** बन्दरा प्रखण्ड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैंगरी में हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर छात्रों और छात्राओं के बीच जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर बच्चों को स्वच्छता और हाथ धुलाई के महत्व से अवगत कराने के लिए तख्तियां लिखवाई और स्कूल परिसर में लगवाई गईं। इसके साथ ही, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता से जुड़े विभिन्न संदेशों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को हाथ धुलाई और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे बच्चों में स्वच्छता की आदतें विकसित हों और बीमारियों से बचाव संभव हो सके। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में सीनियर बच्चों के साथ-साथ जूनियर बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे इन आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करना और स्वच्छता के प्रति उनकी जिम्मेदारी को समझाना था।

# जातिसूचक भोजपुरी गाने पर मचा हिंसक बवाल

- मूर्ति विसर्जन के दौरान झड़प में तीन पुलिसकर्मी घायल



**आरा,संवाददाता।** बिहार के भोजपुर जिले में भोजपुरी गाने को लेकर विवाद हो गया। ध्यान रहे कि इन दिनों गली-गली में पैदा हो चुके भोजपुरी गायक सोशल मीडिया पर अपना-अपना गाना बनाकर डालते रहते हैं। इस दौरान कई गायकों ने अपनी-अपनी जाति की तारीफ करने वाले गाने बनाए हैं। किसी गाने में अन्य जाति को चैलेंज किया गया है। किसी गाने में खुद की जाति को महान बताया गया है। भोजपुरी में यादव, भूमिहार, बबुआन और राजपूत से लेकर ब्राह्मण और पासवान जाति पर भी गाना बना है। मूर्ति विसर्जन के दौरान इसी तरह के एक गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया। घटना भोजपुर जिले के धोबहा थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव की बताई जा रही है। सोमवार की रात मूर्ति विसर्जन के दौरान जातिसूचक गाना बजाने को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें रोड़ेबाजी के दौरान होमगार्ड जवान और सिपाही सहित तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। इसके अलावा पुलिस की प्राइवेट गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई।

जख्मी पुलिस कर्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार घायल पुलिस कर्मियों में होमगार्ड जवान सियाराम दुबे, योगेंद्र सिंह और रोहित कुमार सिंह शामिल हैं। तीनों धोबहा थाना में कार्यरत हैं। इधर होमगार्ड जवान सियाराम दुबे ने बताया कि वे लोग मूर्ति विसर्जन के दौरान ड्यूटी पर थे। तभी मूर्ति विसर्जन करने जा रहे लोगों ने जातिसूचक गाना बजा दिया। पुलिस ने बताया कि जाति वाला गाना बजने के बाद दूसरे पक्ष के लोग भड़क उठे और उनके बीच पहले धक्का-मुक्की हुई। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से रोड़ेबाजी कर दी गई। जब पुलिस उन्हें मना करने गई तो उन लोगों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया। जिसमें वे उनके साथी होमगार्ड जवान योगेंद्र सिंह और सिपाही रोहित कुमार जख्मी हो गए। सूचना पाकर धोबहा थानाध्यक्ष संजीव कुमार अतिरिक्त पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले को शांत कराया।

## बिहार विधानसभा की 4 सीटों के लिए उपचुनाव का ऐलान

### 13 को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना



**पटना,संवाददाता।** बिहार विधानसभा की चार खाली सीटों के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से उपचुनाव शेड्यूल की घोषणा की गई। 13 नवंबर को वोटिंग और 23 नवंबर को मतगणना होगी। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान राज्य के चार विधायकों ने जीत हासिल की थी। इस कारण तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज सीट खाली हो गई है। वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा में तरारी विधानसभा सीट से भाकपा-माले के सुदामा प्रसाद ने जीत हासिल की थी। इस बार के लोकसभा चुनाव में सुदामा प्रसाद ने आरा लोकसभा सीट से हासिल की।

रामगढ़ विधानसभा सीट से वर्ष 2020 में राष्ट्रीय जनता दल के विधायक और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह ने जीत हासिल की। इस बार सुधाकर सिंह बक्सर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं। बेलागांज विधानसभा सीट से वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में आरजेडी के सुरेंद्र यादव ने जीत हासिल की। इस वर्ष लोकसभा चुनाव में सुरेंद्र यादव ने जहानाबाद संसदीय सीट से जीत हासिल की। वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में इमामगंज विधानसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने जीत हासिल की थी। इस वर्ष लोकसभा चुनाव में जीतन राम मांझी ने गया लोकसभा सीट से हासिल की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि एनडीए और महागठबंधन के किस दल के किस नेता को टिकट मिलता है, यह देखना दिलचस्प होगा। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि चारों सीटों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जैसे दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है।

## कांटी : ढेबहां गांव में किसान की हत्या पर आक्रोश



**मुजफ्फरपुर/कांटी,संवाददाता।** कांटी थाना क्षेत्र के ढेबहां गांव में सोमवार की देर शाम अज्ञात बाइक सवार अपराधियों द्वारा बुजुर्ग किसान राधे सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे इलाके में तनाव और आक्रोश फैल गया है। मंगलवार को कई गांवों के आक्रोशित ग्रामीण मृतक के दरवाजे पर जमा हुए और दोषियों की गिरफ्तारी न होने तक शव का दाह संस्कार न करने का ऐलान कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री अजीत कुमार, डीएसपी पश्चिमी अभिषेक आनंद और थानाध्यक्ष सुधाकर पांडेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत करने का प्रयास किया और पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। पुलिस ने बुधवार शाम तक आरोपियों को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद शव के दाह संस्कार की प्रक्रिया शुरू की गई। पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर बुधवार शाम तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो वे एसएसपी से मुलाकात कर अगले दिन सड़क जाम करेंगे। उन्होंने कांटी क्षेत्र में बढ़ते अपराध और पुलिस की नाकामी पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब समाज को ही अपनी सुरक्षा का जिम्मा उठाना होगा क्योंकि पुलिस के भरोसे जान-माल की सुरक्षा संभव नहीं है। ग्रामीणों के आक्रोश और प्रशासन की प्रतिक्रिया से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है, जबकि पुलिस ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

## मौसम: अरब सागर में हलचल बिहार में पछुआ की हो गई एंट्री

- अब तो रजाई-कंबल निकाल ही लीजिए!



**पटना,संवाददाता।** बिहार में अब ठंड की शुरूआत हो चुकी है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून रविवार को राज्य से विदा हो गया है। आने वाले तीन-चार दिनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में पछुआ हवा का असर देखने को मिलेगा। इसके चलते सुबह-शाम हल्की ठंडक महसूस होने लगी है। मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, अरब सागर में हो रही मौसमी हलचलों के कारण बिहार के अधिकतर इलाकों में बादल छाए रहेंगे और कुछ जिलों में हल्की बारिश भी हो सकती है। IMD के अनुसार, राज्य में पछुआ हवा चलने से सुबह और शाम के समय ठंडक बढ़ेगी। आसमान साफ रहने पर ठंड का एहसास और भी तेज होगा। पटना में सोमवार को दिन का तापमान सामान्य से लगभग ढाई डिग्री कम 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, अभी दिन का तापमान सामान्य के आसपास ही बना रहेगा, लेकिन रात के तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। अगले 120 घंटों तक रात का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इस दौरान कई जिलों में सुबह के समय घना कोहरा भी छा सकता है।

IMD ने अपने पूवार्नुमान में बताया है कि 20 अक्टूबर के बाद बिहार के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है। फिलहाल, राज्य का न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। IMD ने इस साल दिसंबर तक ठंड का अनुमान लगाते हुए कहा है कि बिहार समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड का कारण पश्चिमी विक्षोभ होते हैं। पिछले वर्ष दिसंबर तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुए थे, इसलिए दिसंबर तक कोई खास सर्दी नहीं पड़ी थी। ऐसा पिछले दो सालों से देखा जा रहा है। इस बार भी मौसम विज्ञानियों की नजर पश्चिमी विक्षोभ के पूवार्नुमान पर टिकी है। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार में पछुआ हवा के आने वाले दिनों में बढ़ने से ठंड में भी बढ़ोतरी होगी। इस महीने के अंत तक राज्य का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे कम होने की उम्मीद है। फिलहाल, प्रदेश के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस का उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में 20 अक्टूबर के आसपास लोगों को कंबल-रजाई की जरूरत पड़ने लगेगी।

## बागमती की बाढ़ से प्रभावित धान की फसल का आकलन कर मुआवजे की मांग



**मुजफ्फरपुर/बन्दरा, (दीपक)।** बन्दरा प्रखंड क्षेत्र के हत्था, मुन्नी बैंगरी और पटसारा पंचायतों में बागमती नदी की बाढ़ से हुई भारी धान फसल क्षति का आकलन कर किसानों को मुआवजा देने की मांग को लेकर जदयू के पार्टी पदाधिकारियों ने मंगलवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जदयू पदाधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में धान की फसलों के नुकसान का सही आकलन करने और जांचों के उपरांत किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की अपील की।

पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी को इस मांग के संदर्भ में एक ज्ञापन भी सौंपा। इस ज्ञापन में किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए शीघ्र फसल क्षति का आकलन और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तेज करने की मांग की गई है, ताकि किसानों को राहत मिल सके। इस अवसर पर प्रखण्डध्यक्ष मनोज कुशवाहा, जिला जदयू उपाध्यक्ष मनोज झा, जिला महासचिव जय प्रकाश यादव, और प्रखंड जदयू के धनंजय भारती भी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि बाढ़ की वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ है, और समय पर मुआवजा नहीं मिलने से उनकी समस्याएं और बढ़ सकती हैं। उन्होंने प्रखंड कृषि पदाधिकारी से इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द सहायता मिल सके। पार्टी पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि जदयू किसानों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के किसानों के साथ खड़ी है।

## बिहार पैक्स चुनाव 2024: कैमूर में वोटर लिस्ट में नाबालिगों के नाम जोड़े, किसानों के हटाए

**कैमूर,संवाददाता।** बिहार में पैक्स चुनाव होने वाले हैं। इसको लेकर पैक्स में सदस्य बनाने में पैक्स अध्यक्ष को कसर नहीं छोड़ रहे हैं। आरोप है कि अपनी जीत सुनिश्चित करने को लेकर भारी गड़बड़ी कर रहे हैं। आरोप है कि जिनकी उम्र 18 वर्ष भी नहीं हुए हैं, उनका नाम जोड़ा जा रहा है। लड़कियों का नाम भी जोड़ा जा रहा है, जिसका खेती और पैक्स से दूर तक रिश्ता नहीं है। ताजा मामला रामपुर प्रखण्ड के रूइया और जलालपुर पंचायत से आया है। कई किसानों ने जिला समाहरणालय पहुंचकर डीएम को आवेदन देकर गुहार लगाई है कि पैक्स अध्यक्ष और सहकारिता विभाग के मिली भगत से पैक्स में नाम जोड़ा गया जो गलत है। वहीं जो पैक्स में पहले से नाम दर्ज हैं। जो किसान पैक्स चुनाव में वोट देते आ रहे हैं उनका नाम सूची से हटा दिया गया। इसको लेकर किसान मोर्चा भी विरोध कर रहा है। किसान प्रमोद बिंद बब्लू शर्मा अनिल कुमार सिंह का कहना है कि पैक्स अपना वोट बढ़ाने



के लिए अपने परिवार और नाबालिग लड़के लड़कियों का नाम जोड़ दिए और पहले से सूची में दर्ज नाम को काट दिए। किसानों ने डीएम को आवेदन देकर गुहार लगाई है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए। पैक्स चुनाव अगले महीने होने वाला है, जिसको लेकर जिले के पैक्स अध्यक्ष हर हथकंडा अपना रहे हैं, जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हो। ताजा मामला रामपुर प्रखण्ड के रूइया और जलालपुर पंचायत का है, जहां वोट बढ़ाने के लिए नाबालिग लड़के लड़कियों का नाम जोड़ा गया तो, वहीं पहले से पैक्स सदस्य बने किसानों का नाम हटाया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी शशिकांत शशि ने बताया कि मामले की जांच करवाया जाएगा। जो पैक्स अध्यक्ष सूची दिए हैं उसका प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी की ओर से जांच किया जाता है तब नाम जोड़ा जाता है। मामले की जांच के बाद कार्रवाई होगी।

## 'बदलो बिहार न्याय यात्रा' 16 से 25 अक्टूबर तक



**वारिसनगर,संवाददाता।** न्याय पूर्ण नए बिहार के लिए " बदलो बिहार न्याय यात्रा "16 से 25 अक्टूबर 2024 मिथिला जोन,भाकपा माले बिहार की तैयारी के सिलसिले में आज प्रखंड के रहुआ पक्षमी क्षेत्र के रहुआ निवासी का। देवेंद्र ठाकुर के निवास स्थान पर भाकपा माले एवम खेग्रामस वारिसनगर प्रखंड कमिटी की संयुक्त विस्तारित बैठक भाकपा माले प्रखंड सचिव का। रामचंद्र पासवान की अध्यक्षता में एवम खेग्रामस जिला सचिव का। जीवछ पासवान के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में बदलो बिहार न्याय यात्रा को सफलतापूर्वक अपने प्रखंड से गुजारने, पद यात्रा में शामिल आगंतुकों का भव्य स्वागत करने के साथ-साथ वारिसनगर प्रखंड से ज्यादा से ज्यादा भागेदारी को सुनिश्चित करने की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया।

मौके पर खेग्रामस के जिला सचिव का। जीबछ पासवान ने कहा बेनीपट्टी से विभूतिपुर मिथिला जोन पद यात्रा 16 अक्टूबर को 10 बजे दिन से अम्बेडकर चौक बेनीपट्टी मधुबनी से शुरू होकर 17 अक्टूबर कलवाहि से मधुबनी,18 अक्टूबर को रैयाम मधुबनी,19 अक्टूबर छोटाई पट्टी से प्रस्थान कर के हेंगौली,सदर प्रखंड दरभंगा फिर 20 अक्टूबर को पोलो मैदान में 11 बजे से मिथिला विकास सम्मेलन को करने के बाद पंडा सराय होते हुए विलास पुर, हाया घाट के विभिन्न कार्यक्रमों को पूर्ण करते हुए 21 अक्टूबर की सुबह समस्तीपुर के लिए रामभद्र होते हुए मकसूद पुर हार्ट,खजरी,मुक्ता पुर रेलवे स्टेशन चौक में सभा करने के बाद पद यात्रा समस्तीपुर माले जिला कार्यालय की ओर रवाना हो जाएगी,मौके पर इंसाफ मंच के जिलाध्यक्ष डॉ. खुरशीद खैर ने साथियों को इस पद यात्रा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पद यात्रा में भाकपा माले के विधायक दल के नेता बहु चर्चित विधायक का.महबूब आलम,पार्टी पोलित ब्योरो सदस्य एवम मिथलांचल प्रभारी का। धीरेन्द झा,पूर्व महिला आयोग की अध्यक्षा पूर्व विधायक माले केंद्रीय कमिटी सदस्य का।

मंजू प्रकाश एवम आइसा के राष्ट्रीय महा सचिव का.प्रेसनजीत कुमार पद यात्रा में शामिल रहेंगे,इस लिए हम तमाम साथियों की जवाब दही बनती है कि इस बदलो बिहार न्याय यात्रा को सफल बनाने में तन-मन-धन से जी-जान लगा कर अभी से लग जाएं, पद यात्रा की तैयारी के सिलसिले में आयोजित इस बैठक में अन्य लोगों के अलावे प्रमुख नेताओं में संजीत पासवान, चंदेश्वर यादव उमेश कुमार महतो, दिनेश राय, अनिल महतो, सीता राम साहनी, कृष्ण देव शर्मा, प्रमोद मंडल, देवेंद्र ठाकुर, सुनिल कुमार राय विश्वनाथ राम बैद्यनाथ यादव, अन्नू अली, राम प्रीत पासवान, राम सेवक साह,लक्ष्मी दास, अशोक राय आदी नेताओं ने भी प्रमुख रूप से अपने-अपने विचारों को रखा। अंत में भाकपा माले अंचल सचिव और इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे का.राम चन्द्र पासवान ने सभी साथियों का धन्यवाद देते हुए मजबूत भागेदारी की उम्मीद जताते हुए इस बैठक के समापन की घोषणा की।



चरण सिंह

विचार

## तो फिर बिहार का एक और हो जाएगा टुकड़ा

भाजपा की समझ में यह बात आ गई है कि काम करो या न करो बस हिन्दुत्व का राग अलापता रहो। हिन्दू राष्ट्र नहीं बन रहा तो हिन्दू राज्य ही बनवा लो। सहयोगी दल पर दबाव अलग से। दरअसल २०२५ के विधानसभा चुनाव को देखते हुए जहां नीतीश कुमार भाजपा पर केंद्र सरकार को समर्थन देने का दबाव बनाए हुए हैं। ऐसे में नीतीश कुमार पर दबाव बनाने के लिए बीजेपी ने सीमांचल को अलग हिन्दू राज्य बनाने की मांग कर एक बड़ा दांव चल दिया है। अब यह मांग अब बीजेपी विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने उठाई गई है। हालांकि यह मांग पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, निशिकांत दुबे भी कर चुके हैं। निशिकांत दुबे ने तो बाकायदा संसद में इस मुद्दे को उठाया। ऐसे में प्रश्न उठता है कि केंद्र में बीजेपी को समर्थन दे रही जदयू इस मामले में क्या स्टैंड लेगी ? क्या नीतीश कुमार हिन्दू बहुल क्षेत्र को अल राज्य बनने दंगे। क्या बीजेपी विधानसभा चुनाव से पहले बिहार सरकार से सीमांचल को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव पारित करा देगी ? देखने की बात यह है कि हरिभूषण ठाकुर इस राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनवाना चाहते हैं। बचौल किशनगंज, अररिया, कटिहार, और पूर्णिया के कुछ जिलों को शामिल कर अलग राज्य बनाना चाहते हैं। बचौल का तर्क है कि बिहार के चार जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण हिन्दू अल्पसंख्यक हो गये हैं। सीमावर्ती राज्यों के ऐसे जिलों को जोड़कर केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाए। मतलब जैसे जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया है ऐसे ही सीमांचल को राज्य बनाकर केंद्र के अधीन कर दिया जाए।

बलौच का मानना है कि केंद्र शासित प्रदेश बनाकर ही घुसपैठ पर नियंत्रण किया जा सकता है, उनका कहना है कि बिहार क अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया, झारखंड के दुमका, पाकुर, साहेबगंज और राजमहल में आदिवासियों की संख्या घट रही है। इस वजह से धार्मिक और सामाजिक संतुलन बिगड़ रहा है। बीजेपी यह मानकर चल रही है कि जहां जहां हिन्दुओं की संख्या कम हुई वहां विभाजन की मांग उठने लगी है। एक समय ऐसा भी आएगा कि भारत से अलग होने की मांग उठने लगेगी। मतलब पहले ही हिन्दू राज्य बनवा दिए जाएं। भाजपा चाहती है कि पश्चिम बंगाल के मालदा, मुर्शिदाबाद, बिहार के अररिया, किशनगंज, कटिहार और झारखंड के संथाल परगना रीजन के छह जिले गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुर को शामिल कर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया जाए।

ऐसे में प्रश्न उठता है कि जब बिहार में बीजेपी अलग राज्य बनाने की मांग करेगी तो फिर दूसरे दलों को राज्य बनाने की मांग को लेकर करने वाले आंदोलन को कैसे रोक पाएगी ? हिन्दू बहुल क्षेत्र को राज्य बनाने और केंद्र के अधीन करने की बात नहीं उठेगी ? अलग राज्य बनवाने को लेकर आंदोलन सिख बहुल क्षेत्र को अलग राज्य बनाने की मांग नहीं की जाएगी ? खालिस्तान बनाने की मांग नहीं की जाएगी ? बीजेपी इस समय केंद्र के साथ ही विभिन्न राज्यों पर भी राज कर रही है। ऐसे में बीजेपी की जिम्मेदारी और जवाबदेही तो सबको साथ लेकर चलने की है। देश को एक सूत्र में पिरोए रखने की है। यदि बीजेपी ही विभिन्न राज्यों की मांग करने लगी तो फिर दूसरी पार्टियों को कैसे रोक पाएगी ? बिहार में जिस तरह से सीमांचल को अलग राज्य बनाने क मांग बीजेपी कर रही है। ऐसे में अब कई अन्य राज्य बनाने की मांग उठने लगे तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

## डॉ. मोहनराव भागवत: उपेक्षा जनित सक्रियता...?

-ओमप्रकाश मेहता-

वह भी एक जमाना था, जब भारतीय जनता पार्टी के सत्तारूढ़ वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवानी अपनी सरकार का कोई भी अहम फैसला बिना राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राय व पूर्व अनुमति के बिना नही लेते थे, पहले संघ को विश्वास में लेते थे, उसके बाद फैसला, किंतु पिछले एक दशक से स्थिति ठीक इसके विपरीत है, सत्ता उसी भारतीय जनता पार्टी की है किंतु आज वही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपनी उपेक्षा से काफी पीड़ित व उद्वेलित है और इसी सत्ता की उपेक्षा ने संघ को अपने संगठन की साख बचाने हेतु नई सक्रियता की ऊर्जा प्रदान कर दी है, इसीलिए पिछले कुछ दिनों से संघ प्रमुख डॉ. मोहनराव भागवत काफी सक्रिय और व्यस्त नजर आने लगे है, अब उन्हें अपनी सरकार की किसी तरह की भी चिंता नही रही, इसीलिए वे अपने संगठन की साख की रक्षा में पूरी तरह जुट गए है, चाहे फिर सत्तारूढ़ नेता उनसे अनवरत सम्बंध बनाकर रखें या नहीं? इसकी उन्हें अब कोई चिंता नही रही, अब वे अपने संगठन की साख को कायम रखने में ही अपना सर्वस्व न्यौछावर करना चाहते है, ऐसे में यदि यह कहा जाए कि सत्तारूढ़ भाजपा व संघ के पदाधिकारी आमने-सामने खड़े नजर आ रहे है, तो कतई गलत नही होगा? इसी सन्दर्भ में यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दक्षिण भारत में आयोजित संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में जाकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो तेवर दिखाए थे, उनसे तभी यह तय हो गया था कि अब संघ और भाजपा एक साथ नही बल्कि दोनों आमने-सामने है और इस घटना के बाद से ही संघ के शीर्ष पदाधिकारियों ने अपने संगठन के अस्तित्व की लड़ाई खुद लड़ना शुरू कर दिया है, इसीलिए आज दोनों ही समान विचारधारावाले संगठनों के नेता अलग-अलग नजर आने लगे है और संघ कुछ अधिक ही सक्रिय नजर आने लगा है और शायद इसीलिए संघ प्रमुख डॉ. मोहनराव भागवत का शब्द चयन काफी तीखा हो गया है, कोई आश्चर्य नही कि संघ सक्षम प्रतिपक्ष की भूमिका में नजर आने लगें, क्योंकि जो आज सत्ता के सामने प्रतिपक्ष है, वह देश व देशवासियों के अधिकारों व सहूलियतों की रक्षा के लिए इतना सक्षम नजर नही आ रहा है और इन्हीं सब स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए नेता प्रतिपक्ष की आलोचना भी शुरू हो गई है, इसीलिए ऐसी स्थिति में यदि संघ व उसके नेता प्रतिपक्षी की भूमिका में नजर आने लगे तो कोई आश्चर्य नही होगा? इन्हीं सब स्थितियों के परिप्रेक्ष्य में संघ प्रमुख मोहनराव भागवत के व्याख्यान 'द्विअर्थी' नजर आने लगे है, कभी वे हिन्दू और हिन्दुत्व के नाम पर अपरोक्ष रूप से सत्ता पर हमला करते है तो कभी हमारे पड़ौसी देशों की साजिशों को सामने लाकर, आज एक और जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने आपको विश्वस्तरीय लोकप्रिय नेता होने की झलक दिखाने का प्रयास करते है, तो कभी डॉ. मोहनराव भागवत विदेशी सम्बंधों व पड़ौसी देशों की कार-गुजारियों की आड़ में हमारी विदेश नीति की आलोचना कर रहे है, श्री भागवत का स्पष्ट आरोप है कि हमारे सामाजिक रिश्तों को विदेशी ताकते अपनी साजिशों के माध्यम से ध्वस्त करने का प्रयास कर रही है और हम और हमारी सरकार खुली आंखों से यह सब चुपचाप देख रहें है, इस प्रक्रिया को नही रोका गया तो हमारा काफी नुकसान होगा। अब उन्होंने यह चेतावनी भी देनी शुरू कर दी है कि यदि हम दुर्बल और असंगठित रहे तो वह हमारे लिए अत्याचार को निमंत्रण देने जैसा होगा, इसलिए हमें अभी से सचेत हो जाना चाहिए। इस प्रकार कुल मिलाकर अब भाजपा के ही शासनकाल में सत्ता-संगठन और संघ तीनों के स्वर अलग-अलग हो गए है और सत्तारूढ़ दल के साथ ऐसा होना स्थिति, परिस्थिति और देशकाल के लिए शुभ नही है। हमें समय रहते इस दिशा में सजग होना पडेगा।

# एपीजे अब्दुल कलाम: नए भारत के युवाओं के लिए एक प्रेरणा



-प्रियंका सौरभ

कलाम ने हमेशा अपने दमदार भाषणों के माध्यम से युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का प्रयास किया था। दरअसल, उनके कुछ फैसले भी उनके अपने युवा जुनून का ही नतीजा रहे हैं। उदाहरण के लिए, भारत के राष्ट्रपति के रूप में एक आरामदायक जीवन नहीं जीने और छात्रों, युवा पीढ़ी को पढ़ाने और अपना ज्ञान प्रदान करने का बहुत महत्त्वाकांक्षी उद्यम करने का उनका निर्णय स्पष्ट रूप से एक युवा कार्य था। डॉ कलाम के पास पवित्र पुस्तक कुरान और भगवद गीता को समान रूप से पढ़ने का कौशल था।

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम बहुमुखी प्रतिभा के व्यक्ति थे। वह राष्ट्रपति के कार्यालय में लाए गए अच्छे स्वभाव के लिए जाने जाते है, वे एक लेखक और प्रेरक वक्ता, तमिल में एक कवि, एक शौकिया संगीतकार और बहुश्रुत थे। हालांकि, सबसे बढ़कर, वे आविष्कार, अनुकूलन और प्रशासन के लिए एक स्वभाव के साथ एक वैज्ञानिक थे-ऐसे गुण जिन्होंने उन्हें राष्ट्रीय कल्पना की अग्रिम पंक्ति के लिए प्रेरित किया, जब उन्होंने अपने अधिकांश पेशेवर जीवन को भारत को आसमान तक पहुँचाने में मदद करने के लिए रॉकेटरी को समर्पित किया। कलाम 2002 से 2007 तक भारत के 11वें राष्ट्रपति थे। डॉ कलाम ने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से स्नातक करने के बाद डीआरडीओ में अपना करियर शुरू किया। वह रक्षा अनुसंधान और विकास सेवा (डीआरडीएस) के सदस्य बनने के बाद एक वैज्ञानिक के रूप में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) में शामिल हो गए। कलाम ने जाहिर तौर पर डीआरडीओ में एक छोटा होवरक्राफ्ट डिजाइन करके अपने करियर की शुरूआत की थी। 1965 में, कलाम ने स्वतंत्र रूप से संस्थान में एक विस्तार योग्य रॉकेट परियोजना पर काम शुरू किया और 1969 में उन्होंने सरकार की मंजूरी प्राप्त की और अधिक इंजीनियरों को शामिल करने के लिए कार्यक्रम का विस्तार किया।

डीआरडीओ में अपने कार्यकाल के दौरान, कलाम ने प्रोजेक्ट डेविल और प्रोजेक्ट वैलेंट नामक दो परियोजनाओं का निर्देशन किया, जिसका उद्देश्य एसएलवी कार्यक्रम की तकनीक से बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करना था। कलाम ने एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम के तहत अग्नि और पृथ्वी जैसी मिसाइलों को विकसित करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके वे मुख्य कार्यकारी अधिकारी थे। कलाम को पोखरण-द्वितीय परमाणु परीक्षणों में एक प्रमुख भूमिका निभाने का भी श्रेय दिया जाता है, जो जुलाई 1992 से दिसम्बर 1999 तक प्रधान मंत्री के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के सचिव के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान किए गए थे। डॉ कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (आईएनसीओएसपीएआर) का हिस्सा थे, जिसे भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के पिता डॉ विक्रम साराभाई द्वारा स्थापित किया गया था। रॉकेट इंजीनियरों की टीम, जिसमें कलाम एक हिस्सा थे, ने थुम्बा इक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन की स्थापना की, जिसका उपयोग आज भी इसरो द्वारा परिज्ञापी रॉकेट लॉन्च करने के लिए किया जाता है। कलाम भारत के पहले सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल के परियोजना निदेशक भी थे, जिसने रोहिणी उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक तैनात किया था। कलाम ने पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल के विकास में भी अहम भूमिका निभाई है।

कलाम ने हमेशा अपने दमदार भाषणों के माध्यम से युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का प्रयास किया था। दरअसल, उनके कुछ फैसले भी उनके अपने युवा जुनून का ही नतीजा रहे हैं। उदाहरण के लिए, भारत के राष्ट्रपति के रूप में एक आरामदायक जीवन नहीं जीने और छात्रों, युवा पीढ़ी को पढ़ाने और अपना ज्ञान प्रदान करने का बहुत महत्त्वाकांक्षी उद्यम करने का उनका निर्णय स्पष्ट रूप से एक युवा कार्य था। डॉ कलाम के पास पवित्र पुस्तक कुरान और भगवद गीता को समान रूप से पढ़ने का कौशल था। व्यक्ति के दृष्टिकोण से, डॉ कलाम शांतिप्रिय व्यक्ति थे। वह शास्त्रीय संगीत से प्यार करते थे और वीणा को अत्यंत शिष्टता के साथ बजाते थे। वह तमिल कविताएँ लिखते थे जो पाठक को आकर्षित करने के लिए प्रसिद्ध थीं। मानो इतना ही काफी नहीं था, डॉ. कलाम एक उत्साही पाठक भी थे। उन्होंने इंडिया 2020: ए विजन फॉर द न्यू मिलेनियम, विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स: अनलीशिंग द पावर इन इंडिया, ट्रांसेंडेंस: माई स्पिरिचुअल एक्सपीरियंस विद प्रमुख स्वामीजी, ए मेनिफेस्टो फॉर चेंज: ए सीक्वल टू इंडिया 2020 जैसी कई किताबें भी लिखीं। उनके चेहरे पर अक्सर एक स्कूली शिक्षक की तरह एक कठोर अभिव्यक्ति होती थी। एसअलवी-3 की सफलता ने उन्हें 1981 में पद्म भूषण दिलाया; 1990 में डीआरडीओ, पद्म विभूषण में उत्कृष्टता; और अंततः 1997 में भारत रत्न।

कलाम का मानना था कि शासन में प्रवेश करने वाले युवा अधिकारियों को एक दीर्घकालिक लक्ष्य निर्धारित करना होता है जिसके लिए उन्हें याद किया जाएगा। यह लक्ष्य उन्हें उनके करियर के दौरान हर समय प्रेरित करेगा और सभी समस्याओं को दूर करने में उनकी मदद करेगा। हमारे देश के युवा नौकरशाहों को यह याद रखना चाहिए कि जब वे कठिन मिशन करते हैं, तो समस्याएँ आती हैं, लेकिन हमें समस्याओं को हराना है और सफल होना है। यदि एक सिविल सेवक का काम राष्ट्र को सुशासन प्रदान करना है, तो इस उद्देश्य को कैसे प्राप्त किया जा सकता है? कलाम के अनुसार, शासन का आकलन इस बात से किया जाता है कि यह लोगों की जरूरतों के प्रति कितना सक्रिय और उत्तरदायी है। शासन को लोगों को नैतिक रूप से ईमानदार, बौद्धिक रूप से श्रेष्ठ और उच्च गुणवत्ता वाला जीवन जीने में मदद करनी चाहिए। यह ज्ञान के अधिग्रहण और संवर्धन के माध्यम से संभव है।

# कट्टरता के सामने तकनीक का कमाल

-डा. रवीन्द्र अरजरिया-

शक्ति की उपासना के पावन पर्व पर बंगला देश में इस्लामिक क्रान्ति का आह्वान करके कट्टरपंथियों ने एक बार फिर सनातन की शान्तिप्रियता को तार-तार कर दिया है। वहां पर होने वाली हिंसक घटनायें जहां आस्था के आयामों को सीधा प्रभावित करतीं है वहीं कट्टरपंथियों के मानवता विरोधी मंसूबों की मुसलमानों में आम सहमति के रूप में रेखांकित भी करती है। अन्याय पर न्याय की विजय, असत्य पर सत्य की जीत और वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा वाले पर्व पर हिंसा, अन्याय और विभेद का बारूद फोडने वाली जमात पूरी तरह सुरक्षित हैं। उनके आकाओं के दिखाने वाले दांतों के मध्य से एकता की चासनी टपक रही है परन्तु असली दांतों से गजवा-ए-दुनिया के रास्ते में आने वालों को निरंतर चबाते भी जा रहा है। वहां के चटगांव स्थित जत्रामोहन सेन हाल में चल रही दुर्गा पूजा में कट्टरपंथियों ने मंच चढकर जबरजस्ती इस्लामिक क्रान्ति का आह्वान करते हुए गीत गाये गया तो ढाका के भालो बंगला के पूजा पंडाल में तोडफोड की गई। ढाकेश्वरी मंदिर में इस्लाम के नारे बुलंद करने की खबरें आती रहीं तो जोरान में आस्था स्थल को सरेआम नस्तनाबूत कर दिया गया। वहां की अन्तरिम सरकार के नुमाइन्दों व्दारा सब कुछ नियंत्रण में होने के वक्तव्य जारी किये जाते रहे और धरातल पर लहू की धार से नहाने वालों की पीठ पर हाथ भी रखा जाता रहा। वहां के पुलिस महानिरीक्षक मोइनुल इस्लाम ने स्वयं ही 35 बडी घटनाओं को स्वीकारा है जिनमें से 11 मामले दर्ज हुए और 24 को सामान्य डायरी में लिखा गया है। बाकी सैकडों घटनाओं को पूरी तरह नजरंदाज कर दिया गया। ऐसा ही घटनाक्रम तख्तापलट के दौरान भी सामने आया था, जब वहां के अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सम्पत्तियों को तहसनहस किया गया था। बेखौफ होकर लूटपाट की गई थी। निर्मम हत्याओं का सिलसिला चल निकला था। हिन्दुओं की महिलाओं को चुन-चुनकर हवस का शिकार बनाया गया था मगर उस सबको भीड की करामात, लोगों का आक्रोश और सामूहिक उत्तेजना कहकर हाशिये पर पहुंचा दिया गया था। तभी से वहां राष्ट्रीय तंत्र पर पूरी तरह से कट्टरपंथी हावी हैं जो आतंक को, जुल्म को, कत्लेआम को ही मजहब मानते हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सरकार ने मदरसों के मौलानाओं के वेतन में तीन गुना की बढोत्तरी करने की घोषणा कर दी। इस घोषणा को सरकार के सभी घटक दलों ने धर्म निरपेक्षता की दिशा में एक महात्वपूर्ण कदम बताया है। एक ओर कट्टरता की बाढ तले देश-दुनिया तबाह हो रही है वहीं मजहबी तालीम के नाम पर अधिकांश मदरसों में निकले वाली आतंकी जमात अपनी खुराफाती तामीलदारों की पढाई को ही हकीकत में खुदा का हुक्म मान बैठती है। ऐसे में जहां मदरसों को शासनाधीन करना बेहद आवश्यक है वहां मदरसों के वर्तमान स्वरूप को ही मजबूत करना घातक ही नहीं बल्कि आत्मघाती होगा। आन्दोलन के नाम पर शक्ति प्रदर्शन, जेहाद के नाम पर जुल्म और इस्लाम के नाम पर काफिरों के खात्मे का फतवा, अपना अमली जामा पहनता जा रहा है। देश के बद से बद्तर होते हालातों के साथ-साथ दुनिया के भर में आतंक का दावानल खतरनाक ढंग से बढता जा रहा है। सन् 1946 में इस्लामिक देशों की संख्या केवल 6 थी, जबकि वर्तमान में 57 हो गई है। इस्लाम के नाम पर संगठित होने का आह्वान कर चुके इरान के मुखिया अयातुल्ला अली खामेनेई तो यहूदी बाहुल्य देश इजराइल को नस्तनाबूत करने में कोई कसर नहीं छोड रहे हैं। उन्होंने अपनी रणनीति के तहत यहूदी राष्ट्र को एक साथ आठ मोर्चों पर घेर लिया है ताकि उसके बचने की संभावनायें पूरी तरह समाप्त हो जायें। गाजा की ओर से हमास, लेबनान की ओर से हिजबुल्लाह, यमन की ओर से हूती, ईराक की ओर से मिलिशिया के अलावा सीरिया, तेल अवीव, हदेरा तथा बीशेर्बा की ओर से निरंतर हमले हो रहे हैं। रूस और चीन जैसे देश पर्दे के पीछे से आतंकियों को हथियारों के जखीरे भेज रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी छद्म वेश में आतंकियों के पक्ष में खडे दिख रहे हैं। उसने षडयंत्र करके शान्ति सेना में भारतीय सैनिकों को ब्लू लाइन पर तैनात कर दिया है ताकि इजराइली मिसाइलों से उनका वध हो सके। गुटेरेस की चाल समझकर इजाराइल ने अपनी युध्द शैली में अद्भुत परिवर्तन कर लिया। उसने साइबर हमले में एक बार फिर ईरान को धूल चटा दी। पहले उसने हिजबुल्लाह को पेजर ब्लास्ट, वाकी-टाकी ब्लास्ट, इलैक्ट्रानिक ब्लास्ट आदि से अपनी क्षमताओं की बानगी दी थी और अब उसने आतंकियों के संरक्षक बनकर उभरने की तैयारी में लगे ईरान की न्यायापालिका, विधायिका और कार्यकारी शाखाओं सहित परमाणु विंग तक की नेटवर्किंग पर अपने साइबर शस्त्र से प्रहार शुरू कर दिये हैं। बंदरगाह नेटवर्क, ईंधन वितरण नेटवर्क, परिवहन नेटवर्क, सिटी नेटवर्क सहित अधिकांश तंत्र विकलांग हो गये हैं। ईरान के सुप्रीम काउंसिल आफ साइपरस्पेस के पूर्व सचिव फिरोजाबादी ने इन साइबर हमलों की पुष्टि करते हुए कहा है कि हमारे परमाणु संयंत्रों को भी इजराइल ने साइबर हमलों से निशाना बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ईरान ने इजराइल को बैलिस्टिक मिसाइल निशाना बनाया था। इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने स्पष्ट किया था कि ईरान को अपने मिसाइल कार्यक्रमों तथा आतंकियों की मदद पर रोक लगाना चाहिए ताकि दुनिया में शान्ति कायम रह सके। मगर ईरान ने इजराइल को आठों ओर से घेरकर एक तरह से अमेरिका के सामने भी अप्रत्यक्ष चुनौती पेश कर दी है। इस युध्द में केवल ईरान, लेबनान, यमन, गाजा, फिलिस्तीन, ईराक, सीरिया जैसे कट्टरपंथी देशों के सामने इजराइल ही नहीं है बल्कि वास्तव में रूस और चीन के सामने अमेरिका भी है। चुनौतियों पर चुनौतियां पेश हो रहीं हैं। विश्वयुध्द के मुहाने पर पहुंच चुके हालातों में इजराइल जैसा छोटा सा देश अपनी अस्मिता बचाने के लिए कट्टरता के सामने तकनीक का कमाल करने में जुटा है। ऐसे में अमन पसन्द लोगों को खुलकर आतंकवाद के विरोध में खडा हो जाना चाहिए तभी जेहाद के नाम पर होने वाले जुल्म रुक सकेंगे। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे नोएल टाटा

-आर.के. सिन्हा-

रतन टाटा के निधन के एक दिन बाद ही उनके सौतेले छोटे भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से ही टाटा समूह परोपकारी कामों को करता है। पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदमों पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे, और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे। वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष हैं। उनकी छवि रतन की तरह ही धीर-गंभीर है। वह कोई बहुत खबरों में रहना पसंद नहीं करते। वह एक कर्मयोगी की तरह काम में लगे रहना पसंद करते हैं। रतन टाटा भी तो सुर्खियों से दूर ही रहना पसंद करते थे और एक शमीर्ले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे।

रतन की तरह नोएल को भी अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे। नवल टाटा ने अपने एक निकट संबंधी सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी, अभी भी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। नोएल की मां सिमोन हैं। वह रतन टाटा की अंत्येष्टि में मौजूद थीं। उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की कंपनी लैक्मे को स्थापित किया था। सिमोन टाटा मूल रूप से स्विट्जरलैंड से हैं। वह 1953 में जब भारत आईं तो यहां उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई। उसके बाद दोनों शादी की। उन्होंने रतन टाटा और नोएल का पालन झपोषण किया।

बहरहाल, नोएल टाटा के ऊपर एक बड़ी जिम्मेदारी है कि वह रतन टाटा की विरासत को आगे लेकर जाएं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को दुनिया के बड़े कोरपोरेट हाउस में तब्दील कर दिया था। रतन टाटा अपने ग्रुप के 1991 से 2012 तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान टाटा ग्रुप के मुनाफे में 50 गुना वृद्धि हुई, जिसमें अधिकांश राजस्व विदेशों में जगुआर और लैंड रोवर वाहनों और टेटली चाय जैसे पहचाने जाने वाले टाटा उत्पादों की बिक्री से आया। रतन टाटा के नेतृत्व में उनके समूह का भारत में प्रभाव पहले से कहीं अधिक ही हुआ।

दरअसल रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे।

रतन टाटा ने वक्त रहते ही टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े कइसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमेन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटोर के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमेन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं।

एक बात समझनी होगी कि किसी कंपनी या उद्योग समूह की सफलता का माप केवल उसके वित्तीय प्रदर्शन से नहीं होता है। कंपनी का चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के प्रबंधन को ग्राहकों, कर्मचारियों, या समाज के साथ ईमानदारी बरतनी चाहिए। रतन टाटा की सरपरस्ती में टाटा समूह ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। रतन टाटा के लिए अपने ग्राहकों को संतुष्ट करना पहली प्राथमिकता रही। उनके चलते उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और ग्राहक सेवा में उच्च मानक रखे गए। वह अपने ग्राहकों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाने में यकीन करते थे। वह ग्राहकों को सुनते और उनकी जरूरतों को समझते थे।

रतन टाटा ने अपने सामाजिक दायित्वों को हमेशा समझा। इसीलिए टाटा समूह हर साल बहुत बड़ी रकम खर्च करता है। टाटा समूह सिर्फ एक कॉर्पोरेशन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संगठन है जिसके डीएनए में "समाज सेवा" है। जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया है। यह अपने धर्मार्थ कार्यो के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

जमशेदजी को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से ही प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्व धर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है।तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगें और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा जो ह्लमाई डियर जेआरडी ह्ल के नाम से प्रसिद्ध है।स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि ह्लआप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो। लेकिन, विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊँची पढाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास ही कि तुम ऐसा ही करोगे।ह्व स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बैंगलुरु में तत्काल ही एक विज्ञान का बढिया संस्थान शुरू कर दिया जो आज ह्ल इण्डियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस ह्ल के नाम से विश्व विख्यात हैं और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते है, या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं।

अब नोएल टाटा को टाटा समूह के धर्मार्थ कार्यो पर फोकस देना होगा। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास, आपदा राहत और कला-संस्कृति जैसे क्षेत्रों में काम करना होगा। टाटा समूह समाज सेवा में एक दीर्घकालीन प्रतिबद्धता रखता है। वह कई दशकों से इन कार्यों में लगातार जुड़ा हुआ है और यह प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहनी चाहिए। सारे देश को पता है कि टाटा समूह समाज सेवा के माध्यम से सतत विकास में विश्वास रखता है। इसके कार्य न सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी साबित होंगे। टाटा समूह के धर्मार्थ कार्य देश के विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान हैं। अब देश को नोएल टाटा से यह आशा है कि वह अपने समाज सेवा से जुड़े कार्यों को जारी रखेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

## एक नजर

### जत्थेदारों के विवाद में अकाल तख्त के आदेश पर विरसा सिंह ने अकाली दल छोड़ा

**चंडीगढ़।** अकाल तख्त साहिब के आदेश पर मंगलवार को वरिष्ठ अकाली नेता विरसा सिंह वल्टोहा ने शिरोमणि अकाली दल के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। अकाल तख्त साहिब ने पेशी के बाद आज सुबह ही शिरोमणि अकाली दल को आदेश दिए थे कि विरसा सिंह वल्टोहा को पार्टी से निकाला जाए। विरसा सिंह वल्टोहा ने शिरोमणि अकाली दल के सभी पदों से इस्तीफा देने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज श्री अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होने के बाद दिए गए आदेश को सिर झुकाकर स्वीकार करता हूं। वल्टोहा ने आज हुई सुनवाई की पूरी वीडियो मीडिया को जारी करने की भी मांग की।

### सोनीपत में 50 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मंगलवार को सोनीपत जिले के सिटी पुलिस थाने में तैनात ईएसआई बलवान सिंह को 50 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपित ने शिकायतकर्ता के भाई को समझौते की प्रति उपलब्ध करवाने के बदले में रिश्वत मांगी थी। ब्यूरो मामले की जांच कर रही है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके भाई के खिलाफ सिटी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की गई थी, जिस संबंध में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। इस मामले में आरोपित ईएसआई बलवान सिंह शिकायतकर्ता के भाई को समझौते की प्रति उपलब्ध करवाने के बदले में पचास हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार बलवान पहले ही 3.50 लाख रुपये ले चुका है। शिकायत दर्ज करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मामले की पुष्टि की और फिर आरोपित को पकड़ने के लिए एक योजना बनाई। मंगलवार को ब्यूरो ने जाल बिछाकर आरोपित बलवान सिंह को रंगे हाथ पकड़ने की कोशिश लेकिन वह रिश्वत की राशि लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपित बलवान सिंह को पकड़ लिया। आरोपित के खिलाफ रोहतक एंटी करप्शन ब्यूरो ने पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। इस मामले में आवश्यक सबूत जुटाते हुए जांच की जा रही है।

### उपचाराधीन बीमार पत्नी से मिलकर जा रहे वृद्ध को डंपर ने कुचला



**हिसार।** निजी अस्पताल में उपचाराधीन बीमार पत्नी से मिलकर सब्जी मंडी जा रहे एक वृद्ध को डंपर चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राम सिंह कालोनी निवासी 70 वर्षीय मामन राम के रूप में हुई है। हादसे के बाद चालक, डंपर ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामसिंह कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय मामन राम मंगलवार को एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन अपनी बीमार पत्नी से मिलकर अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से सब्जी मंडी जा रहे थे। जैसे ही उसकी स्कूटी टेलीफोन एक्सचेंज के सामने पहुंची तो पीछे से आ रहे एक डंपर ट्रक ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी और करीब 10 फूट तक उसकी स्कूटी को घसीटता हुआ ले गया। इससे इलेक्ट्रिक स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और डंपर के नीचे आने से मामन राम की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर के नीचे स्कूटी आने के लोगों द्वारा शोर मचाए जाने के बाद चालक चलते डंपर से छलांग लगाकर मौके से फरार हो गया।

### एक्शन मोड में गन्नौर के विधायक, सरकारी दफ्तरों का किया दौरा



**सोनीपत।** गन्नौर के नवनिर्वाचित विधायक देवेंद्र कादियान ने विधायक बनने के बाद मंगलवार को सरकारी अस्पताल, नगर पालिका और जनस्वास्थ्य विभाग का दौरा किया। साथ ही, अधिकारी और कर्मचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। इस दौरान एसडीएम डॉ. निर्मल नागर उनके साथ रहे। विधायक कादियान ने सबसे पहले सरकारी अस्पताल का दौरा किया, जहां उन्होंने मरीजों का हालचाल जाना और अस्पताल स्टाफ की बैठक ली। उन्होंने अस्पताल के कामों की प्रशंसा की, लेकिन साथ ही कहा कि कुछ छोटी-मोटी कमियों को जल्द ठीक किया जाएगा। अस्पताल स्टाफ ने साइन बोर्ड और रास्ते की समस्या उठाई, जिस पर विधायक ने समाधान का आश्वासन दिया।

विधायक कादियान ने नगर पालिका और पब्लिक हेल्थ विभाग में पहुंचे यहां उन्होंने कर्मचारियों की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई और उन्हें चेतावनी दी कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनता को बार-बार चक्कर न कटवाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने की सख्त हिदायत दी। जनस्वास्थ्य विभाग की स्थिति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की, क्योंकि शहर में सीवरेज और ड्रेनेज की समस्या गंभीर थी। शहरवासियों ने गंदे पानी की समस्या की शिकायत की, जिसके समाधान का वादा किया गया। विधायक के कार्यालय और आवास की सफाई के लिए भेजे गए कर्मचारियों को कादियान ने वापस भेज दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों का काम शहर की सफाई करना है, न कि विधायक के निजी कार्यों के लिए।

# पंजाब की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 13 नवंबर को, मतगणना 23 नवंबर को

**चंडीगढ़।** भारतीय चुनाव आयोग ने पंजाब की चार विधानसभा सीटों के लिए मंगलवार को उपचुनाव की घोषणा कर दी है। चारों सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। उपचुनाव की घोषणा के साथ ही आज से उन गुरदासपुर, होशियारपुर, श्री मुक्तसर साहिब और बरनाला जिलों में आचार संहिता लागू हो गई है।

पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने मंगलवार को बताया कि चुनाव आयोग ने 10-डेरा बाबा नानक, 44-चब्बेवाल (एस.सी.), 84-गिद्दड़बाहा और 103-बरनाला विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव घोषित किये हैं। कार्यक्रम के अनुसार 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है और नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को की जाएगी, जबकि नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। चारों सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपचुनाव की घोषणा के साथ ही आज से उन चार जिलों में आचार संहिता लागू हो गई है, जिन जिलों में ये विधानसभा क्षेत्र स्थित हैं। ये चार जिले हैं- गुरदासपुर, होशियारपुर, श्री मुक्तसर साहिब और बरनाला। आचार संहिता चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक यानी 25 नवंबर तक लागू रहेगी। मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि उपचुनाव वाले चार विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 6 लाख 96 हजार 316 है और 831 मतदान केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि 10-डेरा बाबा नानक में कुल मतदाता 1 लाख 93 हजार 268 हैं। यहां 241 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार 44-चब्बेवाल (एस.सी.) विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 59 हजार 254 है और यहां कुल 205 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सिबिन सी ने आगे बताया कि 84-गिद्दड़बाहा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 1 लाख 66 हजार 489 हैं। यहां कुल 173 मतदान



केंद्र बनाए गए हैं। सिबिन सी ने बताया कि 103-बरनाला विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 1 लाख 77 हजार 305 है और 212 मतदान केंद्र हैं। सिबिन सी ने बताया कि गुरदासपुर के डिप्टी कमिश्नर उमा शंकर गुप्ता को विधानसभा क्षेत्र डेरा बाबा नानक के उपचुनाव के लिए जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि होशियारपुर की डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल को विधानसभा क्षेत्र चब्बेवाल (एस.सी.) की जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार श्री मुक्तसर साहिब के डिप्टी कमिश्नर राजेश त्रिपाठी को विधानसभा क्षेत्र गिद्दड़बाहा का जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। बरनाला की डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर को बरनाला विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। सिबिन सी ने आगे बताया कि एसडीएम डेरा बाबा नानक को विधानसभा क्षेत्र डेरा बाबा नानक का रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि होशियारपुर के एडीसी (जी) को विधानसभा क्षेत्र चब्बेवाल (एस.सी.) का रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। एसडीएम गिद्दड़बाहा को विधानसभा क्षेत्र गिद्दड़बाहा का रिटर्निंग अधिकारी और एसडीएम बरनाला को विधानसभा क्षेत्र बरनाला का रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## भाजपा ने संकल्प पत्र को समर्पित किया नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को पंचकूला में आयोजित होने वाले नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को संकल्प पत्र को समर्पित किया है। पार्टी ने मंगलवार को जारी किए गए आधिकारिक निमंत्रण पत्र पर चुनावी संकल्प पत्र की घोषणाओं का जिक्र किया गया है। इस शपथ ग्रहण समारोह में बड़े नेताओं के अलावा उद्योगपति, खिलाड़ी, किसान और ड्रोन दीदियां भी शामिल होंगी।

देश के दो राज्य महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। ऐसे में भाजपा हरियाणा की जीत को इन राज्यों के चुनाव में भुनाना चाहती है। जिसके चलते 17 अक्टूबर को पंचकूला में आयोजित होने जा रहे शपथ ग्रहण समारोह के माध्यम से शक्ति प्रदर्शन की तैयारी हो चुकी है। हरियाणा में बहुत कम ऐसे अवसर पर हुए हैं, जब सत्ता और संगठन के साथ-साथ प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री एक ही मंच पर मौजूद हों। शपथ ग्रहण समारोह में 50 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। शपथ ग्रहण समारोह को यादगार बनाने के लिए 15 एकड़ के मैदान पर समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसे देखते हुए शपथग्रहण की जगह को परेड ग्राउंड से बदलकर शालीमार ग्राउंड किया गया है। भाजपा प्रवक्ता प्रवीण आत्रेय ने बताया कि समारोह में ड्रोन दीदी, प्रगतिशील किसान, सफाई कर्मचारी, उद्योगपतियों, खिलाडिों और सरकारी स्कीमों के लाभार्थियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। इन सभी के बैठने के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए जाएंगे। समारोह से पूर्व मंगलवार को पूरा दिन एनएसजी, हरियाणा पुलिस के सीआईडी विभाग, डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड ने समारोह स्थल पर चेकिंग की। एंट्री के लिए बनाए गए हैं, दस गेट,पंचकूला अस्पताल में बनाया सेफ हाउस, शालीमार ग्राउंड पर मेहमानों की एंट्री के लिए 10 गेट बनाए गए हैं। बैठने के लिए कुल तीन सिटिंग एरिया तैयार किए हैं। इनमें करीब 15 हजार कुर्सियां लगाई गई हैं। स्टेज एरिया के सामने करीब 120 फुट चौड़ा और करीब 200 फुट लंबा सेटिंग एरिया वीवीआईपी तथा वीआईपी के बैठने के लिए तैयार किया है। इसके दाईं ओर 40 फुट चौड़ा, 60 फुट लंबा और बाईं ओर 40 फुट चौड़ा और 132 फुट लंबा एरिया लोगों की सिटिंग के लिए बनाया गया है। लाइव देखने के लिए ग्राउंड में कुल 14 एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी। इनमें 3 स्क्रीन 45 फुट चौड़ी होंगी, जो पीएम की स्टेज के पास होंगी। बाकी 15 फुट ऊंची स्क्रीन पूरे सिटिंग एरिया और एंट्री व एग्जिट पर लगाई जाएंगी।शपथ ग्रहण समारोह में आने वाले वीआईपी के लिए सिविल अस्पताल में एक सेफ हाउस बनाया जा रहा है। जहां एक सीनियर डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की गई है। प्रधानमंत्री और राज्यपाल के लिए तीन से ज्यादा टीमें बनाई गई हैं। इसके साथ ही पांच एंबुलेंस भी समारोह स्थल और सेफ हाउस में तैनात रहेंगी। समारोह स्थल की मेन एंट्री के ठीक सामने बनी सेक्टर 8 और 9 के कमर्शियल सेंटर की पार्किंग को वीआईपी पार्किंग में तब्दील किया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर 5 में होटल और अन्य कमर्शियल पॉइंट की पार्किंग भी ठीक की जा रही हैं।

## पंजाब में पंचायत चुनाव के दौरान छिटपुट हिंसा

**चंडीगढ़।** पंजाब में मंगलवार को पंचायत चुनाव के दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। शाम चार बजे तक औसतन 55 प्रतिशत मतदान हुआ है। जो लोग शाम चार बजे तक कतारों में खड़े हैं, उनके वोट डलवाए जाने के बाद ही मतगणना होगी। राज्य में कुल 13,937 ग्राम पंचायतें हैं। चुनाव ईवीएम की बजाय बैलट पेपर से हो रहे हैं। बैलट पेपर पर नोटा का विकल्प भी है।

पंचायत चुनाव में 96 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस की तरफ से भी पुख्ता इंतजाम हैं। आज सुबह आठ बजे शुरू हुए मतदान के दौरान पटियाला में एक मतदान केंद्र पर गोलियां चलीं और पथराव हुआ। घटना में 2 लोग घायल हो गए। आरोप है कि बाहरी लोगों ने गांव के मतदान केंद्र पर फायरिंग की। बरनाला में पंचायत चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान सीनियर कांस्टेबल लक्खा सिंह (53 वर्ष) के रूप में हुई है। जगरांव के कोठे अठचक्क गांव में मतदान शुरू होते ही विवाद हो गया। लोगों के हंगामे के बाद वहां करीब एक घंटे तक वोटिंग रुकी रही। इसके अलावा जगराओं के गांव पोना और गांव डल्ला में चुनाव रद्द करने के आदेश दिए गए हैं। पंचायत चुनाव ड्यूटी के लिए फाजिल्का से जालंधर आए एक शिक्षक की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

इस बारे में उसके सहयोगियों को मंगलवार की सुबह मतदान से कुछ समय पहले पता चला। मानसा जिले के गांव मानसा खुर्द में बैलेट पेपर गलत छपने के कारण वोटिंग रोक दी गई। तरनतारन जिले के गांव सोहल सैण में मतदान केंद्र के बाहर गोली चली। गोली लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। मतदान के लिए कतार में खड़े लोगों के बीच विवाद हुआ। जीरा के लोहके खुर्द में भी बूथ कैप्चरिंग की कोशिश हुई। वहां पर बैलट पेपरों पर स्याही डालकर वोटों को खराब किया गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि इस बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाकर मामला सुलझाया गया।

## सिरसा पुलिस ने दिल्ली से पकड़े लाखों की ठगी के दो आरोपी

**सिरसा।** साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने 17 लाख रुपए की साइबर ठगी के मामले में दो आरोपियों को मंगलवार सुबह दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अनिल कुमार पुत्र जीमा लाल निवासी संगम विहार न्यू दिल्ली तथा दीपक पुत्र चंद्रेश कुमार निवासी न्यू अशोक विहार, दिल्ली के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि रिमांड अवधि के दौरान जहां आरोपियों की निशानदेही पर ठगी की राशि बरामद की जाएगी। वहीं पर इस ठग गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी अनुसार महेंद्र पुत्र रंजीत सिंह निवासी शेरपुरा जिला सिरसा को बीमा पॉलिसी में मोटा मुनाफा देने का झांसा देकर बीती जनवरी से लेकर जून माह तक की अवधि के दौरान करीब 17 लाख 61 हजार रुपए की ठगी की गई थी। इस संबंध में महेंद्र कुमार की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन,

## हर क्षेत्र में क्रांति ला रहे आर्टिफिशियल

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में डेटावर्स क्लब द्वारा एक वेबिनार का आयोजन किया गया। ह्यआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंगह्ण विषय पर केंद्रित इस वेबिनार का आयोजन ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म स्किलफाइमे के सहयोग से किया गया। वेबिनार में विद्यार्थियों को उभरती हुई तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और बताया गया कि कैसे ये तकनीकें व्यवसाय की वृद्धि में अहम भूमिका निभाती हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मंगलवार को इस वेबिनार की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग की नई तकनीकों के प्रति जागरूक बनाते हैं और उन्हें उभरते हुए अवसरों के लिए तैयार करते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग वर्तमान युग में हर क्षेत्र में क्रांति ला रहे हैं, और हमारे छात्रों को इनका ज्ञान होना अनिवार्य है।



वेबिनार के दौरान विशेषज्ञों के रूप में राज शेखर, निकिता, आयुष व कपिल ने अपने विचार साझा किए। क्लब की सचिव पूजा ने वेबिनार का संचालन किया। विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स तथा नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से समझाया। विशेषज्ञों ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वह तकनीक है जो कंप्यूटर को इंसानों की तरह सोचने और कार्य करने की क्षमता प्रदान करती है, जबकि मशीन लर्निंग के माध्यम से कंप्यूटर बिना विशेष निर्देशों के ही डेटा से सीखने की क्षमता प्राप्त करता है। इसके अलावा, विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि कैसे मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करके व्यवसायों के लिए भविष्यवाणी मॉडल तैयार किए जा सकते हैं।

वेबिनार में विद्यार्थियों को व्यवसायों में डेटा एनालिटिक्स और डेटा साइंस के महत्व को भी बताया गया, जिसमें इन तकनीकों के उपयोग से तेज और सटीक निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही, नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग के व्यावहारिक उपयोग पर भी चर्चा की गई, जो कि मानव भाषा को कंप्यूटर द्वारा समझने और प्रोसेस करने की तकनीक है। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने कहा कि यह वेबिनार न केवल विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान को बढ़ाता है, बल्कि उनके व्यावसायिक दृष्टिकोण को भी विस्तृत करता है।

बिजनेस एनालिटिक्स के कोऑर्डिनेटर प्रो. दलबीर सिंह ने वेबिनार के विषय को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि डेटा साइंस और मशीन लर्निंग के माध्यम से व्यवसायों के लिए भविष्यवाणियां करना आज के समय की आवश्यकता है। डॉ. प्रमोद कुमार ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के माध्यम से भविष्य में कई व्यापारिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है और विद्यार्थियों को इन तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।

# मसाले वाली फसलों की खेती करके किसान कमा सकते हैं अधिक लाभ : डॉ. एसके सिंह

- एचएयू में 35वीं अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना की बैठक का शुभारंभ

**हिसार,एजेंसी।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 35वीं अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना की तीन दिवसीय वार्षिक समूह बैठक मंगलवार को शुरू हुई। इसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के उप-महानिदेशक (बागवानी) डॉ. एसके सिंह मुख्य अतिथि रहे जबकि बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व उप-महानिदेशक (बागवानी), डॉ. एन कृष्णा कुमार, डॉ. वीए पाथासारथी व एडीजी डॉ. सुधाकर पांडे उपस्थित रहे। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सब्जी विज्ञान विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय मसाला अनुसंधान संस्थान, कोझीकोड, कालीकट, केरल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही इस बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के 40 अखिल भारतीय कृषि अनुसंधान परियोजना केंद्रों से आए वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ. एसके सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मसालों की खेती में नर्सरी से लेकर खेत में उत्पादन के बाद प्रसंस्करण पर और अधिक काम करने की जरूरत है। ताकि मशालों कि खेती को और अधिक लाभकारी बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि मसाले वाली फसलों की खेती कर-के किसान अन्य फसलों के मुकाबले अधिक लाभ कमा सकते है। किसानों को एफपीओ के सहयोग से समूह बनाकर खेती करने के लिए प्रेरित करने कि जरूरत है। जलवायु में हो रहे परिवर्तनों के कारण एग्रो-क्लाइमेट क्षेत्रों के हिसाब से योजना बनाकर उन्नत किस्मों की खेती करने से अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा




कि उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ-साथ मसालों की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने की जरूरत है ताकि मसालों के उपयोग से स्वास्थ्य में कोई हानि न हो। आईसीएआर के कोझीकोड और अजमेर में मसालों के राष्ट्रीय स्तर के संस्थान कार्यरत हैं। उन्होंने मसालों की खेती में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक करने का भी आह्वान किया। उन्होंने जानकारी सांझा करते हुए कहा कि हाल ही में जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशील एवं अधिक उत्पादन देने वाली फसलों की 109 किस्मों का विमोचन किया गया था जिसमें 6 किस्में मसालें वाली फसलों की थी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कंबोज ने कहा कि मसाले न केवल हमारे भोजन में स्वाद और जायका जोड़ते हैं बल्कि हमारे भोजन की गुणवत्ता और औषधीय मूल्यों को भी बढ़ाते हैं। भारत को मसालों और मसाला उत्पादों का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक होने के कारण ह्यमसालों की भूमिह्ण के रूप में भी जाना जाता है। भारत के मसाले विश्व में अपने जायके के लिए प्रसिद्ध हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) द्वारा सूचीबद्ध 109 मसालों में से, भारत अपने विविध कृषि-जलवायु क्षेत्रों के कारण 63 का उत्पादन करता है। भारत में उगाए जाने वाले कुल 63 मसालों में से 20 को बीज मसालों के रूप में वर्गीकृत किया गया है जिनके सूखे बीज या फलों का उपयोग मसाले के रूप में किया जाता है और वे देश के लगभग 45 प्रतिशत क्षेत्र और कुल मसाला उत्पादन का 18 प्रतिशत हिस्सा योगदान करते हैं। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय बैठक में मसालों से संबंधित आगामी 15 वर्षों का रोड़ मैप बनाया जाएगा। किसानों की आय को दोगुना करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए सफल फसल किस्मों की पहचान करके किसानों के लिए लाभ को बढ़ाने की अनिवार्यता पर जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों के विचार-विमर्श से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को मसालों में भविष्य के अध्ययन और अनुसंधान पहलों के लिए उज्ज्वल सुझाव देने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में डॉ. एन कृष्णा कुमार, डॉ. वीए पाथासारथी, डॉ. सुधाकर पांडे, आईसीएआर-आईआईएसआर के निदेशक डॉ. आर.दिनेश व राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र के निदेशक डॉ. विनय भारद्वाज ने भी मसाले वाली फसलों का उत्पादन बढ़ाने के संबंध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न भागों से प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन करने के अतिरिक्त उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवसारी कृषि विश्वविद्यालय के एआईसीआरपी सेंटर को बेस्ट सेंटर के अवार्ड से नवाजा गया। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए मसालों के उत्पादन एवं अनुसंधान से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सब्जी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. तेहलान ने कार्यक्रम में आए हुए सभी वैज्ञानिकों और अधिकारियों का धन्यवाद किया। मंच का संचालन श्वेता ने किया। इस अवसर पर सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सांप का पूरा परिवार घरों तक पहुंचा

12 रसेल वाइपर के मिलते ही वन विभाग को याद आए रामानुज



**बेगूसराय,संवाददाता।** बिहार के बेगूसराय में सांपों का कुनबा अब घनी बस्तियों की ओर जा रहा है। इस दौरान सांप के घरों में प्रवेश करने से ग्रामीण परेशान हैं। बेगूसराय में बाढ़ के पानी में बहकर भारी संख्या में रसेल वाइपर और अन्य जहरीले सांप पहुंचे हैं। इन सांपों को रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंपा जा रहा है। बेगूसराय में 6 रसेल वाइपर और एक दुर्लभ प्रजाति के गोल्डन कीट वाइपर सहित 15 सांपों को अलग-अलग जगहों से पकड़कर उन्हें वन विभाग को सौंप दिया गया। वन विभाग की ओर से सांपों को जंगल में छोड़ दिया गया। जिले के बलिया प्रखंड के शिवनगर निवासी रामानुज पासवान अब तक पांच हजार सांपों का रेस्क्यू कर चुके हैं। रामानुज लगातार सांपों को बचाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि पर्यावरण के लिए सांपों का रहना आवश्यक है। वे सांपों को पकड़ कर वन विभाग को सौंपते हैं। हाल के दिनों में रामानुज ने बाढ़ के बाद गांव तक आने वाले दर्जनों सांप को पकड़ा है। उन्होंने एक महीने के अंदर 25 सांप का रेस्क्यू किया है। रामानुज अपने साथ एक बोरा, डब्बा और एक छड़ी रखते हैं। सांप को रेस्क्यू करने के बाद उसे डिब्बे में बंद करते हैं। प्लास्टिक की बोरी में उन्हें कैद करते हैं। उसके बाद उन्हें वन विभाग को दिया जाता है। वन विभाग की ओर से सांप को जंगलों में छोड़ दिया जाता है। पिछले एक महीने में रामानुज को सांप के रेस्क्यू कॉल सबसे ज्यादा आ रहे हैं। उधर, वन विभाग के सूत्रों की मानें, तो बेगूसराय में जैसे ही बाढ़ का पानी घट गया है। इधर-उधर झाड़ियों में छुपे हुए सांप बाहर निकल रहे हैं। ये सांप लोगों के घरों की ओर जा रहे हैं। उनका घरों की ओर जाना काफी खतरनाक है। इसलिए वन विभाग लगातार उनका रेस्क्यू कराने के बाद उन्हें जंगलों में छोड़ रहा है।

### छात्राओं का स्कूल जाने से इनकार



**रोहतास,संवाददाता।** बिहार के रोहतास जिले से एक चौंका देने वाली खबर आई है। जिले के तिलौथू प्रखंड में स्थित मध्य विद्यालय सोनौरा में जमकर बवाल हो गया है। यहां पढ़ने वाली छात्राओं ने विद्यालय के एक शिक्षक पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। छात्राओं के अनुसार शिक्षक बच्चियों को गलत तरीके से छूते हैं और अश्लील बातें भी करते हैं। बच्चियों ने जब इस बात की जानकारी अपने परिजनों को दी तो परिजनों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा भी किया।

परिजनों के हंगामे की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पीड़ित छात्राओं के परिजनों ने तिलौथू थाने में आरोपी शिक्षक के खिलाफ आवेदन भी दिया है। जिसको लेकर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील सोनी ने बताया कि विद्यालय की कुछ छात्राओं ने एक शिक्षक पर अभद्रता का आरोप लगाया गया है और इसी आरोप को लेकर ग्रामीणों द्वारा विद्यालय में हंगामा भी किया गया। इससे पूर्व कभी भी विद्यालय में इस तरह की शिकायतें नहीं प्राप्त हुई है, लेकिन फिर भी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रोहतास एसपी रोशन कुमार ने बताया कि तिलौथू थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय सोनौरा में एक शिक्षक पर बच्चियों के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए परिजनों द्वारा विद्यालय में हंगामा करने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसको लेकर पुलिस द्वारा आरोपी शिक्षक को थाने लाकर पूछताछ की गई है और कई बच्चियों के बयान भी रिकॉर्ड किए गए हैं। एसपी ने कहा कि परिजनों के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है लेकिन जांच के क्रम में पीड़ित बच्चियों के बयानों में कई तरह के विरोधाभास सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि मामला नाबालिग बच्चियों से जुड़ा हुआ है इसलिए पुलिस पूरी गंभीरता से जांच कर रही है। मामले को लेकर परिजनों में आक्रोश है। परिजन शिक्षक को निलंबित करने और दंडित करने की मांग कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कोई भी परिजन अपनी बच्ची को स्कूल भेजने के लिए तैयार नहीं है।

### रानीगंजः सुकांतापल्ली सार्वजनिक दुर्गा उत्सव पूजा कमिटी ने किया नर नारायण सेवा का आयोजन



**रानीगंज।** रानीगंज वार्ड संख्या 34 के सुकांतापल्ली सार्वजनिक दुर्गा उत्सव पूजा कमिटी की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया था। दुर्गा पूजा के समापन के बाद आज विशेष रूप से भक्तों के लिए नर नारायण सेवा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भक्तों को खिचड़ी और अन्य प्रसाद वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में तृणमूल कांग्रेस रानीगंज शहर के अध्यक्ष रुपेश यादव, रानीगंज बोरो चेयरमैन मुजम्मिल शहजादा, पार्षद ज्योति सिंह, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष देवाशीष साहू, सचिव संजीव चंद्र, संयुक्त सचिव पूर्णेन्दु बनर्जी, संचालक डॉ. संदीप चंद्र, मनोज दत्ता सहित पूजा कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे। पूजा कमिटी के सचिव संजीव चंद्र और संयुक्त सचिव पूर्णेन्दु बनर्जी ने बताया कि पहले दुर्गा पूजा तो आयोजित की जाती थी, लेकिन नर नारायण सेवा नहीं होती थी। इस साल राज्य सरकार की अनुदान राशि मिलने के बाद पहली बार इस सेवा का आयोजन किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनकी पूजा का वर्चुअल उद्घाटन किया, जो कि क्लब के लिए गौरव की बात है। कमिटी का लक्ष्य है कि अगले साल और भी बड़े पैमाने पर पूजा का आयोजन किया जाए।

# नेतन्याहू का बाइडेन से वादा-ईरान के परमाणु ऊर्जा केंद्रों को निशाना नहीं बनाएगा इजराइल



**तेलअवीव।** कुख्यात आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह, हमास और हूती के तितरफा आक्रमण का सामना कर रहे इजराइल के रुख में आज कुछ बदलाव दिखा। ईरान, लेबनान और सीरिया को चुनौती देने वाले इजराइल के सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के आक्रामक तेवरों के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से वादा किया कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के खिलाफ इजराइल की जवाबी कार्रवाई में गैर-सैन्य साइटें निशाने पर नहीं होंगी। टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के अनुसार, नेतन्याहू ने बाइडेन से कहा कि इजराइल, ईरान के परमाणु और ऊर्जा स्थलों पर हमला नहीं करेगा। रिपोर्ट के अनुसार इजराइली प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप से बचने के लिए योजनाबद्ध कार्रवाई में कटौती की है। हालांकि खबर में इस बदलाव का कारक इजराइल को उन्नत एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल वायुरक्षा प्रणाली भेजने के अमेरिकी फैसले को माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हिजबुल्लाह सरगना हसन नसरल्ला की हत्या का बदला लेने के लिए ईरान एक अक्टूबर से इजराइल पर लगभग 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दाग चुका है।

इस अखबार के अनुसार, रक्षामंत्री योव गैलेंट ने सोमवार को हमास की यातना सह रहे बंधकों के परिवार के सदस्यों से कहा कि रिहाई की बातचीत पर गतिरोध का अंत नहीं दिख रहा है। हमास प्रमुख याह्या सिनवार लेबनान और ईरान के समर्थन से उत्साहित है। उसका रुख कड़ा हो गया है। रक्षामंत्री ने परिवारों से कहा, "वहां ठहराव है, और मुझे इस अवधि में अभी प्रगति नहीं दिख रही है, मुझे यह कहते हुए बहुत खेद है। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने कहा है कि इजराइल ने जानबूझकर वेस्ट बैंक और लेबनान को निशाना बनाया है। यह उसकी पूर्व नियोजित योजनाओं का हिस्सा है। दोहा में कतरी शूरा परिषद के उद्घाटन पर अल-थानी ने कहा कि लेबनान के साथ सीमा पर तनाव को रोकने का सबसे आसान और सुरक्षित तरीका गाजा में युद्ध को रोकना है।

फिलिस्तीन के अधिकारियों का कहना है कि इजराइल के गाजा में किए गए ताजा हमले में 15 लोग मारे गए। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। आईडीएफ का कहना है कि उसने पिछले दिनों गाजा और लेबनान में 230 ठिकानों को निशाना बनाकर बंदूकधारियों को मार गिराया। आईडीएफ के एक्स हैंडल में आईडीएफ प्रवक्ता डेनियल हगारी का एक वीडियो अपलोड किया गया है। हगारी ने कहा है कि यह हिजबुल्लाह का भूमिगत आतंकवादी परिसर है। इसमें लड़ाई के लिए हथियारों के अलावा अन्य साजो-सामान का जखीरा छुपाकर रखा गया था। आईडीएफ के अनुसार 104 मानवीय सहायता ट्रकों ने केरेम शालोम और इरेज क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा में प्रवेश किया। फिलहाल 530 ट्रक गाजा में प्रवेश करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। रसोई गैस छह टैंकरों को भी गाजा में प्रवेश कराया गया है। 15 ट्रकों का काफिला गेट 96 से सीधे गाजा में दाखिल हुआ। इस समय गाजा में 12 बेकरी, उत्तरी गाजा में चार बेकरी और दक्षिणी गाजा में आठ बेकरी चालू हैं।


## रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता बढ़ाने रेरा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने बैंक अधिकारियों एवं बिल्डर्स के संगठन (क्रेडाई) के सदस्यों के साथ आज मंगलवार को स्थानीय न्यू सर्किट हाऊस में संयुक्त बैठक आयोजित किया गया। बैठक में रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक महेन्द्र डोहरे, पंजाब नेशनल बैंक के जोनल मैनेजर और 28 राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के अधिकारी, साथ ही क्रेडाई (रायपुर और बिलासपुर) के सदस्य शामिल हुए। रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने कहा कि, बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए बैंकों द्वारा खाता संचालन रेरा के नियमों के अनुसार हो। रेरा ने कई अवसरों पर पाया है कि कुछ बैंकों द्वारा खातों के संचालन में अनियमितताएं हो रही हैं, जिससे निवेशकों और बैंकों के हितों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। इसके लिए बैंकों को नियमों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि रेरा प्रावधानों के अनुसार, किसी भी प्रोजेक्ट के लिए तीन प्रकार के खाते आवश्यक हैं। कलेक्शन अकाउंट में जमा राशि का 70 प्रतिशत रेरा डेजिग्नेटेड खाते और 30 प्रतिशत राशि बिल्डर्स के प्रोजेक्ट से संबंधित खाते में अंतरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि रेरा खाते में जमा 70 प्रतिशत राशि समय-समय पर बिल्डर द्वारा कार्य की प्रगति के आधार पर बिल्डर के खाते में अंतरित किया जाता है, जिससे बिल्डर आबंटितों से प्राप्त



राशि का दुरुपयोग नहीं कर सकता है। बैठक में बैंकों ने रेरा के साथ मिलकर प्रक्रिया को और प्रभावी बनाने तथा सॉफ्टवेयर में आवश्यक सुधार करने की सहमति दी रेरा ने भविष्य में खातों की पारदर्शिता और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का संकल्प लिया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी रेरा की वेबसाइट rera.cgstate.gov.in पर प्राप्त कर किया जा सकता है।

## दुगार्पुर के कांकसा बामुनारा अमृता हाउसिंग मे लगातार तीन फ्लैटों में चोरी से इलाके में सनसनी





**दुगार्पुर।** दुगार्पुर के कांकसा बामुनारा इलाके में स्थित अमृता हाउसिंग में बीती रात चोरो ने बंद पड़े तीन फ्लैटों मे चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी के रात तीनों फ्लैट के मालिक घर से बाहर थे जिसका फायदा उठाकर चोरो ने एक के बाद एक तीन फ्लैटों में लाखों रुपये और आभूषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना को लेकर अमृता हाउसिंग के अन्य निवासियों मे भय का माहौल है। सीसीटीवी में सोमवार रात तीन बदमाश आवास में घुसते दिखे, जिसके बाद मंगलवार सुबह आवास में चोरी का पता चला। इसकी रिपोर्ट मालनदिघी थाने में दी गयी।इस बीच पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर अपराधियों की पहचान करने में जुटी है, पुलिस इस घटना की जांच कर रही है। संयोग से कुछ दिन पहले बामुनारा से कुछ दूरी पर कोक ओवेन थाना क्षेत्र के सागरभांगा इलाके में लगातार तीन घरों में चोरी हुई थी लाखों रुपये और आभूषणों की चोरी का भी आरोप लगाया गया था हालांकि अपराधी अभी भी गिरफ्त से बाहर हैं स्थानीय निवासियों को संदेह है कि उन्ही बदमाशो ने इस अमृता हाउसिंग के फ्लैटों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बहरहाल, पुलिस पर सवाल उठ रहा है कि आखिर अपराधी अब तक पकड़ से बाहर क्यों हैं।

## टोटो चालक ने ईमानदारी दिखाते हुए थाने में जमा किया खोया हुआ मोबाइल, मालिक को सौंपा गया

**रानीगंज,(अनूप जोशी)।** रानीगंज आज के समय में जहां लोग चंद पैसों के लिए अपने ईमान का सौदा कर लेते हैं, वहीं रानीगंज के एक टोटो चालक, रमजान शेख ने ईमानदारी की अनूठी मिसाल पेश की है। रमजान शेख रोज की तरह रोनाई से यात्रियों को लेकर बाजार की ओर जा रहे थे, जब उन्हें रास्ते में एक मोबाइल फोन पड़ा हुआ मिला। बिना किसी लालच के उन्होंने उस मोबाइल को उठाया और सीधे रानीगंज थाने पहुंच गए। इस बीच, उस मोबाइल पर लगातार कॉल आ रहे थे, जो कि मोबाइल मालिक के परिवार द्वारा किए जा रहे थे। अंततः पुलिस की उपस्थिति में फोन पर बात हुई और परिजनों को सूचित किया गया कि उनका मोबाइल रास्ते में पाया गया है और इसे ईमानदारी से थाने में जमा किया गया है। मोबाइल मालिक के परिजन रानीगंज थाने पहुंचे और वहां उन्हें उनका मोबाइल सौंप दिया गया।



जब इस घटना के बारे में रमजान शेख से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि वह मंगलपुर से यात्रियों को लेकर आ रहे थे जब उन्हें यह मोबाइल मिला। उन्होंने मोबाइल थाने में जमा कर दिया और पुलिस ने मोबाइल मालिक को बुलाकर उसे वापस सौंप दिया। रमजान ने कहा कि उन्हें इस काम को करने में बेहद खुशी हो रही है और अगर भविष्य में भी ऐसी स्थिति आई तो वह फिर से यही करेंगे। इस घटना के दौरान टोटो में मौजूद यात्री देवाशीष मोहंती, जो उड़ीसा से दुर्गा पूजा के लिए रानीगंज आए थे, उन्होंने ने कहा कि पहले रमजान शेख थाने जाने से हिचकिचा रहे थे, लेकिन उन्होंने ही रमजान को हिम्मत दी कि पुलिस से डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पुलिस जनता की मदद के लिए है। वहीं,मोबाइल मालिक विजय कुमार सिंह, जो उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले हैं और वर्तमान में रानीगंज के चकरामबाटी इलाके में रहते हैं, ने कहा कि वह पूर्व सैनिक हैं और सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मोबाइल मिलने पर उन्होंने बेहद खुशी व्यक्त की क्योंकि उसमें उनके परिवार की कीमती तस्वीरें थीं। विजय कुमार ने रमजान शेख और देवाशीष मोहंती दोनों की ईमानदारी की प्रशंसा की।

## रानीगंजः जूनियर डॉक्टरों के आमरण अनशन के समर्थन में IMA रानीगंज शाखा ने किया 12 घंटे का प्रतीकात्मक अनशन

**रानीगंज।** कोलकाता में अपनी दस सूत्रीय मांगों के समर्थन में जूनियर डॉक्टर पिछले 10 दिनों से आमरण अनशन कर रहे हैं। इसी के समर्थन में आज इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) की रानीगंज शाखा ने भी सुबह 8:00 बजे से 12 घंटे का प्रतीकात्मक अनशन किया। IMA रानीगंज शाखा की अध्यक्ष, डॉक्टर चैताली बसु ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि कोलकाता के जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में यह प्रतीकात्मक अनशन किया गया है। उन्होंने बताया कि IMA के हेडक्वार्टर से डॉक्टरों के समर्थन में यह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश मिला था। इस अनशन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की रानीगंज शाखा की अध्यक्ष डॉ. चैताली बसु,सचिव डॉ. पियाली दास गुप्ता,कोषाध्यक्ष डॉ. सुमित अग्रवाल,डॉ. एस.के. बसु, डॉ. पी.आर. घोष,अनिर्बान घोष,देबाशीष भट्टाचार्य, अमृता घोष समेत बड़ी संख्या में डॉक्टर शामिल थे, हालांकि इमरजेंसी सेवाओं के लिए कुछ डॉक्टरों को जाना पड़ा। लेकिन उनका प्रतीकात्मक अनशन 12 घंटे तक जारी रहेगा। रानीगंज के चिकित्सक इस आंदोलन में कोलकाता के जूनियर डॉक्टरों के साथ मजबूती से खड़े हैं।



# देवदूत बनकर पहुंची महिला ने बचाई दो जिंदगी

**नवादा,संवाददाता।** बिहार के नवादा जिले में सड़क से गुजर रही एक ऑटो से महिला के जोर-जोर से चीखने की आवाज आने लगी। उसके बाद वहां दौड़कर लोग पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक महिला अंदर बैठी हुई है और जोर-जोर से चीख रही है। भीड़ जमा होने लगी, लेकिन किसी ने मदद नहीं की। उसी वक्त एक निजी अस्पताल की नर्स पहुंची और उसने महिला की मदद की। नर्स की मदद से महिला ने बीच सड़क पर ऑटो के अंदर एक बच्चे को जन्म दिया। जानकारी के मुताबिक चीख पुकार सुनकर नवादा के पटवा सराय की रहने वाली एक महिला नर्स रिंकू कुमारी वहां से गुजर रही थी। उसने चीख सुनने के बाद वहां जाकर देखा। नर्स महिला के लिए किसी देवदूत से कम नहीं थी। उसने सहयोग किया और प्रसूता ने एक बच्चे को जन्म दिया। उसके बाद डायल 112 को कॉल किया गया। पुलिस टीम आई और प्रसूता को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। ये पूरा मामला नगर थाना क्षेत्र



के नवादा- जमुई रोड पर रेल गुमटी के पास हुई। महिला की पहचान कौआकोल के लौहसिंहानी भलुआही गांव निवासी अजय कुमार की गर्भवती पत्नी खुशबू देवी के रूप में की गई है। महिला अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ धनबाद से आ रही थी। और अपने मायके जा रही थी, तभी रास्ते में दर्द हुआ और फिर महिला ने बच्चे को जन्म दिया। रेलवे गुमटी से थोड़ी दूर आगे बढ़ते ही वह प्रसव पीड़ा से तड़पने लगी। दर्द के मारे वह बीच सड़क पर ही छटपटाने लगी।

महिला के लिए किसी ने मदद के लिए कदम नहीं बढ़ाया। जांच में देखा कि बच्चा जननांग से आधा बाहर आ चुका है। कुछ महिलाओं को आग्रह कर घेरा लगाया और प्रसव कराया। तभी एक व्यक्ति ने डायल 112 को सूचित कर दिया। जानकारी मिलते ही चंद मिनटों में डायल 112 की टीम वहां पहुंच गई। इसके बाद महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। महिला के अस्पताल पहुंचते ही स्वास्थ्यकर्मी भी हरकत में आ गए और इलाज में जुट गए। जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित बताए गए हैं।

## हेलीकॉप्टर क्रैश में वायुसेना के जवानों को बचाने वाले तीन ग्रामीणों को मुकेश सहनी ने किया सम्मानित

**मुजफ्फरपुर/औराई,संवाददाता।** बिहार के मुजफ्फरपुर में हुए हेलीकॉप्टर क्रैश के दौरान वायुसेना के जवानों की जान बचाने वाले तीन साहसी ग्रामीणों को वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह में इन बहादुरों को सम्मान पत्र के साथ-साथ एक लिफाफे में आर्थिक सहयोग राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, जो इन ग्रामीणों की बहादुरी की सराहना कर रहे थे। यह घटना 2 अक्टूबर को बाढ़ के दौरान नयागांव पंचायत में हुई थी, जब भारतीय वायुसेना का हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। उस समय हेलीकॉप्टर में सवार 5 वायुसेना के जवान खतरे में फंसे हुए थे। नयागांव पंचायत के बाला सहनी, सुन्दर सहनी और अभिषेक कुमार ने अपनी जान की परवाह न करते हुए नाव की मदद से सभी जवानों को सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि, उस समय



बचाव अभियान के दौरान उन्हें अपनी जान का भी खतरा था, लेकिन इन ग्रामीणों ने बहादुरी और हिम्मत दिखाते हुए जवानों को सुरक्षित निकाल लिया। मुकेश सहनी ने इन ग्रामीणों की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे लोगों की वीरता और साहस से समाज को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि इन ग्रामीणों ने जिस साहस का परिचय दिया है, वह वाकई सराहनीय है और हम सभी को उन पर गर्व है।

# संचार और प्रौद्योगिकी के मामले में भारत दुनिया में सबसे गतिशील देश: मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज से नई दिल्ली के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 की शुरूआत हो गई है जो कि 18 अक्तूबर 2024 तक चलेगी। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में 400 से अधिक प्रदर्शक, लगभग 900 स्टार्टअप और 120 से अधिक देशों की भागीदारी हो रही है। यह इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 का 8वां संस्करण है। हर साल की तरह इस साल भी इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन पीएम मोदी ने किया है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 8वें संस्करण की थीम "द फ्यूचर इज नाउ" है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज भारत दूरसंचार और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी के मामले में दुनिया के सबसे गतिशील देशों में से एक है। पीएम मोदी ने यहां आईटीयू डबल्यूटीएसए 2024 और इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत, जहां 120 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ता हैं, 95 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जहां दुनिया के 40 प्रतिशत से अधिक रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन होते हैं, जहां डिजिटल कनेक्टिविटी अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रभावी साधन साबित हुई है, वहां वैश्विक दूरसंचार की स्थिति और भविष्य पर चर्चा भी वैश्विक भलाई का माध्यम बनेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईएमसी 2024 के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम भारत के डिजिटल विकास और दूरसंचार की प्रगति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का एक अवसर है। आईएमसी 2024 में भारत के 6जी दृष्टिकोण पर भी विशेष ध्यान होगा, जिसमें सरकार ने 6जी तकनीक के लिए भारत को वैश्विक नेता बनाने की प्रतिबद्धता जताई है। भारत 6जी एलायंस के तहत, 6जी मानकीकरण में 10% पेटेंट में योगदान करने का लक्ष्य रखा गया है, जो इस क्षेत्र में भारत की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।

पीएम मोदी ने कहा, 'डबल्यूटीएसए आम सहमति से पूरे विश्व को सशक्त बनाने की बात करता है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस कनेक्टिविटी के माध्यम से पूरे विश्व को सशक्त बनाने की बात करता है। यानी इस आयोजन में आम सहमति और कनेक्टिविटी को एक साथ जोड़ा गया है। आप जानते हैं कि आज के संघर्षग्रस्त विश्व के लिए ये दोनों कितने महत्वपूर्ण हैं। भारत हजारों वर्षों से वसुधैव कुटुम्बकम के अमर संदेश को जी रहा है। जब हमें जी20 का नेतृत्व करने का अवसर मिला तो हमने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश दिया। भारत दुनिया को संघर्ष से बाहर निकालकर उसे जोड़ने में जुटा है।'

प्रधानमंत्री ने कहा, '2014 में भारत में सिर्फ. दो मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट थीं और आज 200 से ज्यादा हैं। पहले हम ज्यादातर फोन विदेश से आयात करते थे, आज हम पहले के मुकाबले छह गुना ज्यादा मोबाइल फोन भारत में बना रहे हैं। हम मोबाइल निर्यातक देश के तौर पर जाने जाते हैं और हम यहीं नहीं रुके हैं, अब हम दुनिया को पूरी तरह से मेड-इन-इंडिया फोन, चिप से लेकर फिनिश्ड प्रोडक्ट उपलब्ध कराने में लगे हैं। हम भारत में सेमीकंडक्टर में भी भारी निवेश कर रहे हैं।'

**आईएमसी के मुख्य स्पीकर**

आईएमसी 2024 मुख्य स्पीकर के तौर पर आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल, रिलायंस जियो इंफोकॉम के चेयरमैन मुकेश अंबानी, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे लोग शामिल हैं। आईएमसी 2024, 5जी, 6जी, डीपटेक, सेमीकंडक्टर, क्लीन टेक, सैटेलाइट कम्युनिकेशन, क्वॉटम टेक पर फोकस है।

**क्या है इंडिया मोबाइल कांग्रेस**

इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) भारत का प्रमुख दूरसंचार और डिजिटल टेक्नोलॉजी इवेंट है, जो दूरसंचार क्षेत्र, 5जी और 6जी तकनीक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इनोवेशन पर केंद्रित है। यह कार्यक्रम सरकारी निकायों, दूरसंचार कंपनियों, स्टार्टअप्स और वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञों के लिए एक प्रमुख मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने विचारों और इनोवेशन को साझा कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट निदेर्शों सहित वैश्विक डिजिटल रूपरेखा तैयार करने की वकालत की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैश्विक डिजिटल रूपरेखा तैयार करने की जोरदार वकालत की, जिसमें प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों।

यहां अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस तरह विमानन क्षेत्र के लिए वैश्विक समुदाय ने एक व्यापक रूपरेखा तैयार की है, उसी तरह डिजिटल दुनिया को भी नियमों तथा विनियमों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं को एक साथ मिलकर यह तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

मोदी ने सुरक्षा, सम्मान और समानता को केंद्र में रखते हुए कृत्रिम मेधा (एआई) के नैतिक इस्तेमाल पर भी जोर दिया। भारत के अनुभव की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि तेजी से क्रियान्वयन के बाद अब देश भर में अधिकतर स्थानों पर 5जी दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध हैं और 6जी पर काम पहले ही शुरू हो चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक में भारत मोबाइल फोन का आयातक से निर्यातक बन गया है। उसने पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी से आठ गुना अधिक दूरी का ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क बिछाया है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रस्तुत भारत का डिजिटल विजन चार स्तंभोंड्ढ. उपकरणों को सस्ता बनाना, सभी तक संपर्क सुविधा देना, किफायती डेटा और डिजिटल-फर्स्ट पर आधारित है। मोदी ने कहा, ह्यह्यहमने डिजिटल संपर्क को अंतिम छोर तक आपूर्ति के लिए एक प्रभावी साधन बना दिया। उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के सफल निर्माण के अपने अनुभव को शेष विश्व के साथ साझा करने का इच्छुक है।

# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 84 अंक फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 84.29 अंक यानी 0.010 फीसदी की गिरावट के साथ 81,888.76 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 40.00 अंक यानी 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ 25,087.95 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।




हालांकि, शुरूआती कारोबार में बढ़त हासिल करने के बाद शेयर बाजार में गिरावट जारी है। दिन के ऊपरी स्तरों से दोनों प्रमुख बेंचमार्क सूचकांकों ने गोता लगा दिया है। रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में बिकवाली के कारण सेंसेक्स 82 हजार अंकों और निफ्टी भी 25100 के नीचे आ गया। आज के कारोबार में एफएमसीजी के शेयरों में ज्यादा गिरावट देखने को मिल रही है। लेकिन, आईटी और एनर्जी शेयरों में तेजी है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 शेयरों में तेजी और 9 शेयरों में गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, एशियाई बाजार में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। हांगकांग के हैंग सेंग में 1.27 फीसदी की तेजी है, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.52 फीसदी की गिरावट है। एक दिन पहले सोमवार को सेंसेक्स 591 अंक की तेजी के साथ 81,973 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 163 अंक की तेजी के साथ 25,127 पर बंद हुआ था।

## मोबाइल की तरह ही हो उपग्रह संचार के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी : मित्तल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष एवं भारती एयरटेल के संस्थापक सुनील भारती मित्तल ने उपग्रह संचार के लिए भी मोबाइल की तरह ही शुल्क और स्पेक्ट्रम नीलामी किए जाने की मांग करते हुए मंगलवार को कहा कि भारत पिछले 20-30 सालों में विनिर्माण की दौड़ में चीन और दुनिया के अन्य हिस्सों से पिछड़ गया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में व्यापक पैमाने पर काम किया है और अब भारत न सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक बल्कि सेमीकंडक्टर का विनिर्माण हब बनने की राह पर है। सुनील मित्तल ने यहां आईटीयू डबल्यूटीएसए तथा इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के शुभारंभ के अवसर पर पीएम मोदी की उपस्थिति में यह मांग की और



कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान का नतीजा यह हुआ कि आज भारत एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र बन गया है। उत्पादकता से जुड़े प्रोत्साहन कार्यक्रम (पीएलआई) के समर्थन के साथ-साथ सबसे जटिल प्रक्रिया की शुरूआत हुई है, जिसे किसी अन्य देश ने वास्तव में उस तरीके से शुरू नहीं किया है, जिस तरह से भारत ने विश्वसनीय स्त्रोतों और विश्वसनीय उत्पादों की शुरूआत की है।

## धन जुटाने से वीआईएल को पूंजीगत व्यय चक्र शुरू करने में मदद मिली : बिड़ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने मंगलवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया द्वारा जुटाए गए धन से कंपनी को अपने पूंजीगत व्यय चक्र को फिर से शुरू करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि अन्य प्रमुख पहलों के साथ-साथ इससे कंपनी को 'अधिक सुरक्षित स्थिति' मिलेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि कंपनी गतिशील व प्रतिस्पर्धी बनी रहे।



आईएमसी तथा आईटीयूडब्ल्यूटीएसए 2024 के उद्घाटन के अवसर पर बिड़ला ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार के निरंतर समर्थन से, वोडाफोन-आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) भारत के डिजिटल भविष्य को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि सरकार के निरंतर समर्थन से हम प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। मैं भारत के दूरसंचार क्षेत्र की परिवर्तनकारी शक्ति में दृढ़ विश्वास रखता हूं और मैं इसे अधिक जुड़े हुए, सशक्त और समृद्ध भारत के लिए एक सेतु के रूप में देखता हूं।'

## भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रहना चाहिए : आकाश अंबानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रखने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि भारत में डेटा जनरेशन का पैमाना और स्पीड तेजी से बढ़ी है और एआई के साथ यह और तेजी से बढ़ेगी। इसलिए देश में एआई और मशीन लर्निंग डेटा सेंटर स्थापित करने की जरूरत है और इसके लिए भारतीय कंपनियों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि डेटा सेंटर नीति 2020 के मसौदे को जल्द अपडेट करें। आकाश अंबानी दिल्ली में चल रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में बोल रहे थे।




आकाश अंबानी ने कहा कि विकसित भारत के सपने के साकार करने के लिए एआई अत्यंत महत्वपूर्ण है। और जियो ने एआई के फायदे को हर भारतीय तक पहुंचाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। ठीक वैसा ही जैसा कि हमने मोबाइल ब्रॉडबैंड के साथ किया था। हम किफायती कीमतों पर शक्तिशाली एआई मॉडल और सेवाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए हम एक राष्ट्रीय एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का आधार तैयार कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री की विजनरी लीडरशिप की प्रशंसा करते हुए आकाश अंबानी ने कहा कि आज भारतीय मोबाइल कंपनियाँ और फलते-फूलते स्टार्ट-अप इकोसिस्टम की वजह से भारत विकसित देशों सहित दुनिया भर को एआई सॉल्युशन दे सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उद्योग और इनोवेशन को आगे बढ़ाने के कारण भारत में सबसे बड़ी डिजिटल क्रांति आई है। नए भारत में कारोबार अब पूरी तरह बदल गया है। 145 करोड़ भारतीयों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार और उद्योग तालमेल के साथ काम कर रहे हैं।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस के मंच से अंबानी ने वादा किया कि भारत न केवल मोबाइल इनोवेशन में अग्रणी होगा बल्कि हम एक कनेक्टेड, इंटेलिजेंट भविष्य के लिए एआई की ताकत को अपनाएंगे। इससे रोजगार में भी वृद्धि होगी जैसा कि जैसे कंप्यूटर और इंटरनेट को अपनाने के दौर में हुआ था।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत और अल्जीरिया के बीच गहन आर्थिक सहयोग का आह्वान किया

**अल्जीयर्स (अल्जीरिया), एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत और अल्जीरिया के बीच गहन आर्थिक सहयोग का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अफ्रीकी राष्ट्र की तेज वृद्धि तथा विस्तारित अर्थव्यवस्था विभिन्न क्षेत्रों में कई अवसर प्रदान करती है।



राष्ट्रपति ने सोमवार को अल्जीरियाई-भारतीय आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए 'कारोबार करने में सुगमता' लाने में भारत की तेज व प्रभावशाली प्रगति पर जोर दिया और अल्जीरिया की कंपनियों को भारत की 'मेक इन इंडिया' तथा 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहलों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह कार्यक्रम अल्जीरियाई आर्थिक नवीनीकरण परिषद और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

मुर्मू ने कहा, 'भारत-अल्जीरिया संबंधों का आगे बढ़ना हमारे साझा मूल्यों, समान चुनौतियों और आपसी विश्वास पर आधारित है।' राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुर्मू ने कहा कि अल्जीरिया की तेज वृद्धि और विस्तारित होती अर्थव्यवस्था ने विभिन्न क्षेत्रों में अनेक अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने भारतीय कंपनियों से आग्रह किया कि वे अल्जीरियाई अर्थव्यवस्था की संभावनाओं में निवेश करते रहें।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत और अल्जीरिया के बीच कुल व्यापार 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर है, हालांकि अब भी दोनों देश अपने आर्थिक संबंधों की पूरी क्षमता का इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत को अपने अल्जीरियाई साझेदारों के साथ अपने अनुभव साझा करने में खुशी होगी। इससे पहले दिन में राष्ट्रपति ने यहां भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित किया और अल्जीरिया की अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की सराहना की।

बयान में राष्ट्रपति के हवाले से कहा गया, 'अल्जीरिया में भारतीय समुदाय भारत के हितों को आगे बढ़ाने वाला एक सेतु है।' मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण के तहत रविवार को यहां पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मू अल्जीरिया के बाद मॉरिटानिया और मलावी की यात्रा करेंगी।

## एक नजर

### स्पाइसजेट ने एयरकैसल, विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ 2.339 करोड़ डॉलर का विवाद सफलतापूर्वक सुलझाया




**मुंबई, एजेंसी।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने दो विमान पट्टादाताओं एयरकैसल और विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ 2.339 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विवाद को सफलतापूर्वक सुलझाने की मंगलवार को घोषणा की। इससे कुछ दिन पहले उसने अमेरिका स्थित विमान पट्टा देने वाली कंपनी बीबीएएम के साथ भी इसी तरह का विवाद सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाया था। विमानन कंपनी ने बयान में कहा कि समझौते के तहत दोनों पक्ष संबंधित सभी मुकदमे और विवाद उचित मंचों पर वापस लेंगे। बयान में कहा गया, स्पाइसजेट ने एयरकैसल (आयरलैंड) डेजिग्नेटेड एक्टिविटी कंपनी और विलमिंगटन ट्रस्ट एसपी सर्विसेज (डबलिन) लिमिटेड के साथ 2.339 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विवाद को 'सफलतापूर्वक' सुलझा लिया है। इसके तहत कुल 50 लाख डॉलर का भुगतान किया गया। साथ ही कुछ विमान इंजनों से संबंधित समझौता भी किया गया है। इसमें कहा गया, दोनों पक्ष सौहार्दपूर्ण बातचीत के जरिये इस समझौते पर पहुंचे हैं तथा मामले को अदालत के बाहर सुलझाने का विकल्प चुना है। स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, 'हमने एयरकैसल और विलमिंगटन ट्रस्ट के साथ लंबे समय से जारी विवाद को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है।

### गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर 10 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ सूचीबद्ध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 95 रुपये से 10 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 8.63 प्रतिशत उछाल के साथ 103.20 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में यह 15.55 प्रतिशत बढ़कर 109.78 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर 10.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105 रुपये पर खुला। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,008.29 करोड़ रुपये रहा। गरुड़ कंस्ट्रक्शन एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड के 264 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गत बृहस्पतिवार को 7.55 गुना अभिदान मिला था। आईपीओ के लिए 92-95 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। कंपनी इस नए निर्गम से हासिल 100 करोड़ रुपये तक की राशि का इस्तेमाल कार्यशील पूंजीगत आवश्यकताओं के लिए करेगी। शेष राशि का इस्तेताल विलय व अधिग्रहण सहित सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। मुंबई स्थित गरुड़ कंस्ट्रक्शन वर्तमान में छह आवासीय परियोजनाओं, दो वाणिज्यिक परियोजनाओं, एक औद्योगिक परियोजना और एक बुनियादी ढांचे के निर्माण में लगी हुई है।

### कच्चे तेल की कीमत में गिरावट, पेट्रोल-डीजल का मूल्य स्थिर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इजराइल-ईरान जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य करीब 2.30 डॉलर प्रति डॉलर घटकर 76 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 2.27 डॉलर यानी 2.93 फीसदी की गिरावट के साथ 75.19 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 2.18 डॉलर यानी 2.95 फीसदी लुढ़ककर 71.65 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

### देश में मौसम की मेहरबानी से सोयाबीन पैदावार 126 लाख टन के आस-पास पहुंची : संगठन

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी। प्रसंस्करणकताओं के एक प्रमुख संगठन का अनुमान है कि मौजूदा खरीफ सत्र के दौरान अनुकूल मौसमी हालात से देश में सोयाबीन की पैदावार करीब छह प्रतिशत बढ़कर 126 लाख टन के आस-पास पहुंच गई, जबकि इसका रकबा पिछले सत्र के लगभग बराबर रहा। संगठन के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) के कार्यकारी निदेशक डीएन पाठक ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'इस बार देश के प्रमुख सोयाबीन उत्पादक क्षेत्रों में मानसून की बारिश का वितरण अच्छा रहा जिससे फसल की पैदावार को बल मिला। किसानों द्वारा खेती के उन्नत तरीके अपनाए जाने से भी फसल की पैदावार बढ़ी।' उन्होंने बताया कि पिछले खरीफ सत्र के दौरान देश में सोयाबीन की प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादकता 1,002 किलोग्राम रही थी, जबकि इस बार यह बढ़कर 1,063 किलोग्राम पर पहुंच गई। पाठक ने बताया कि वर्ष 2023 के खरीफ सत्र के दौरान सोयाबीन बुआई के बाद अगस्त के महीने में प्रमुख सोयाबीन उत्पादक क्षेत्रों में तीन हफ्ते तक बारिश के अभाव से खेतों में नमी की गंभीर कमी हो गई थी, नतीजतन फसल की उत्पादकता गिर गई थी।



# क्या आप अपने नए घर को पेंट करवाने का सोच रहे हैं?

**क्या आप अपने नए घर को पेंट करवाने का सोच रहे हैं? या अपने पुराने आशियाने को ही नई रंगत देकर नया लुक देना चाहते हैं? यदि हां, तो आपकी घर की दीवारों को पेंट करवाने से पहले ये जरूर जान लीजिए कि किन रंगों से महकेगा आपका आशियाना। घर की साज-सज्जा एवं रंग-रोगन के लिए दिशा के अनुसार चुनें इन 5 समृद्धिदायक रंगों को, और पाएं वर्ष भर खुशहाली व सुख-समृद्धि। जानें कैसे करें रंगों का चुनाव...**

हिन्दू धर्म के सबसे बड़े त्योहार दीपावली के लिए कई दिन पहले से घर में साफ–सफाई और रंग–रोगन का दौर शुरू हो जाता है। घर में सुख शांति और प्रसन्नता का वातावरण बना रहे इसलिए कई लोग घर की साज–सज्जा व रंगाई के लिए वास्तु और फेंगशुई के टिप्स भी आजमाते हैं।

- घर का बैठक कक्ष सबसे अहम होता है, इसलिए यहां की दीवारों पर विशेष तौर पर ध्यान देने की जरूरत होती है। यहां पर भूरा, गुलाबी, सफेद या क्रीम कलर सबसे अच्छा माना जाता है। यहां पर इन रंगों के परदे या तकिए कवर का इस्तेमाल भी शुभ फल देता है।
- भोजन कक्ष को रंगवाते समय आसमानी, हल्का हरा व गुलाबी रंग करवा सकते हैं। इससे हमेशा ऊर्जा व ताजगी का संचार होता है और सकारात्मकता बनी रहती है।
- रसोई घर में सफेद रंग हमेशा अच्छा माना जाता है। हांलांकि यह गंदा भी बहुत जल्दी होता है, लेकिन अगर आप नियमित तौर पर सफाई बनाएं रखें तो यह बहुत ही सकारात्मक प्रभाव छोड़ता है।
- बाथरूम या शौचालय के लिए हल्का गुलाबी या फिर सफेद रंग ही सबसे बेहतर होते हैं। खास तौर से बाथरूम में गुलाबी रंग का प्रयोग ताजगी बनाए रखता है और आप आंतरिक खुशी महसूस करते हैं।
- शयन कक्ष भी काफी महत्वपूर्ण होता है, यहां पर भी आप हल्का हरा, आसमानी, गुलाबी जैसे रंगों को इस्तेमाल कर सकते हैं, जिन्हें देखकर मन हमेशा प्रसन्न रहे। इससे आपके रिश्तों में भी मधुरता आती है।
- पीला रंग सुकून व रोशनी देने वाला रंग होता है। घर के ड्राइंग रूम, ऑफिस आदि की दीवारों पर यदि आप पीला रंग करवाते हैं तो वास्तु के अनुसार यह शुभ होता है।
- अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए आपको अपने कमरे की उत्तरी दीवार पर हरा रंग करना चाहिए।
- आसमानी रंग जल तत्व को इंगित करता है। घर की उत्तरी दीवार को इस रंग से रंगवाना चाहिए।
- घर के खिड़की दरवाजे हमेशा गहरे रंगों से रंगवाएं। बेहतर होगा कि आप इन्हें डार्क ब्राउन रंग से रंगवाएं।
- जहां तक संभव हो सके घर को रंगवाने हेतु हमेशा हल्के रंगों का प्रयोग करें।





# क्या है बच्चों की मालिश का परफेक्ट तरीका

**कोरोनाकाल में घर से लेकर ऑफिस तक के काम का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में रात में बच्चों को सुलाने में मशक्कत करनी पड़े तो मन में खीज पैदा होना लाजिमी है। अगर काफी देर तक घुमाने-टहलाने और लोरी सुनाने के बाद भी आपके लाडले की आंखों में नींद नहीं भरती तो परेशान मत होइए। लंदन के मशहूर मसाज विशेषज्ञ ने मालिश की ऐसी विधि सुझाई है, जिससे आपका बच्चा मिनटों में नींद के आगोश में चला जाएगा।**

## मां–बाप की मशक्कत

- मां–बाप को बच्चे के जन्म के शुरुआती एक साल में 04 घंटे 44 मिनट की औसत नींद मिलती है
- 50 रातों की नींद गंवाने के बराबर है यह आंकड़ा, स्वस्थ वयस्कों को आठ घंटे रोजाना सोना चाहिए
- 54 मिनट औसतन रोजाना बच्चे को सुलाने में लगते हैं, तीन बार औसतन रात में उठता है बच्चा
- 02 मील रोजाना चलना–फिरना होता है मां–बाप का बच्चे को बहलाने, फुसलाने, सुलाने की प्रक्रिया में।

## पूरे शरीर में लगाएं तेल

- सरसों, नारियल या जैतून का तेल लें, सिर से लेकर पांव तक हल्के हाथों से हर एक अंग में लगाएं
- अब ऊपर से नीचे की तरफ धीमी गति से हाथ फिराते हुए 10 से 15 मिनट तक बच्चे की मालिश करें

## बातों में उलझाए रखें

- साज करते समय चेहरे पर मुस्कराहट जरूर बनाए रखें
- बच्चे से धीमे स्वर और तुतलाती भाषा में प्यार–भरी बातें करें
- तेज मालिश करने से बचें, बच्चा रोए तो उस पर चिल्लाएं नहीं

## खास जगहों पर मसाज जरूरी

- नाक का ऊपरी हिस्सा – दोनों भौहों के बीच नाक के शुरुआती हिस्से पर अंगूठे और तर्जनी उंगली से हल्की मालिश करें। बच्चे का मन शांत करने में मदद मिलती है।
- हथेली – दोनों हथेलियों पर धीमे–धीमे से हाथ फिराएं। पांचों उंगलियों के बीच के स्थान पर कम से कम 30 सेकेंड तक हल्की मसाज दें। दांत दर्द की समस्या दूर होगी।
- पेट – दर्द, गैस, कब्ज की समस्या से राहत दिलाने और पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए पेट पर बाईं से दाईं ओर गोलाई में हल्के हाथ से पांच मिनट तक मसाज करें।
- पंजे – अंत में बच्चे के दोनों पैरों के पंजे अपने हाथों में लें। अब पंजे के बीच के हिस्से को अंगुठे से 10 से 15 सेकेंड के लिए दबाएं। उसका मस्तिष्क पूरी तरह से शांत हो जाएगा।

## मन शांत करने में मददगार


- हल्के हाथों की मालिश लव हार्मोन 'ऑक्सिटोसिन' का स्तर बढ़ाने के साथ ही स्ट्रेस हार्मोन 'कॉर्टिसोल' का उत्पादन घटाने में कारगर
- इससे बच्चे के मस्तिष्क में मौजूद अतिरिक्त ऊर्जा के शांत पड़ने से तन–मन को सुकून महसूस होता है, शरीर में सुस्ती भी छाती है

## गुनगुना दूध पिलाना भी फायदेमंद

- सोने–जगने का समय तय करें, उसे रोज अमल में भी लाएं
- रात में बिस्तर पर आने के बाद बच्चे को गुनगुना दूध पिलाएं
- कमरा हल्का ठंडा रखें, मुलायम गद्दे पर सुलाएं, लोरी सुनाएं

# बढ़ते बचपन के साथ व्यावहारिक समझ विकसित करती हैं बेटियां

**बेटियां कैसे अपने बढ़ते बचपन के साथ-साथ घर की जिम्मेदारियों और व्यावहारिक समझ को विकसित करती हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है एक पिता के द्वारा लिखा गया ये लेख।**



सिर्फ ग्यारह साल की है मेरी बिटिया। पांचवी में पढ़ती है। यूनिटरी फैमिली में एक बच्चे को क्या–क्या झेलना पड़ता है, इसका ज्वलंत उदाहरण है वह। मैं और मेरी पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं। हमने खुद से जद्दोजहद करते, बिना किसी के सपोर्ट के जीवन जीना सीखा है और परिवार के बुजुर्गों की परवरिश से दूर मेरी बेटी ने भी खुद ही सबकुछ सीख लिया। जब वह डेढ़ साल की थी, तभी से मछली का कांटा निकाल कर खुद खाती थी। हम कामकाज में व्यस्त रहते और वह कांटा निकालने की तरकीब ढूंढ़ती रहती। यह उसने अंतत: सीख ही लिया। किसी दिन उसकी मां को एक्जाम ड्यूटी के लिए रविवार के दिन सुबह आठ बजे ही निकलना होता। कभी–कभी मुझे भी कालेज में कक्षाएं लेने पत्नी के साथ ही आठ बजे निकलना होता है। उस वक्त बेटी की आंखों में यह सवाल होता है कि तुम दोनों शाम तक लौटोगे, तो मैं दिनभर क्या करूंगी, अकेली कैसे रहूंगी। पर वह बोलती कुछ नहीं। उसकी आंखों में हठात एक सूनापन सा आता है और आकर चला जाता है। वह तपाक से कहती है। तुमलोग जाओ। दरवाजे में बाहर से ताला लगा देना। मैं अंदर से कुंडी बंद कर दूंगी और टीवी देखती रहूंगी। ऐसा कई बार हुआ है कि हम दोनों आठ–दस घंटे बाहर होते हैं और बेटी ने दिनभर टीवी देखते हुए, बाहर से ताला लगे बंद कमरे में खुद को अकेली बिताया है। जाते वक्त हम उसका खाना, बिस्किट वगैरह रख देते हैं। हिदायत देते हैं– बेटा आग के पास मत जाना, गैस मत खोलना। बिजली कट जाये, तो बिजली आने का इंतजार करना–माचिस मत जलाना। बेटी ठीक वैसा ही करती है। आज तक उसने वैसा ही किया है। यह सिलसिला पिछले चार–पांच सालों से चल रहा है। जब वह पांच–छह साल की थी, तब से। हम दिनभर अपने काम के साथ बेटी की चिंताओं में घुलते रहते हैं कि पता नहीं वह कैसी होगी। शाम को जब दरवाजे का ताला आकर खोलते हैं, तो कभी वह अपना होंमवर्क कर रही होती है। उसने घर के अंदर, बंद ताले में खुद को सेफ रखने के लिए सभी उपाय सीख लिए हैं। जैसे ही वह बाहर कोई आहट सुनती है, टीवी धीमा कर देती है। कोई आवाज नहीं निकालती। वह धीरे–धीरे बड़ी हो रही है। फिजिकली। मेंटली वह समय से पहले ही बड़ी हो गयी है। यह सब उसे कुछ हमने सिखाया है, तो कुछ परिस्थितियों ने। अपनी कई मुश्किलें वह अपनी मां के साथ शेयर करती है, तो लगता है कि इसने अपना बचपना थोड़ा खोया, थोड़ा झटका है। महज ग्यारह साल की उम्र में उसे परिस्थितियों ने परिपक्व बना दिया है। पर, वह अकेली बिटिया है। उसे जीना इसी समाज में है।

# ...तो रिश्ता हो जाएगा मजबूत



**दुनिया में रिश्ते के बिना प्यार का अहसास ही नहीं हो सकता। रिश्ता चाहे कोई भी हो खास होता है। इसे निभाने के लिए शुरुआत भी अलग तरीके की होना चाहिए। फिर चाहे वो दोस्ती हो या फिर रिश्तेदारी।**

खुशियों का अहसास अपनो से ही होता है। इसे हमेशा के लिए गहरा करने के लिए कुछ खास बातों की तरफ ध्यान देना बहुत जरूरी है ताकि आने वाला हर पल हसीन रहे। अगर किसी कारण रिश्तों में गलतफहमियां आ भी जाए तो एक दूसरे पर यकीन इतना गहरा हो कि कोई दूसरा आपमें अपनी जगह बना न सके। लेकिन इसके लिए कुछ बातों का खास ख्याल रखना भी बहुत जरूरी है ताकि प्यार से संजो कर रखा गया यह रिश्ता जिंदगी की जरूरत बन जाए।

## एक दूसरे को जानना जरूरी

आप किसी से प्यार करते हैं तो इसके लिए एक बात को जान लेना बहुत जरूरी है आपको उसकी आदतों के बारे में जानना होगा। इससे आप खुद को और अपने बढ़ते रिलेशनशिप को कुछ समय दे पाएंगे। जो भविष्य में आपके लिए परेशानी नहीं बनेगा।

## रिलेशनशिप से बनें पहचान

दोस्ती को आगे बढ़ाने के लिए कुछ बातों को समझना बहुत जरूरी है। जैसे दोस्ती इस तरह की हो जो आपकी पहचान बनें। इस बात का ध्यान रखें कि कहीं ऐसा तो नहीं कि आप दोस्ती में खोते जा रहे हैं। यह बदलाव आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

## कभी शक भी जायज

जहां यकीन है वहां शक होना भी कभी कभी जायज होता है। पार्टनर पर जरूरत से भी ज्यादा यकीन कर लेने से भी कई बार रिश्ता खराब होने का डर रहता है। थोड़ा बहुत शक करना या फिर पजेसिव होने से पार्टनर को भी पता चलता है कि आप उनके लिए कितने जरूरी हैं।

## एक–दूसरे को दें वक्त

एक–दूसरे के साथ समय बिता कर उसके बारे में बहुत कुछ जानने को मिलता है। कई बार ज्यादा देर तक बनाई गई दूरी भी रिश्ते में खट्टास पैदा कर सकती है। ऐसे में समय की कमी के कारण अगर पार्टनर के साथ नराजगी है तो एक–दूसरे को समय जरूर दें। कहीं न कहीं आपके रिश्ते में मजबूती आनी शुरू हो जाएगी। कोशिश करें एक– दूसरे के साथ समय बिताएं।

# वॉर्डरोब में नए-पुराने कपड़ों को इस तरह से करें टिमअप और रखें वॉर्डरोब को अपडेट

**हमसे से अधिकतर लोग ऐसे हैं, जो समय की कमी के कारण अपने वॉर्डरोब पर ध्यान नहीं दें पाते। जिसके कारण वॉर्डरोब में नए-पुराने कपड़ों का ढ़ेर लग जाता है। वक्त है, कोरोना काल का जिसमें सोशल डिस्टेंसिग का हम सभी पालन कर रहे है। जिस वजह से हम अपना ज्यादातर समय घर पर ही बिता रहे है। तो क्यों न इस समय का सही इस्तेमाल करते हुए अपने वॉर्डरोब को अपडेट किया जाएं। आइए जानते कुछ टिप्स-**

- डार्क कलर के 1–2 पैंट्स अगर आपके वॉर्डरोब में हैं, तो नए लुक के लिए कुछ कलरफुल शॉर्ट कुर्ते खरीदें। कलमकारी, इकत या लखनवी चिकन के शॉर्ट कुर्ते अच्छे लगते है। साथ ही रूटीन में पहनें जानेवाले टॉप और पैंट स्टाइल को भी ब्रेक मिलता है।
- प्लेन टाइट टीशर्ट यदि आपके वॉर्डरोब में है तो इसको आप कलरफुल धोती पैंट के साथ आप टीमअप कर सकते है।
- यदि वॉर्डरोब में पुरानी प्रिटेंड सलवारों ने काफी जगह घेर रखी है, तो इनके उपर पहनने के लिए 1 से 2 कुर्ती खरीदें।
- यदि पेन्सिल जींस आपके पास हैंतो 1 से 2 फ्लोरल लॉन्ग लाइन शर्ट खरीदें।
- पुराने शॉटर्स अलनारी में है तो फिल नेक ब्लाउज टॉप या कॉन्ट्रास्ट बाइंजिंग नॉट टॉप खरीदें। नया टॉप पहनने पर पुराने शॉटर्स भी नए लुक में नजर आते है।
- अगर आपके पास कलरफुल लॉन्ग स्कर्ट है, तो उसके साथ शॉर्ट कुर्ती, टीशर्ट या लॉन्ग कुर्ते भी पहने जा सकते है।
- ए लाइन फुल लेंथ स्कर्ट पहले से है, तो उसके साथ लॉन्ग कुर्ते पहनें, हील्स पहनें। इससे हाइट अच्छी दिखगी।
- शॉर्ट स्कर्ट के साथ जैगिंग्स पहनना ट्रेंडी लुक देगा। साथ में एक्सेसरी के तौर पर स्कार्फ भी लें।

## वॉर्डरोब में इन बातों का रखें ख्याल

- पैंट, जींस के लिए मल्टीपर्पस 5 लेअर हैंगर का इस्तेमाल करें। यह वॉर्डरोब की जगब को कम घेरेगा और वॉर्डरोब संवरा दिखेगा।
- सॉक्स और अंडरगारमेंट्स आर्गेनाइजर भी वॉर्डरोब को क्लीन लुक देते हैं। इसमें ब्रा का ळभी सेक्शन होना चाहिए। सिंगल पैडेड ब्रा, स्पोर्स्टर्स, ब्रा, टीशर्ट ब्रा, रेगलुर यूज के लिए 5 से 6 अलग–अलग ब्रा रखें। आयरन की हुई शर्ट या कुर्ते हैंगर में लटकाने से अगर जगह ज्यादा घिरती है, तो उसके लिए शर्ट ऑर्गनाइजर अच्छा रहेगा।
- होम स्ट्रेप हैगिंग ज्वेलरी ऑर्गेनाइजर वॉर्डरोब के अंदर की ओर किसी हुक पर लगाएं। इस पर अपनी चंकी ज्वेलरी, ब्रेसलेट, नेक पीस जैसी चीजें टांग सकती हैं, जिससे जरूरत के समय सामने नजर आए।





# न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नजरें गिल और जायसवाल पर

**बेंगलुरू, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट की अगली पीढी के स्टार यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में अपने बेहतरीन फॉर्म को आगे ले जाना चाहेंगे।

विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव में है और गिल तथा जायसवाल पर उनकी विरासत को आगे ले जाने की महती जिम्मेदारी है।

गिल ने पिछली दस पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक जमाये हैं जबकि जायसवाल ने पिछली आठ पारियों में एक दोहरा शतक और पांच अर्धशतक जड़े हैं। अब उनके लिये न्यूजीलैंड के खिलाफ इस लय को कायम रखकर आगे की कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिये आधार तैयार करना जरूरी है।

गिल ने तेज गेंदबाजों की इनकमिंग गेंदों के खिलाफ परेशानी से पार पा ली है लेकिन ऐसी गेंदों पर विकेट गंवाने से बचना होगा। चेन्नई में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने उन्हें काफी परेशान किया और पवेलियन भी भेजा।

वहीं जायसवाल भी तेज गेंदबाजों को आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में तीन बार आउट हुए हैं। वह अब तक 20 पारियों में 12 बार तेज गेंदबाजों को



अपना विकेट दे बैठे हैं। आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला से पहले उन्हें तेज गेंदबाजों के सामने अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करना होगा।

न्यूजीलैंड के पास भी मैट हेनरी, विलियम ओ राउरकी और टिम साउदी के रूप में आक्रामक तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में गिल और जायसवाल पर जिम्मेदारी और भी बढ जायेगी क्योंकि विराट और रोहित सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।

रोहित ने इस साल 15 टेस्ट पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया लेकिन बाकी 13 पारियों में 497 रन ही बना सके हैं। वहीं 9000 टेस्ट रन से 53 रन दूर कोहली ने इस साल छह पारियों में एक अर्धशतक भी नहीं लगाया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 46 और बांग्लादेश के खिलाफ 47 रन की पारियां खेली।

उन्हें न्यूजीलैंड के बायें हाथ के स्पिनरों ऐजाज पटेल और रचिन रविंद्र को संभलकर खेलना होगा जो पहले भी उन्हें परेशान कर चुके हैं।

भारत के सामने समस्यायें बड़ी नहीं है लेकिन न्यूजीलैंड को गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में कई दिक्कतों से गुजरना पड़ रहा है।

स्पिनरों के सामने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण कीवी टीम को श्रीलंका ने 2.0 से हराया। अब भारत के रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे खतरनाक स्पिनरों का सामना करना उनके लिये कठिन चुनौती होगा।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच स्पिनरों की मददगार रहती है और ऐसे में भारतीय स्पिनर कहर बरपा सकते हैं। इनके अलावा जसप्रीत बुमराह भी फॉर्म में हैं जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट में 11 विकेट लिये।

पांचवें गेंदबाज पर फैसला लेने से पहले भारतीय टीम प्रबंधन को काफी सोच विचार करना होगा। पिछली श्रृंखला की तरह संयोजन रखने पर आकाश दीप तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर बुमराह और मोहम्मद सिराज का साथ दे सकते हैं।

भारत बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव या बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल को भी उतार सकता है जो निचले क्रम पर उपयोगी बल्लेबाज भी हैं।

यहां मौसम भी साफ नहीं रहने की भविष्यवाणी है जिससे खेल की शुरूआत देर से हो सकती है।

**टीमें :**

भारत : रोहित शर्मा ( कप्तान ), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

न्यूजीलैंड : टॉम लाथम (कप्तान ), डेवोन कोंवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल ब्रासवेल, मिचेल सेंटनेर, रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडेल, ऐजाज पटेल, बेन सीयर्स, मैट हेनरी, टिम साउदी, विलियम ओ राउरकी।

मैच का समय : सुबह 9.30 से।

## चोट के चलते कीवी पेसर बेन सीयर्स टेस्ट सीरीज से बाहर, अनकैप्ड डफी ने ली जगह



**बेंगलुरु, एजेंसी।** टीम इंडिया के विरुद्ध खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज से ठीक एक दिन पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, कीवी टीम के तेज गेंदबाज बेन सीयर्स इंजरी की वजह से सीरीज से आउट हो गए हैं। बेन सीयर्स की जगह अब जैकब डफी को टीम में शामिल किया गया है।
जैकब कीवी टीम के लिए एकदिवसीय और टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं, लेकिन उन्हें टेस्ट मैचों का अभी तक कोई एक्सपिरियंस नहीं है। ऐसे में जैकब को भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से डेब्यू करने का मौका मिल सकता है।
बेन सीयर्स को श्रीलंका में हाल ही में टेस्ट सीरीज के प्रैक्टिस के दौरान बाएं घुटने में दर्द की शिकायत हुई थी और पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड में उनका स्कैन कराया गया था।
न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा, 'स्कैन की वजह से सीयर्स के भारत रवाना होने में देरी हुई, स्कैन में चोट का पता लगा। मेडिकल सलाह के बाद उन्हें सीरीज से बाहर करने का फैसला लिया गया।'
न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, 'हम बेन के लिए निश्चित रूप से निराश हैं, जिन्होंने अपने टेस्ट करियर की मजबूत शुरूआत की और यह देखना अभी बाकी है कि हम कितने समय तक उनके बिना रहेंगे। लेकिन, हमें उम्मीद है कि वह जल्द ही पूरी तरह ठीक हो जाएंगे।'
स्टीड ने कहा, 'यह जैकब के लिए एक रोमांचक मौका है। हमारे सामने तीन टेस्ट मैच हैं, इसलिए उनके पास टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने का पूरा मौका है।'
भारत और कीवी टीम के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। पहला टेस्ट मैच बुधवार 16 अक्टूबर को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट 24 अक्टूबर को पुणे, तीसरा और आखिरी टेस्ट 5 नवंबर को मुंबई में खेला जाएगा।

## अर्जुन बाबूता 10 मीटर एयर राइफल पुरुष में 5वें स्थान पर, दिव्यांश 8वें स्थान पर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्जुन बाबूता मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल राइफल/पिस्टल/शॉटगन में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पदक दौर के अधिकांश समय तक शीर्ष पर रहने के बाद पांचवें स्थान पर रहे। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में चौथे स्थान पर रहने के बाद पदक से चूकने वाले बाबूता फाइनल के शुरूआती चरणों में आगे चल रहे थे, लेकिन 9.8 के स्कोर के कारण वे पदक की दौड़ से बाहर हो गए और सीधे पांचवें स्थान पर खिसक गए। यह चौंकाने वाला बदलाव था। उन्होंने कुल 188.3 अंक बनाए। चीन के लिहाओ शेंग ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हंगरी के पेनी इस्तवान ने रजत और जिरी प्रिवरत्स्की ने कांस्य पदक जीता। 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक अन्य भारतीय दिव्यांश पंवार भी पोडियम पर जगह बनाने में असफल रहे और 124.0 अंकों के साथ निराशाजनक आठवें स्थान पर रहे।

## पाकिस्तान को 54 रनों से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा न्यूजीलैंड

**दुबई, एजेंसी।** सूजी बेट्स (28), ब्रूक हैलिडे (22) की शानदार पारियों के बाद एमेलिया केर (तीन विकेट) और ईडन कार्सन (दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने सोमवार को महिला टी-20 विश्वकप के 19वें मुकाबले में पाकिस्तान को 54 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।



आज के इस मुकाबले में 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम जिस तरह से 11.4 ओवर में 56 के स्कोर पर सिमट गई वह अपने आपमें आश्चर्यजनक रहा। पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने क्षेत्ररक्षण के दौरान कई कैच छोड़े और उसके बाद बेमन से बल्लेबाजी करने उतरी। मैच के दौरान ऐसा लग रहा था जैसा कोई नयी टीम पहली बार क्रिकेट खेल रही हो। मुनीबा अली (15) और कप्तान फातिमा सना (21) के अलावा पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। पांच बल्लेबाजो का स्कोर शून्य रहा। चार बल्लेबाज नौ, तीन, दो, दो रनपर आउट हुये। चार विकेट तो मात्र चार रन जोड़कर न्यूजीलैंड की झोली में डाल दिये।

न्यूजीलैंड की ओर से एमेलिया केर ने 2.4 ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिये। ईडन कार्सन को तीन ओवर में सात रन देकर दो विकेट मिले। रोजमेरी मेयर, लिया तहुहू और फ्रैन जोनस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सूजी बेट्स और जॉर्जिया पलिमर की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। नाशरा संधू ने सातवें ओवर में जॉर्जिया पलिमर (17) को आउट कर इस जोड़ी तोड़ा और पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद नौवें ओवर में संधू ने सूजी बेट्स (28) को आउट कर न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दिया। एमेलिया केर (नौ) को ओमाइमा ने आउट किया। कप्तान सोफी डिवाइन और ब्रूक हैलिडे ने धीमी और जूझारू पारी खेली। ब्रूक हैलिडे (22) को संधू ने आउट किया। वहीं सोफी डिवाइन (19) सादिया इकबाल का शिकार बनी। मैडी ग्रीन (नौ) को निदा डार ने आउट किया। हालांकि इस दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े उसके बावजूद न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों छह विकेट पर 110 रन ही बना सकी।

पाकिस्तान की ओर से नाशरा संधू ने तीन विकेट लिये। सादिया इकबाल, निदा डार,ओमाइमा सोहेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सुल्तान जोहोर कप के लिए मलेशिया रवाना

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम सोमवार देर रात 12वें सुल्तान जोहोर कप में भाग लेने के लिए मलेशिया रवाना हो गई। 19 अक्टूबर से शुरू होकर 26 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में भारत का सामना मेजबान मलेशिया, जापान, ग्रेट ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से होगा। नव नियुक्त हेड कोच, पीआर श्रीजेश मलेशिया में टीम की कमान संभालेंगे, जबकि आमिर अली कप्तान होंगे और रोहित उनके डिप्टी होंगे।

भारत अपने अभियान की शुरूआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा।



एक दिन के आराम के बाद, भारत 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से भिड़ेगा, उसके बाद 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा। 25 अक्टूबर को आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में, भारत न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में आगे बढ़ने के लिए पूल में शीर्ष दो टीमों में रहने की उम्मीद करेगा।

कप्तान आमिर अली ने टूनार्मेंट को लेकर कहा, टीम नए हेड कोच पीआर श्रीजेश के तहत अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रही है और हम उनके साथ अपना पहला टूनार्मेंट खेलने के लिए उत्साहित हैं। पिछली बार हम जर्मनी से हारने के बाद अपना खिताब बचाने में असफल रहे थे, लेकिन इस बार हम बेहतर तरीके से तैयार हैं और प्रतियोगिता में किसी भी टीम का सामना करने के लिए तैयार हैं।

उप कप्तान रोहित ने कहा, सुल्तान जोहोर कप से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहने के लिए हम पिछले कुछ दिनों से कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। इस बार हमारी टीम में कुछ नए चेहरे हैं और वे मैदान पर अपनी क्षमता दिखाने के लिए उत्सुक हैं। नवंबर में हमें पुरुषों का जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 भी खेलना है और सभी खिलाड़ी हमारे लिए व्यस्त अवधि से पहले अपने स्तर को बढ़ाने के लिए एक-दूसरे पर दबाव बना रहे हैं।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इस सत्र नहीं लागू होगा इम्पैक्ट प्लेयर का नियम

**मुंबई, एजेंसी।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) के इस सत्र से इम्पैक्ट प्लेयर का नियम लागू नहीं होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इम्पेक्ट प्लेयर नियम एमएमएटी इस सीजन से ही नहीं लागू होगा। इस नियम को दो वर्ष पहले एसएमएटी में लागू किया गया था। इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी इसे लाया गया। हाल में हुई घोषणा के अनुसार यह नियम आईपीएल में अगले तीन सत्र यानी की 2027 तक लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 2023 में इस नियम के आने के



बाद से लगातार इसके खिलाड़यों पर प्रभाव और मदद को लेकर पर चर्चा हो रही है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने बीते आईपीएल सत्र के दौरान इस नियम की आलोचना की थी। तब बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा था कि इस नियम का यह परीक्षण का दौर है। यह अभी स्थायी नहीं है।

# प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 में पटना पाइरेट्स की कमान संभालेंगे शुभम शिंदे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 के लिए पटना पाइरेट्स ने डिफेंडर शुभम शिंदे को कप्तान और अंकित को उप-कप्तान बनाया है। पीकेएल का 11वां संस्करण 18 अक्टूबर से शुरू होगा।

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के कोलकेवारी गांव के रहने वाले 26 वर्षीय शुभम शिंदे अपने सकारात्मक स्वभाव और अनुशासन के कारण कबड्डी खिलाड़ियों और प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हैं। उनकी अनूठी डिफेंडिंग शैली ने हमेशा टीम को मजबूती दी है। शुभम ने प्रो-कबड्डी में 100 से अधिक प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं और उनके पास अपनी साख का समर्थन करने के लिए एक प्रभावशाली रिकॉर्ड है।




25 वर्षीय अंकित ने प्रो कबड्डी में 23 से अधिक मैच खेले हैं और वे उप-कप्तान के रूप में टीम का समर्थन करेंगे। मैचों के दौरान अंकित की गति और चपलता टीम के लिए एक परिसंपत्ति होगी।

पीकेएल की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि शुभम के कप्तान और अंकित के उप-कप्तान के साथ, पटना पाइरेट्स सीजन 11 पीकेएल खिताब जीतने के लिए उत्साहित हैं।

कप्तान और उप-कप्तान के नाम की घोषणा करते हुए, पटना पाइरेट्स के सीईओ पवन राणा ने कहा, एक टीम के रूप में हमने हमेशा अपने प्रशंसकों और समर्थकों के लिए गुणवत्तापूर्ण कबड्डी को बढ़ावा दिया है। एक इकाई के रूप में, शुभम शिंदे की कप्तानी और उप-कप्तान के रूप में अंकित के समर्थन में, हम अपना चौथा चैम्पियनशिप खिताब जीतने का इरादा रखते हैं। उन्हें शुभकामनाएं।

पटना पाइरेट्स शुभम शिंदे की अगुआई वाली एक मजबूत टीम के साथ कबड्डी प्रशंसकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। टीम में अन्य खिलाड़ी अंकित, संदीप कुमार, अयान, दीपक, साहिल पाटिल, नवदीप, अभिनंद सुभाष, कुणाल मेहता, सुधाकर एम, मनीष, गुरदीप, त्यागराजन युवराज, बाबू मुरुगासन, दीपक राजेंद्र सिंह, मीतू, देवांक, प्रशांत कुमार राठी, सागर, अमन, प्रविंदर, जंग कुन ली, हामिद मिर्जाई नादर हैं।

प्रो कबड्डी में पटना पाइरेट्स का प्रदर्शन शानदार रहा है। टीम को पहली बार 2016 में चैंपियन का ताज पहनाया गया था और इसके बाद पटना ने लगातार 3 चैंपियन खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। पटना यह रिकॉर्ड बनाने वाली लीग की एकमात्र टीम है।

11वां सीजन 18 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसमें टीम अपना पहला मैच 21 अक्टूबर को पुनेरी पल्टन के खिलाफ खेलेगी। पुनेरी पल्टन गत चैंपियन है, जिसने पिछले साल फाइनल में हरियाणा स्टीलर्स को हराकर

## एक नजर

### पीसीबी ने जमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया




**लाहौर, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ मुल्तान में खेले जा रहे सीरीज के दूसरे टेस्ट के लिए नई सलेक्शन कमेटी ने बाबर आजम समेत तीन सीनियर खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर दिया था। इस बीच बाबर को बहार किए जाने के इस फैसले की आलोचना करना पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान को भारी पड़ गया। पीसीबी ने इसपर कड़ा फैसला लेते हुए फखर जमान के नाम कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

**पीसीबी ने फखर जमान के नाम जारी किया नोटिस**

बाबर आजम को इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए पाकिस्तान क्रिकेट टीम से बाहर किए जाने के बाद फखर जमान ने नई सलेक्शन कमेटी के इस फैसले की जमकर आलोचना करते हुए उनकी भारतीय दिग्गज विराट कोहली से तुलना की थी। हालांकि पीसीबी ने फखर जमान के इस टिप्पणी पर बड़ा फैसला लेते हुए उनके नाम कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक फखर जमान की इन टिप्पणियों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अब पाकिस्तानी बल्लेबाज को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि फखर जमान, जो एक सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ी हैं, को बोर्ड की नीतियों और चयन को निशाना बनाकर खिलाड़ियों की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद बोर्ड ने इनको 21 अक्टूबर तक जवाब देने की बात कही है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम की बात करें तो शान मसूद की अगुवाई वाली टीम मुल्तान के मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ खेल रही है। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। खबर लिखे जाने तक पाकिस्तान ने लंच तक 30 ओवरों में 2 विकेट ने नाम पर 79 रन बना लिए हैं। कामरान गुलाम 56 गेंदों पर 29 रन और 83 गेंदों पर 40 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है।

### उदिता को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रुपये में खरीदा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया लीग 2024-25 महिला नीलामी के पहले हाफ में मंगलवार को चारों फ्रैंचाइजी ने 41 भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई। भारतीय डिफेंडर उदिता दुहान हॉकी इंडिया महिला लीग के पहले चरण के लिए सबसे महंगी बिकी, जिन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने मंगलवार को नीलामी में 32 लाख रुपये में खरीदा। इसके अलावा नीदरलैंड की ड्रैग फ्लिकर यिब्बी यानसेन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रुपए में खरीदा।

युवा भारतीय खिलाड़ी लालरेमसियामी को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 25 लाख में खरीदा। सुनीता टोप्पो को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 24 लाख में और संगीता कुमारी को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 22 लाख में खरीदा। इस दौरान कई विदेशी खिलाड़ियों की बोली लगी। जिसमें बेल्जियम की चार्लोट एंजेलबर्ट (सूरमा हॉकी क्लब, 16 लाख), जर्मनी की चार्लोट स्टापेनहोर्स्ट (सूरमा हॉकी क्लब, 16 लाख) और आस्ट्रेलिया की जेसलिन बार्टरम (ओडिशा वारियर्स, 15 लाख) अच्छे दाम पर खरीदी गई। अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया को बंगाल टाइगर्स ने 10.5 लाख रुपए में खरीदा।

भारतीय कप्तान सलीमा टेटे (20 लाख), इशिका चौधरी (16 लाख) और नेहा गोयल (10 लाख) को ओडिशा वारियर्स ने खरीदा। पूर्व कप्तान सविता (20 लाख), शर्मिला देवी (10 लाख) और निक्की प्रधान (12 लाख) को सूरमा हॉकी क्लब ने खरीदा । दिल्ली एसजी पाइपर्स ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नवनीत कौर (19 लाख), युवा गोलकीपर बिछू देवी खारीबम (16 लाख) और दीपिका (20 लाख) को खरीदा।

### 'बुमराह के पास अच्छा दिमाग है, वह खेल को अच्छी तरह समझते हैं' : रोहित


**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए टेस्ट उप-कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताया। बुमराह ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में ज्यादा कप्तानी नहीं की है, लेकिन रोहित ने बताया कि वह नेतृत्व समूह का हिस्सा थे और उन्होंने अतीत में कभी-कभी भारत का नेतृत्व भी किया है। 'बुमराह ने काफी क्रिकेट खेला है। मैंने उनके साथ काफी क्रिकेट खेला है। वह खेल को अच्छी तरह समझते हैं। उनके पास अच्छा दिमाग है। जब आप उनसे बात करते हैं, तो वह खेल को अच्छी तरह समझते हैं।' रोहित ने बारिश के कारण भारत के प्रशिक्षण सत्र में बाधा आने के बाद मैच से पहले प्रेस मीट में संवाददाताओं से कहा, 'रणनीतिक रूप से, मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि उन्होंने ज्यादा कप्तानी नहीं की है। मुझे लगता है कि वह एक टेस्ट मैच और कुछ टी20 मैचों में कप्तान थे।' बुमराह को पिछले साल एशिया कप से पहले चोट के बाद वापसी करते हुए आयरलैंड टी20 सीरीज का कप्तान नियुक्त किया गया था। 2022 में, उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पुनर्निर्धारित टेस्ट में भी भारत का नेतृत्व किया। रोहित ने कहा, 'वह समझते हैं कि क्या आवश्यक है। जब आप ऐसी स्थिति में होते हैं जहां आपको आगे बढ़ने के लिए एक लीडर की आवश्यकता होती है, तो मुझे लगता है कि बुमराह उनमें से एक होंगे। इसलिए, अतीत में, वह हमेशा हमारे नेतृत्व समूह में रहे हैं।' सलामी बल्लेबाज ने कहा कि बुमराह टीम में युवा तेज गेंदबाजों के लिए वास्तव में सलाहकार हैं। चाहे वह टीम में शामिल हुए गेंदबाजों से बात करना हो, या टीम के साथ आंतरिक रूप से चर्चा करना हो कि टीम के रूप में आगे कैसे बढ़ना है, वह हमेशा उस नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं।'

रोहित ने कहा, 'इसलिए, यह सही बात है कि उन्हें गेंदबाजों से बात करने और टीम को आगे ले जाने के बारे में आंतरिक रूप से चर्चा करने के लिए बुलाया जाए।' भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट बुधवार से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।



# महिला सशक्तिकरण मेरे दिल के बहुत करीब: मानुषी छिल्लर

हाल ही में जयपुर में आयोजित एक इवेंट में मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने भाग लिया। इस इवेंट को इंडियन रैवेन्यू सर्विस (आईआरएस) की वीमेन विंग, आईआरएसएलए द्वारा आयोजित किया गया था। इवेंट में उन्होंने महिला आईआरएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण और जीवन लक्ष्यों के निर्धारण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि एक महिला की सफलता में परिवार की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है। मीडिया से बातचीत करते हुए मानुषी ने कहा, 'महिला सशक्तिकरण मेरे दिल के बहुत करीब है। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कुछ है जो एक महिला नहीं कर सकती, लेकिन उन्हें बस सही दिशा और सही प्लेटफॉर्म की ज़रूरत है। मैं यहाँ आकर खुश हूँ। मैं आज हमारे देश में इतनी सारी महिला अधिकारियों को देखकर बहुत खुश हूँ। मुझे उम्मीद है कि लोग मुझे देखेंगे और प्रेरित होंगे कि वे सही तरह के सपोर्ट के साथ कुछ भी कर सकते हैं।' इवेंट में कई प्रमुख हस्तियाँ उपस्थित थीं, जिनमें मीनाक्षी रंगा, रेणु अमिताभ, महेंद्र रंगा, राजेश ढींगरा और सीके जैन शामिल थे। बता दें कि मानुषी छिल्लर हमेशा महिला सशक्तिकरण की हिमायत करती रही हैं। उन्होंने अपने सीएसआर प्रोजेक्ट 'शक्ति' के माध्यम से मेंस्ट्रुअल हाइजीन एजुकेशन और एक्सेसिबिलिटी के लिए एक महत्वपूर्ण मूवमेंट शुरू किया, जिसने अनगिनत महिलाओं के जीवन को प्रभावित किया है। इसके अलावा, वह खूबसूरती को अच्छाई के लिए एक शक्ति के रूप में उपयोग करने की अपनी विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। ब्यूटी क्वीन से एक्ट्रेस बनी मानुषी अपने आगामी प्रोजेक्ट्स से भी दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। वह जॉन अब्राहम के साथ फिल्म 'तेहरान' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। हाल ही में, उन्हें एक प्रतिष्ठित इवेंट में ट्रेलब्लेज़िंग स्टार ऑफ़ द ईयर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।



# सिंगर अरमान मलिक लगातार तीसरी बार हुए नॉमिनेट

बालीवुड के मशहूर गायक-गीतकार अरमान मलिक को पुनः एमटीवी यूरोप म्यूजिक अवॉर्ड्स में नॉमिनेट किया गया है। अरमान मलिक का यह लगातार तीसरी बार नॉमिनेशन है, और उन्हें बेस्ट इंडिया सिंगल एक्ट की श्रेणी में उनके सॉन्ग ऑलवेज के लिए नामांकित किया गया है। इस श्रेणी में उन्हें ब्रिटिश गायक-गीतकार कैलम स्कॉट के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है। इस नॉमिनेशन पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, अरमान ने कहा, एमटीवी यूरोप म्यूजिक अवाड्र्स के बेस्ट इंडिया एक्ट के लिए एक बार फिर नॉमिनेट होना मेरे लिए बहुत खास है। इससे पहले दो बार यह सम्मान जीतने के बाद लगातार तीसरा नॉमिनेशन पाना विशेष रूप से अच्छा है। एक भारतीय कलाकार के रूप में इस तरह के प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना विनम्र और वास्तविक है। मेरे साथ कई बेहतरीन कलाकार हैं और मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं। अब, यह प्रशंसकों और एमटीवी ईएमए मतदाताओं के लिए है। अरमान मलिक के लिए यह तीसरी बार है, जब उन्होंने पिछले चार वर्षों में इस पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया है। इससे पहले, उन्होंने 2020 में अपने डेब्यू इंग्लिश सिंगल कंट्रोल और 2022 में अपने इंग्लिश सिंगल यू के लिए बेस्ट इंडिया एक्ट में एमटीवी यूरोप म्यूजिक अवॉर्ड जीता था। अरमान मलिक हमेशा अपनी गायकी में बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने बेस्ट पॉप डुओ या ग्रुप परफॉरमेंस, सॉन्ग ऑफ द ईयर और रिकॉर्ड ऑफ द ईयर जैसी तीन श्रेणियों में ट्रैक भी प्रस्तुत किए हैं।




# मोस्ट पॉपुलर फादर का खिताब मिला आर माधवन को

अभिनेता आर माधवन को हिंदी सिनेमा में मोस्ट पॉपुलर फादर का खिताब मिला है। यह सर्वे पिछले महीने देश के 10 राज्यों में किया गया था, और माधवन को सबसे प्रभावशाली पिता के रूप में पहचाना गया है। दर्शकों के बीच उनकी इस छवि को और भी मज़बूत बनाने वाली बात यह है कि माधवन अपने बेटे वेदांत के सपने को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। वेदांत, जो एक इंटरनेशनल स्विमर हैं, ने हाल ही में 48वीं जूनियर नेशनल एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में 4 गोल्ड और 3 सिल्वर मेडल जीते, साथ ही मलेशियन ओपन में भारत के लिए 5 गोल्ड मेडल भी जीते। ओलंपिक की तैयारी में मदद के लिए माधवन और उनकी पत्नी दुबई गए थे। माधवन ने हाल ही में अपने पान मसाला ब्रांड को एंडोर्स करने के प्रस्ताव को ठुकराया, जिससे उनके सिद्धांतों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। इस निर्णय ने उनकी प्रतिष्ठा को एक जागरूक और जिम्मेदार सार्वजनिक व्यक्ति के रूप में मजबूत किया है, यह दर्शाते हुए कि वह युवाओं को गलत संदेश देने से बचना चाहते हैं। काम के मोर्चे पर, माधवन के पास कई रोमांचक फिल्में हैं, जो उनके अभिनय कौशल को फिर से प्रदर्शित करने के लिए तैयार हैं। वह 2024 में ब्लॉकबस्टर फिल्म शैतान के साथ शुरुआत करेंगे, और इसके बाद ब्रिज, धुरंधर, दे दे प्यार दे 2 और शंकरन की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा, वह टेस्ट और अधीरष्टसाली जैसे तमिल प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगे। आर माधवन का यह सफर उन्हें दर्शकों के दिलों में और भी खास बनाता है, और उनके आगामी प्रोजेक्ट्स का इंतजार फैन्स बेसब्री से कर रहे हैं। बता दें कि आर माधवन अपनी ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन शख्सियत के लिए उतने ही प्रसिद्ध हैं। उनके शानदार फ़िल्मोग्राफी और लगातार सफलताओं ने उन्हें हिंदी सिनेमा में एक महत्वपूर्ण अभिनेता का दर्जा दिलाया है।

# रजनीकांत की फिल्म 'वेट्टैयन' ने पहले वीकेंड पर 81 करोड़ की कमाई की

दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म 'वेट्टैयन' ने अपने पहले वीकेंड में तीन दिनों में भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म 'वेट्टैयन' में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आयी है। इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'वेट्टैयन' ने रिलीज के पहले दिन 31.7 करोड़, दूसरे दिन 24 करोड़ और तीसरे दिन 26.1 करोड़ रूपये की कमाई की है। इस इस फिल्म ने भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।



# सलमान खान ने रद्द की 'बिग बॉस 18' की शूटिंग

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने राजनेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की खबर के बाद अपने रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' की शूटिंग रद्द कर दी है। एनसीपी, अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात गोली मार कर हत्या कर दी गई। गोलीबारी की घटना बाबा के बेटे जीशान के कार्यालय के बाहर हुई। जीशान का ऑफिस बांद्रा इलाके के निर्मल नगर स्थित कोलगेट मैदान के पास है। खबरों के मुताबिक, सलमान ने शनिवार को 'बिग बॉस' की शूटिंग रद्द कर दी और अपने शो के सेट से मुंबई के लीलावती अस्पताल पहुंचे। इस बीच, हत्या के बाद सलमान खान के आवास के बाहर सिक्युरिटी बढ़ा दी गई है। घर के बाहर किसी को ठहरने की इजाजत भी नहीं दी गई है। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में सुनने के बाद शनिवार की देर रात लीलावती अस्पताल पहुंचे। सलमान और बाबा सिद्दीकी करीबी दोस्त थे क्योंकि राजनेता उसी निर्वाचन क्षेत्र से आते थे जहां सलमान रहते हैं। बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी को हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में से एक माना जाता था। इसमें फिल्म जगत के नामचीन लोग शामिल होते थे। 2013 में बाबा सिद्दीकी की इफ्तार पार्टी ने बॉलीवुड के दो सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान के बीच लंबे समय से चले आ रहे झगड़े को खत्म किया गया था। सालों तक चले इस झगड़े ने पूरे बॉलीवुड को दो खेमों में बांट दिया था। बाबा सिद्दीकी की पार्टी में दोनों ने गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी थी, जिससे इंडस्ट्री में राहत की सांस ली थी और दोनों खेमों के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा मिला था। पुलिस विभाग के सूत्रों के अनुसार एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की बर्खास्तगी से जुड़े दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।



# भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने कमाल की हलचल मचाई

बालीवुड फिल्म भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने कमाल की हलचल मचाई है। इसके ट्रेलर को मात्र 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा बार देखा गया है, जिससे यह अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्रेलर बन गया है। फिल्म का नया ट्रेलर दर्शकों को चौंका देने में सफल रहा है, और यह साबित कर दिया है कि यह फिल्म इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। डायरेक्टर अनीश बज्मी ने फिल्म के लिए दो अलग-अलग एंडिंग शूट की हैं, और कास्ट को खुद नहीं पता कि कौन सी एंडिंग का चयन किया जाएगा। एक हालिया इंटरव्यू में अनीश ने कहा, लोग सरप्राइज हो जाएंगे और सोचेंगे, ओ माय गॉड! हमने एक अच्छी और खूबसूरत फिल्म बनाने की कोशिश की है। ट्रेलर में कार्तिक आर्यन को रूह बाबा के रूप में वापस दिखाया गया है, जिसमें विद्या बालन भी ओजी मंजुलिका के रूप में शामिल हैं। फिल्म की कास्ट में त्रिप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित, राजपाल यादव और अन्य कलाकार भी हैं। अनीश ने बताया कि कास्ट ने केवल प्री-क्लाइमेक्स तक ही फिल्म देखी है, और असल एंडिंग के बारे में केवल वे और टीम के तीन अन्य सदस्य जानते हैं। अनीश बज्मी ने स्क्रिप्ट के आखिरी 15 पन्ने भी एक्टर्स को नहीं दिए, ताकि रहस्य बनाए रखा जा सके। उन्होंने बताया कि दोनों एंडिंग को शूट करते समय केवल क्रू के एक छोटे ग्रुप को ही सेट पर रहने की इजाजत दी गई थी। यह फिल्म अनीश बज्मी द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार द्वारा प्रोड्यूस की गई है, और यह बॉलीवुड की पसंदीदा हॉरर-कॉमेडी सीरीज़ की विरासत को आगे बढ़ाने का काम करेगी। दर्शक इस हॉरर और ह्यूमर से भरी फिल्म के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि भूल भुलैया 3 इस दिवाली, 1 नवंबर 2024 को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। और भी रोमांचक अपडेट के लिए जुड़े रहें। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन फिर से रूह बाबा का किरदार निभाएंगे, जबकि विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगी।

